नई दिल्ली
गुरुवार, 19 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 65
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 32
न्यून. 27
हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली आधिकारिक यात्रा

# क्रोएशिया की राजधानी जाग्रेब पहुंचे पीएम मोदी



मोदी की तीन देशों की यात्रा का यह अंतिम पड़ाव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को क्रोएशिया की राजधानी जाग्रेब पहुंचे, यह यात्रा किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस यूरोपीय देश में पहली आधिकारिक यात्रा है। जाग्रेब, प्रधानमंत्री मोदी की तीन देशों की यात्रा का अंतिम पड़ाव है, जिसमें साइप्रस की यात्रा भी शामिल थी और इसके बाद वह मंगलवार को कनाडा के कनानास्किस में जी 7 शिखर सम्मेलन में भी भाग लिया। यात्रा से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं क्रोएशिया गणराज्य की अपनी यात्रा और राष्ट्रपति जोरान मिलानोविच तथा प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के साथ बैठकों की प्रतीक्षा कर रहा हूं। भारत ▸▸ शेष पेज 7 पर


- भारत और क्रोएशिया व्यापार, निवेश, रक्षा, कृषि जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे

जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिटेन और जर्मनी समेत दुनिया के कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों से मिले पीएम मोदी

# अहमदाबाद विमान हादसे के बाद पहली बार हुई भारत-ब्रिटेन के प्रधानमंत्रियों की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

गुजरात के अहमदाबाद में हाल ही में हुए अत्यंत दर्दनाक एयर इंडिया विमान हादसे के बाद कनाडा के कनानसकीस में आयोजित किए गए जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत और ब्रिटेन के प्रधानमंत्रियों की एक महत्वपूर्ण मुलाकात हुई। पीएम मोदी ने एक्स पर इसके बारे में बताते हुए लिखा, बीते 17 जून को कनानसकीस में 51वें जी-7 शिखर सम्मेलन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ बातचीत की। दोनों देशों के संबंध मजबूत हो रहे हैं। जो कि व्यापार और वाणिज्य में हमारी प्रगति से झलकता है। प्रधानमंत्री स्टार्मर के साथ अपनी बातचीत को पीएम मोदी ने असाधारण बताया। यहां बता दें कि एयर इंडिया का यह विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। लेकिन तभी रनवे से उड़ान भरने के चंद मिनटों के भीतर ही यह हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना के वक्त विमान में सवार कुल 242 में 241 लोगों की दुखद मौत हो गई थी। जबकि एक व्यक्ति ही इसमें जीवित बचा है। हादसे में ब्रिटेन के 53 नागरिक भी मारे गए। विमान में ब्रिटेन के अलावा पुर्तगाल के 7 और कनाडा का 1 नागरिक भी शामिल है। जिसकी मौत हुई है।



**मजबूत हो रहे भारत-ब्रिटेन के रिश्ते**

प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में ये भी कहा कि भारत और ब्रिटेन के ▸▸ शेष पेज 7 पर

## जर्मनी के चांसलर से मिले पीएम




प्रधानमंत्री की जर्मनी के नवनिर्वाचित चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से भी मुलाकात हुई। इसी साल मई में पदभार ग्रहण करने के बाद हुई दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात थी। जिसमें दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों में निरंतर गति पर प्रसन्नता जताई और व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, सतत विकास साझेदारी, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, मोबिलिटी के क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। पीएम मोदी और चांसलर मर्ज ने माना कि आतंकवाद दुनिया में शांति, स्थिरता के लिए बड़ा खतरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की कार्रवाईयों के लिए जर्मनी की एकजुटता और समर्थन के लिए चांसलर मर्ज को धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान ▸▸ शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 6.5% से ज्यादा रहेगी भारत की जीडीपी ग्रोथ




नई दिल्ली। प्रमुख रेटिंग एजेंसी आईसीआरए ने अपने ताजा अनुमान में कहा है कि 2025-26 वित्त वर्ष में भारत की असली सकल घरेलू उत्पाद बढ़ोतरी 6.5 प्रतिशत से अधिक रह सकती है। वहीं, सकल मूल्य वर्धन की बढ़ोतरी 6.3 प्रतिशत से ऊपर रहने की संभावना जताई गई है। बताया कि ग्रामीण मांग मजबूत बनी रहेगी।

### फिर टल गई शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा



नई दिल्ली। भारत के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को स्पेस में ले जाने के लिए तैयार एक्सियॉम मिशन-4 की लॉन्चिंग को एक बार फिर स्थगित कर दिया गया है। अब यह मिशन 22 जून को लॉन्च किया जाएगा। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने बताया कि यह निर्णय अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में मरम्मत कार्यों के कारण लिया।

### टी 20 वर्ल्ड कप के शेड्यूल का ऐलान



नई दिल्ली। आईसीसी की ओर से टी20 वर्ल्ड कप के शेड्यूल का ऐलान कर दिया गया है। ये वर्ल्ड कप अगले साल होगा। शेड्यूल आने के साथ ही ये भी तय हो गया है कि किस टीम को किस ग्रुप में रखा गया है। खास बात ये है कि भारत और पाकिस्तान को फिर से एक ही ग्रुप में जगह दी गई है। इन दोनों टीमों के बीच महामुकाबला कब होगा, इसकी भी तारीख सामने आ गई है।

बोले पीएम, भारत ने न तो कभी मध्यस्थता स्वीकार की थी, न करता है और न ही कभी करेगा

# प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत में सिरे से खारिज किया 'अमेरिकी मध्यस्थता' का दावा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

आखिरकार वो घड़ी आ ही गई...जिसका देश-दुनिया में हर खासोआम को बेसब्री से इंतजार था। कनाडा के कनानसकीस में बुधवार को जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई। जिसमें भारत के प्रधानमंत्री ने दो टूक अंदाज में अमेरिका के राष्ट्रपति के ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य कार्रवाई को 10 मई 2025 को रुकवाने के लिए किए गए संघर्षविराम में अमेरिका यानी राष्ट्रपति ट्रंप की मध्यस्थता की किसी भी भूमिका को सिरे से खारिज कर दिया। कुल 35 मिनट तक चली इस वार्ता में पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि भारत ने न तो कभी मध्यस्थता स्वीकार की थी, न करता है और न ही कभी करेगा। हमारे देश में मामले पर पूर्ण रूप से राजनीतिक एकमत है। उन्होंने कहा, इस पूरे घटनाक्रम के दौरान कभी भी किसी भी स्तर पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और अमेरिका द्वारा भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता ▸▸ शेष पेज 7 पर

भारत-पाकिस्तान की सेनाओं के बीच बातचीत से हुआ संघर्षविराम, अमेरिका की कोई भूमिका नहीं

राष्ट्रपति ट्रंप ने स्वीकारा पीएम मोदी का क्वाड सम्मेलन में भाग लेने के लिए दिया गया भारत यात्रा का न्योता

कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर, भारत-अमेरिका के राष्ट्राध्यक्षों की टेलीफोन पर हुई बातचीत



## ट्रंप ने कई बार किया मध्यस्थता का दावा

*गौरतलब है कि 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले (26 लोग मारे गए) के जवाब में 7 मई को की गई भारत की जवाबी कार्रवाई के साथ भारत, पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष को 10 मई को रोकने के लिए किए गए संघर्षविराम को अमेरिका की मध्यस्थता का परिणाम बताते हुए इसकी सबसे पहले घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ही अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट के जरिए की थी। जिसके बाद ये मामला आज तक घरेलू, अंतरराष्ट्रीय मीडिया की सुर्खियों में बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा था कि भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) की फोन पर हुई बातचीत के बाद संघर्षविराम किया गया है। जो कि 10 मई की शाम 5 बजे से लागू रहेगा। भारत से इसके लिए पाकिस्तान ने अनुरोध किया था। लेकिन इसके बाद भी अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं रुके और उन्होंने कई मौकों पर अपने देश में और उसके बाहर भी भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम में अपने द्वारा मध्यस्थता किए जाने का बढ़-चढ़कर जिक्र किया। जिसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने टेलीफोन पर हुई बातचीत में स्थिति को पूरी तरह से साफ कर दिया है। पीएम से पहले विदेश मंत्री भी इस विषय पर मजबूती के साथ भारत के रुख को साफ कर चुके हैं।*

## मोदी ने नहीं स्वीकारा अमेरिका यात्रा का न्योता

*विदेश सचिव ने बताया, पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच जी-7 सम्मेलन से इतर एक मुलाकात तय की गई थी। लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के जल्दी अमेरिका वापस लौटने की वजह से यह नहीं हो पाई। लेकिन फिर अमेरिकी राष्ट्रपति के आग्रह पर टेलीफोन पर यह बातचीत हुई है। जिसमें ट्रंप ने मोदी को कनाडा से वापसी में अमेरिका रुककर जाने का आग्रह किया था। लेकिन अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों की वजह से प्रधानमंत्री ने इसके लिए अपनी असमर्थता जताई। दोनों नेताओं ने हालांकि ये तय किया कि वे निकट भविष्य में मिलने का प्रयास करेंगे। पहलगाम हमले वाले दिन अमेरिका के राष्ट्रपति ने फोन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत में शोक संवेदनाएं प्रकट की थी और आतंकवाद के खिलाफ अपना समर्थन प्रदान किया था। उसके बाद यह पहला मौका है। जब दोनों नेताओं ने आपस में चर्चा की है।*

## इजरायल-ईरान संघर्ष पर हुई बात

*मिस्री ने कहा कि दोनों नेताओं की बातचीत में इजरायल-ईरान और रूस-यूक्रेन संघर्ष का मुद्दा भी शामिल हुआ। रूस-यूक्रेन संघर्ष को लेकर दोनों ने सहमति जताई कि जल्द से जल्द शांति के लिए दोनों पक्षों में सीधी वार्ता आवश्यक है। जिसके लिए प्रयास करते रहना चाहिए। हिंद-प्रशांत क्षेत्र के संबंध में राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी ने अपने विचार साझा किए। साथ ही क्षेत्र में क्वाड की अहम भूमिका के प्रति समर्थन जताया। क्वाड की अगली बैठक के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को भारत यात्रा का निमंत्रण दिया। जिसे डोनाल्ड ट्रंप ने स्वीकार करते हुए भारत आने के लिए अपनी उत्सुकता जताई।*

## पाक की गोली का गोले से देंगे जवाब

*प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति से ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि 22 अप्रैल के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का अपना दृढ़ संकल्प पूरी दुनिया को बता दिया था। 6-7 मई की रात भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) केवल आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया था। इस दौरान भारत की कार्रवाई बेहद स्पष्ट, नपी-तुली हुई और गैर-आक्रामक थी। हमने ये भी स्पष्ट कर दिया था कि पाकिस्तान की गोली का जवाब भारत गोले से देगा। दोनों देशों के बीच संघर्षविराम से पहले 9 मई की रात को अमेरिका के उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया था। जिसमें वेंस ने कहा था कि पाकिस्तान भारत पर बड़ा हमला कर सकता है। जिसके जवाब में प्रधानमंत्री ने अमेरिकी उप-राष्ट्रपति को ये साफ कर दिया था कि अगर ऐसा होता है तो भारत, पाकिस्तान को उससे भी बड़ा जवाब देगा। उन्होंने कहा कि 9-10 मई की रात को पाकिस्तानी हमले का भारत ने बहुत सशक्त जवाब दिया। जिसमें पाक सेना को काफी नुकसान पहुंचाया। उसके सैन्य एयरबेसों को निष्क्रिय कर दिया गया। भारत के इस मुंहतोड़ जवाब के कारण पाकिस्तान को भारत से सैन्य कार्रवाई को रोकने का आग्रह करना पड़ा।*

राजा हत्याकांड में नया मोड़, संजय वर्मा की एंट्री से गहराया रहस्य

# सोनम से 8 अप्रैल तक 234 बार बात, शिलांग पुलिस इंदौर पहुंची

क्या राज के लिए संजय के नाम से सिम ली गई थी, क्योंकि वह सिम बंद है

- *क्या वाकई कोई संजय है, जो सोनम का प्रेमी है और राज इसमें सिर्फ एक किरदार*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में एक नया और सनसनीखेज खुलासा हुआ है। मेघालय पुलिस की जांच में एक नए किरदार संजय वर्मा का नाम सामने आया है, जिसने इस मामले को और पेचीदा बना दिया है। मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी के कॉल रिकॉर्ड्स से पता चला है कि उसने हत्या से पहले संजय वर्मा से लगातार संपर्क किया था। 1 मार्च से 25 मार्च के बीच सोनम ने संजय वर्मा को 112 बार फोन किया, यानी हर दिन औसतन 4-5 बार बातचीत हुई। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि 8 अप्रैल तक दोनों के बीच 234 बार बात हुई थी। संजय का नंबर सोनम के फोन में 'होटल' नाम से सेव था, और हत्या के बाद से उसका फोन बंद है। पुलिस को शक है कि संजय वर्मा इस हत्याकांड में अहम भूमिका निभा सकता है। संजय वर्मा की असल पहचान अभी तक रहस्य बनी हुई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि क्या वह सोनम का सहयोगी था, या हत्या की साजिश का मास्टरमाइंड। या फिर राज के ▸▸ शेष पेज 7 पर




फास्टैग को लेकर केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का बड़ा ऐलान

# 3000 का वार्षिक पास लाएगी सरकार, 15 अगस्त से प्रभावी

- पास विशेष रूप से गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों के लिए
- यह एक साल या 200 यात्राओं तक के लिए वैध रहेगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली





केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार 15 अगस्त से निजी वाहनों के लिए 3,000 रुपए का फास्टैग आधारित वार्षिक पास शुरू करेगी। पास विशेष रूप से गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों के लिए तैयार किया गया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि वार्षिक पास पूरे देश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध और लागत प्रभावी यात्रा प्रदान करने में मदद करेगा। यह एक्टिव होने की तारीख से एक साल या 200 यात्राओं तक के लिए वैध रहेगा। सक्रिय होने की तारीख से एक साल या 200 यात्रा, में से जो भी पहले होगा, तब तक यह मान्य होगा। यह पास विशेष रूप से गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए डिजाइन किया गया है।

### एप और वेबसाइट पर अलग लिंक उपलब्ध कराया जाएगा

*उन्होंने एक्स पर आगे लिखा कि वार्षिक पास को सक्रिय करने, नवीनीकरण के लिए जल्द ही राजमार्ग यात्रा एप और एनएचएआई या एमओआरटीएच की वेबसाइट्स पर एक अलग लिंक उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल और सुगम होगी। यह नीति 60 किलोमीटर की सीमा के भीतर स्थित टोल प्लाजा के बारे में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को संबोधित करती है और एक ही सुलभ लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सहज बनाएगी।*

बाली के पास ज्वालामुखी विस्फोट

बुधवार को भी दो बड़ी घटनाएं

# एयर इंडिया की फ्लाइट दिल्ली लौटी नहीं खुला इंडिगो के विमान का गेट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली से बाली के लिए रवाना हुई एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2145 गंतव्य एयरपोर्ट के पास ज्वालामुखी विस्फोट के कारण दिल्ली लौट गई।

फ्लाइट की दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंडिंग हो गई और सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतार लिया गया। कंपनी के अनुसार एयरलाइन की ओर से यात्रियों को टिकट रद्द करने पर पूर्ण रिफंड या उनकी पसंद पर मुफ्त में उड़ान पुनर्निर्धारण की भी पेशकश की गई है।



### आधे घंटे तक फंसे रहे पूर्व सीएम

रायपुर। रायपुर एयरपोर्ट पर मंगलवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दिल्ली से आई इंडिगो की फ्लाइट 6ई 6312 का मुख्य दरवाजा तकनीकी खराबी के चलते नहीं खुल पाया। यह फ्लाइट दोपहर 2:25 बजे वीर नारायण अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर लैंड हुई थी। फ्लाइट में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक चतुरी नंद और रायपुर की मेयर मीनल चौबे समेत दर्जनों यात्री सवार थे। यात्रियों को करीब 30 मिनट तक फ्लाइट के अंदर ही इंतजार करना पड़ा।

'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान'

550 जिलों में 65 हजार आदिवासी बहुल गांवों में आदिवासी कल्याण योजनाएं होंगी लागू

# आदिवासी उत्थान में जुटी मोदी सरकार, योजनाएं दरवाजे तक पहुंचे उसका फार्मूला हो गया है तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' के तहत देश के लगभग 550 जिलों में 65 हजार आदिवासी बहुल गांवों में आदिवासी कल्याण योजनाओं को लागू करने की योजना बनाई है। इस अभियान पर 80 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाने की व्यवस्था की गई है। देश के आदिवासी समुदायों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक उत्थान के लिए शुरू होने वाली योजना से समाज के निचले पायदान पर खड़े लोगों को विकास की मूलधारा के साथ जोड़ा जा सकेगा। अभियान का मुख्य लक्ष्य आदिवासी बहुल क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से समग्र विकास करना है। योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए जिला पंचायतों और आदिवासी विकास विभागों को जिम्मेदारी दी गई है। ▸▸ शेष पेज 7 पर



### विद्यार्थी कल्याण योजना के तहत 10 हजार रुपये की सहायता

*अनुसूचित जनजाति प्रशिक्षण (कोचिंग) योजना का उद्देश्य आदिवासी छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना है। विद्यार्थी कल्याण योजना कक्षा 1 से 12 तक और कॉलेज में पढ़ने वाले आदिवासी छात्रों को आकस्मिक जरूरतों के लिए 1,000 से 10,000 रुपये तक की सहायता दी जाती है। आदिवासी विद्यार्थियों के लिए कक्षा 5 और 8 में 45 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले आदिवासी छात्रों को प्रावीण्य छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है, जो हाई स्कूल तक जारी रहती है। सत्ता प्रतिष्ठान से जुडे सूत्रों ने बताया कि कई आदिवासी क्षेत्रों में योजनाओं की जानकारी नहीं पहुंच पाती, जिसके कारण लाभार्थियों तक लाभ नहीं पहुंचता। कुछ क्षेत्रों में अधिकारियों द्वारा आवेदनों को टालने या प्रक्रिया में देरी की* ▸▸ शेष पेज 7 पर



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# ई- पंजीयन

## से अब बेहद आसान है भूमि रजिस्ट्री की प्रक्रिया



- सुगम मोबाईल एप
- PAN व आधार इंटीग्रेशन
- स्टांप वेंडर तक पहुंच आसान
- जिओ रेफरेंसिंग प्रणाली
- My Deed माड्यूल

हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें

(अधिक जानकारी के लिए
https://industries.cg.gov.in पर विजिट करें)

सुशासन से समृद्धि की ओर

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसंपर्क




## खबर संक्षेप

### औद्योगिक क्षेत्रों में अतिक्रमण के विरुद्ध चलाया जाएगा अभियान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्रों में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा ताकि इससे होने वाली परेशानियों से निजात मिल सके। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा के साथ बुधवार को दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर में आल इंडिया फेडरेशन ऑफ प्लास्टिक इंडस्ट्रीज (एआईएफपीई) के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद यह बाते कही। बता दें कि प्रतिनिधिमंडल ने महापौर से औद्योगिक क्षेत्र में पार्कों के लिए चिह्नित भूमि पर वृक्षारोपण कर पार्कों को विकसित करने के लिए निवेदन किया जिसके संदर्भ में महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि इसके लिए संबंधित विभाग एवं अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाएंगे। महापौर राजा इकबाल सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को सुना एवं उनका जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 पर एनडीएमसी करेगी भव्य आयोजन

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईवाईडी) 2025 का आयोजन 21 जून 2025 को एनडीएमसी क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित स्थलों पर करेगी। इस कार्यक्रम में नागरिकों, रेजिडेंट्स, मार्केट एसोसिएशनों और योग संगठनों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बुधवार को यह जानकारी दी। चहल ने बताया कि यह पहल विकसित भारत /2047 के विज़न को साकार करने की दिशा में एनडीएमसी के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है, जिसमें "स्वास्थ्य पहले" को किसी भी राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति का आधार माना गया है। उन्होंने कहा कि योग और स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करके एनडीएमसी एक स्वस्थ, जागरूक और सशक्त नागरिक समाज की नींव को मजबूत कर रही है।

### दिल्ली मेट्रो ने 327 स्थानों से पोस्टर-बैनर हटाए, 53 के खिलाफ कराई एफआईआर

# मेट्रो राजधानी की शान है, इसे स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना हमारा कर्तव्य : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर पूरे दिल्ली में सार्वजनिक सम्पत्ति से बैनर और पोस्टर हटाने के अभियान ने जोर पकड़ लिया है। इसी कड़ी में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने मेट्रो की दीवारों और संरचनाओं को पोस्टर, बैनर और ग्रैफिटी से नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 53 व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ उनके पंजीकृत मोबाइल नंबरों के साथ एफआईआर दर्ज की है। वहीं दिल्ली मेट्रो के द्वारा अब तक 327 स्थानों से अवैध रूप से लगाए गए पोस्टर और बैनर हटाए जा चुके हैं। यह अभियान राजधानी को स्वच्छ, सुंदर और गरिमामयी स्वरूप देने की दिशा में एक अहम कदम है। दिल्ली मेट्रो के द्वारा जारी की गईं जानकारी के अनुसार, मेट्रो की दीवारों पर अनधिकृत पोस्टर और ग्रैफिटी हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है। इस कार्य में शामिल होने वाले ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए गए हैं




कि वे प्रभावित क्षेत्रों को तुरंत साफ करें और दीवारों को उनकी मूल स्थिति में लाएं। इसके अतिरिक्त दिल्ली मेट्रो द्वारा जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ एंटी डिफेसमेंट एक्ट,2007 के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए दिल्ली मेट्रो ने एक विशेष निगरानी टीम का गठन किया है, जो मेट्रो स्टेशनों और अन्य संरचनाओं पर नजर रख रही हैं। दिल्ली मेट्रो ने यह भी सुनिश्चित किया है कि सफाई के बाद मेट्रो की दीवारों को विशेष एंटी-कार्बोनेशन पेंट से रंगा जाएगा, ताकि भविष्य में नुकसान को कम किया जा सके। इसके साथ ही, कुछ स्टेशनों पर दीवारों को आकर्षक डिजाइनों से सजाने की योजना भी बनाई जा रही है, ताकि मेट्रो का सौंदर्य और बढ़े।

#### सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध पोस्टर लगाने के खिलाफ अपनाई जाएगी जीरो टॉलरेंस की नीति

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली मेट्रो हमारी राजधानी की शान है। इसे स्वच्छ और सुंदर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। दिल्ली मेट्रो द्वारा उठाया गया यह कदम न केवल मेट्रो की सुंदरता को बनाए रखेगा, बल्कि लोगों में जागरूकता भी लाएगा कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना स्वीकार्य नहीं है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध पोस्टर और बैनर लगाने, कचरा और मलबा फैलाने के खिलाफ अब जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। हर विभाग, हर अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को लेकर जवाबदेह होगा, और समन्वय के साथ दिल्ली को स्वच्छ व सुंदर बनाने का यह अभियान पूरी ताकत से आगे बढ़ाया जाएगा। पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, एनडीएमसी और अन्य विभागों के अधिकारी अब यह नहीं कह सकेंगे कि यह किसी दूसरे विभाग का काम है। अब हर स्तर पर साझा जिम्मेदारी तय की गई है।

#### सीएम ने दिल्ली के नागरिकों से की मेट्रो की संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने की अपील

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम चाहते हैं कि दिल्ली मेट्रो न केवल एक परिवहन का साधन हो, बल्कि एक ऐसी जगह भी हो जहां लोग सुंदरता और स्वच्छता का अनुभव करें। इसके लिए सरकार हर संभव कदम उठा रही हैं। मुख्यमंत्री ने दिल्ली के नागरिकों से अपील की है कि वे मेट्रो की संपत्ति को नुकसान न पहुंचाएं और इस अभियान में सरकार का सहयोग करें। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली हम सबकी है, और इसे स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना हमारी साझा जिम्मेदारी है। और आगे भी इस तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेंगी।

### डीयू के प्रो. श्री प्रकाश सिंह बने गढ़वाल यूनिवर्सिटी के कुलपति

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. श्री प्रकाश सिंह को भारत की राष्ट्रपति द्वारा हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय गढ़वाल (उत्तराखंड) का कुलपति नियुक्त किया गया है। प्रो. श्री प्रकाश सिंह वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर के निदेशक का पदभार संभाल रहे हैं। डीयू प्रशासन ने बुधवार को यह जानकारी दी है और बताया कि उनकी नियुक्ति पर डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह, डीन ऑफ कॉलेजेज़ प्रो. बलराम पाणी, रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता और कल्चर काउंसिल के चेयरपर्सन अनूप लाठर सहित सभी ने खुशी व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आभार व्यक्त किया। उनकी कुलपति के रूप में नियुक्ति से दिल्ली विश्वविद्यालय में खुशी की लहर है। प्रो. श्री प्रकाश सिंह ने एमए, एमफिल और पीएचडी की शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय से ही प्राप्त की है। 17 दिसंबर 2021 से वह दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर के निदेशक पद पर कार्य कर रहे हैं।

## 'हमारी सरकार योग को दिल्ली की हर गली तक ले जाएगी'

### *मुख्यमंत्री ने महर्षि आयुर्वेद अस्पताल में 'सोमा-द आयुर्वेदिक किचन' का किया उद्घाटन*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हमारी सरकार योग को राजनीतिक चश्मे से नहीं, सांस्कृतिक धरोहर और स्वास्थ्य के स्तंभ के रूप में देख रही है। जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को विश्व मंच पर पहुंचाया है, अब हमारी सरकार इसे दिल्ली की हर गली तक ले जाएगी।

यह बातें बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग स्थित महर्षि आयुर्वेद अस्पताल में 'सोमा-द आयुर्वेदिक किचन' का



उद्घाटन करने के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली सरकार पहली बार 11 अलग-अलग स्थानों पर बड़े स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने बताया कि आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वे खुद यमुना तट पर योग कार्यक्रम में भाग लेंगी और वहीं से दिल्लीवासियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत और जीवनशैली को अपनाने का संदेश देंगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि योग को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में उनका अहम योगदान रहा है। आज जब दुनिया के हर कोने में लोग योग दिवस मना रहे हैं तो यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने दुख जताया कि पिछली सरकार योग को राजनीतिक चश्मे से देखती रही, लेकिन अब दिल्ली में जनता की सरकार है, तो योग को एक सांस्कृतिक और स्वास्थ्य संबंधी अभियान के रूप में अपनाया गया है।

उन्होंने कहा कि योग सिर्फ एक शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि भारतीय दर्शन, आध्यात्म और संतुलित जीवन की कला है, और इसे हर भारतीय को अपनाना चाहिए।

### दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराने की तैयारी पूरी, बस उपयुक्त बादलों का इंतजार : सिरसा

नई दिल्ली। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए दिल्ली सरकार ने दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराने के पायलट प्रोजेक्ट की तैयारी पूरी कर ली है अब बस मौसम के अनुकूल उपयुक्त बादलों का इंतजार है। जैसे ही सही बादल नजर आएंगे, कृत्रिम बारिश कराने का अभियान शुरू हो जाएगा। इस बात की जानकारी बुधवार को दिल्ली के पर्यावरण विभाग मंत्र मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी। मंत्री सिरसा ने बताया कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कृत्रिम बारिश कराने की परियोजना को मौसम संबंधी मंजूरी दे दी है और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कृत्रिम बारिश की संभावना की पुष्टि की है। प्रदूषण के नियंत्रण के लिए यह पायलट प्रोजेक्ट आईआईटी कानपुर के सहयोग से शुरू किया जाएगा जो साइंटिफिक और तकनीकी संचालन का नेतृत्व करेगा। मंत्री सिरसा ने कहा कि स्वच्छ हवा सभी का अधिकार है, एंटी स्मॉग गन, स्प्रिंकलर, और निर्माण स्थलों पर धूल रोकने के कड़े नियमों से लेकर अब आसमान तक, हम दिल्ली की हवा को साफ करने की दिशा में हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

## सिसोदिया एवं जैन को अब जाना होगा जेल : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के पूर्व उपमंख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं मंत्री सत्येंद्र जैन को अब समझना चाहिए कि अब वह कुछ भी कर लें कानून के हाथ अब उनके गिरेबान तक पहुंच चुके हैं और शीघ्र उन्हे जेल जाना होगा। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा है



कि अरविंद केजरीवाल सरकार के दौरान सरकारी स्कूलों में क्लास रूम निर्माण की आड़ में हुए बड़े

- अरविंद केजरीवाल सरकार के दौरान सरकारी स्कूलों में क्लास रूम निर्माण की आड़ में हुए बड़े घोटाले

घोटाले की जांच अब अपने निर्णयक दौर में पहुंच रही है और उसी जांच प्रक्रिया के अंतर्गत सम्भवतः आज ई.डी. ने विभिन्न ठेकेदारों एवं सम्बंधित अधिकारियों आदि के 37 ठिकानों पर रेड़ की है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि स्कूल रूम घोटाला एक स्थापित घोटाला है जिसकी शिकायत दिल्ली भाजपा के नेताओं ने लोकायुक्त एवं ए.सी.बी. में की और जिसकी जांच लम्बे समय से जारी थी लेकिन केजरीवाल सरकार के दबाव में शिक्षा एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी जांच एजेंसी को मांगी जानकारी उपलब्ध नहीं करते थे।

## सरकारी अस्पतालों में नहीं होगी दवाओं की कमी: पंकज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- स्वास्थ्य मंत्री ने दिल्ली स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सचिवालय में की बैठक

दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में अब दवाओं की कोई कमी नहीं होगी। बुधवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने सचिवालय में दिल्ली स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने दिल्ली सरकार के सभी सरकारी अस्पतालों में सभी तरह की जरूरी दवाओं की खरीद करने, उपलब्धता सुनिश्चित करने और आपूर्ति को कायम रखने के सख्त निर्देश भी दिए हैं। मानसून के सीजन को देखते हुए मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी सूरत में सरकारी अस्पताल में गुणवत्तापूर्ण दवाओं की कमी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली के किसी भी सरकारी अस्पताल में इमरजेंसी दवाओं की कोई कमी न हो, जिसके लिए प्रोक्योरमेंट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इसके लिए उन्होंने सभी जरूरी प्रक्रिया को समयबद्ध पूरी करने के सख्त निर्देश भी दिए। वहीं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने महत्वपूर्ण बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सरकारी अस्पतालों में हॉस्पिटल इंफॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम (एचआईएमएस) के तहत रजिस्ट्रेशन की निर्धारित प्रक्रिया का जल्द से जल्द पालन किया जाए। ताकि लोगों को पंजीकरण कराने के बाद अस्पताल पहुंचने पर किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो सके।

### सिल्ट बन रही परेशानी का सबब

# दिल्ली में नालों की हो रही है सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में मानसून को लेकर दिल्ली नगर निगम ने बड़े बड़े दावे किए हैं और उच्चस्तरीय बैठकों में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की बात भी कही हैं लेकिन मंगलवार को करीब तीस से चालीस मिनट की बारिश ने ही जगह जगह दिल्ली नगर निगम के दावों की पोल खोल कर रख दी है। वहीं, इसका कारण बताया जा रहा है कि सफाई के बाद सिल्ट को समय रहते नहीं उठाया गया और बारिश होते ही सिल्ट बहकर वापस नालियों व नालों में चली गई और इसके चलते नालों से जल की निकासी उचित तरीके से नहीं हो सकी। पंजाबी बाग इलाके के ट्रांसपोर्ट सेंटर में करीब एक फुट तक पानी जमा हो गया और



लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, दूसरी तरफ दिल्ली नगर निगम के सिविल लाइन जोन स्थित आदर्श नगर इलाके में नालों से निकाली गई सिल्ट के हालात भी पंजाबी बाग की तरह ही रहे। वहीं, बुधवार को भी कई इलाकों में अंडरपास और सड़कों के किनारों से सिल्ट उठाते हुए नजर आए।

### डीयू में प्रवेश ले रहे छात्रों के लिए एबीवीपी ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

नई दिल्ली। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) के माध्यम से दिल्ली विश्वविद्यालय में अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट-ग्रेजुएट कोर्सेज में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की सहायता के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश प्रक्रिया के दौरान कई बार छात्रों को तकनीकी या प्रक्रियागत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में एबीवीपी का यह प्रयास छात्रों को सटीक जानकारी और त्वरित समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। यह सेवा देशभर से डीयू में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है। एबीवीपी द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबरों में अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज के लिए 8595625995, 7011907899, 7011202614, और 6202127557 शामिल हैं, जबकि पोस्ट-ग्रेजुएट कोर्सेज के लिए 9667874087 और 9599869361 नंबर उपलब्ध कराए गए हैं। ये नंबर प्रवेश प्रक्रिया की शुरुआत से ही सक्रिय हैं और छात्र प्रतिदिन इन पर कॉल कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। परिषद के अनुभवी कार्यकर्ता छात्रों को कॉलेज चयन, दस्तावेज़ सत्यापन, कोर्स विकल्पों, आवेदन प्रक्रिया आदि से जुड़ी हर जिज्ञासा का समाधान प्रदान कर रहे हैं। एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि परिषद का उद्देश्य सिर्फ छात्र हित में कार्य करना ही नहीं, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से आश्वस्त करना भी है कि कठिन समय में कोई उनके साथ खड़ा है।

## खबर संक्षेप

### ठगों को बैंक खाता बेचने वाला आरोपी पकड़ा




**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर थाना पुलिस ने साइबर ठगों को बैंक खाता बेचने वाले एक आरोपी को पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार किया है। आरोपी वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से स्टॉक ट्रेडिंग में अच्छा मुनाफा कमाने का लालच देकर लोगों से रुपए निवेश कराते हैं। इन साइबर ठगों को आरोपी ने एक फीसदी कमीशन में अपना बैंक खाता बेचा था। साइबर क्राइम मानेसर थाना पुलिस में एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि साइबर ठगों ने व्हाट्सएप्स ग्रुप के माध्यम से स्टॉक ट्रेडिंग में निवेश करके मुनाफा कमाने का लालच दिया।

### तेज रफ्तार वाहन ने मजदूर को कुचला, मौत




**गुरुग्राम।** भौंडसी थाना एरिया में तेज रफ्तार वाहन ने एक मजदूर को कुचल दिया। हादसे में मजदूर की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे को अंजाम देकर चालक फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और चालक पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में छत्तीसगढ़ मूल के दुर्गेश पटेल ने कहा कि वह गुरुग्राम के गांव हरियाहेड़ा स्थित झुग्गी में रहता है। उसके पिता संतोष पटेल 16 जून की सुबह मजदूरी करने के लिए इफ्को चौक के निकट कंपनी में गए थे।

### महिला से बदसलूकी व कार में तोड़फोड़



**गुरुग्राम।** सेक्टर-56 एरिया में हुई रोडरेज में महिला की कार में टक्कर मारने के बाद तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-54 में रहने वाली निहारिका ने कहा कि वह बीती 10 जून को अपनी कार से किसी काम से जा रही थी। इसी दौरान रॉंग साइड से एक कार आई और उसकी कार को टच कर दिया। यही नहीं कार से उतरे चालक और एक व्यक्ति ने उसके साथ बदसलूकी की और महिला की कार का वाइवर तोड़ दिया। यही नहीं आरोपी महिला के कार का शीशा पीटते रहे।

# योग सीख कर लाभ उठाएं, शरीर को स्वस्थ बनाएं बीमारियों को दूर भगाएं: योगाचार्य आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गांव खेड़ी कलां फरीदाबाद की सीताराम पट्टी की जाट धर्मशाला में देव योग संस्थान बुखारपुर के योगाचार्य देवराज आर्य के सानिध्य में योग प्रशिक्षण शिविर एक सप्ताह के लिए लगाया गया है जो कि समाज कल्याण समिति सीताराम पट्टी खेड़ी कलां एवं चौधरी छोटू राम सेवा समिति खेड़ी कलां के सहयोग से लगाया गया है। यह प्रशिक्षण शिविर योग दिवस 21 जून तक चलेगा। इस शिविर में योग द्वारा किस तरह भयंकर बीमारी भी ठीक हो सकती हैं। यह भी बताया जा रहा है समाज कल्याण समिति के प्रधान कमल सिंह ने बताया कि हम कई बीमारियों के इलाज के लिए अस्पतालों में लाखों रुपए खर्च करते हैं और फिर भी बीमारी ठीक नहीं होती। दवाइयां लगातार लेनी पड़ती हैं। लेकिन निरंतर योग करने से बिना खर्च के बीमारी जड़ से खत्म हो जाती है बस आवश्यकता है आलस्य त्याग कर समय निकालकर योग करने की।

योगाचार्य देवराज आर्य ने बताया कि ब्लड प्रेशर हाई हो अथवा लो हो, पेट में पुरानी कब्ज हो, घुटनों में दर्द हो, मोटापा हो, मांसपेशियों में दर्द हो, अस्थमा हो, नजला हो, हार्ट समस्या आदि बीमारियों को निरंतर योग करने से जड़ से खत्म किया जा सकता है। कहते हैं करो योग रहो निरोग।

*योग दिवस 21 जून तक चलेगा शिविर, आलस्य त्याग समय निकाले*

*योग से पुरानी कब्ज, घुटनों के दर्द से मिलेगा छुटकारा*

## योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

### शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर योग का लाभ उठाने की अपील



*चौधरी छोटू राम सेवा समिति के प्रधान सत्यपाल नरवत ने लोगों से अपील की है इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर योग सीख कर लाभ उठाएं और शरीर को स्वस्थ बनाएं बीमारियों को दूर भगाएं तथा महंगे अस्पतालों में जाने से बचें। शिविर से लाभ प्राप्त करने व योग सिखने के लिए गांव से रणवीर सिंह, जगदीश, चंद्रसिंह, विजयपाल तेवतिया, गिर्राज, प्रभुदयाल शर्मा, रामवीर सिंह, नंदराम, अमर पंडित, प्रकाशचंद, महेंद्र, पंडित रामेश्वर, प्रियाव्रत, डा. ग्यासीराम, राजेंद्र सोलंकी, अशोक, महावीर, मास्टर वीरेंद्र, जितेंद्र नरवत अध्यक्ष इनेलो किसान सेल फरीदाबाद, धर्म आदि ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।*

## नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन की आयोजित बैठक में लिया गया निर्णय

# कर्मचारी 23 जून को खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री व 29 को स्थानीय शहरी निकाय मंत्री के निवास व कार्यालयों का करेंगे घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद




नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन ने कान्फ्रेंस हाल में एक बैठक आयोजित की। इस बैठक की अध्यक्षता सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर ने की तथा मंच का संचालन सचिव महेन्द्र कुड़िया ने किया।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान दलीप बोहत, जिला सचिव अनिल चिंडालिया व प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर ने कहा कि 8 फरवरी 2023 को हुए नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के समझौते के अनुसार हरियाणा प्रदेश के नगरपालिका व नगर निगमों में खाली पड़े हुए 4268 पदों को भरा जाए, लेकिन सरकार द्वारा जिले के उपायुक्तों व पालिकाओं के कार्यकारी अध्यक्षों को चेयरमैन नियुक्त किया था परंतु उपायुक्तों पर कार्य का अतिरिक्त भार होने के कारण वह अभी तक किसी भी कर्मचारियों को नियमित करने का कार्य नहीं कर पाए। इसलिए नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने बार-बार प्रदेश सरकार से अनुरोध करने के बावजूद अभी तक नगर निगम आयुक्त व नगरपालिका कार्यकारी अध्यक्ष को चेयरमैन नहीं बना पाए। जिसके चलते प्रदेश के सफाई कर्मचारी नियमित नहीं हो पाए, जिसके तहत प्रदेश के सफाई कर्मचारियों में सरकार के प्रति गहरा रोष है। अब यह कर्मचारी आगामी 23 जून को सुबह 9 बजे प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर के गांव भतौला स्थित निवास पर जाकर झाड़ू प्रदर्शन करते हुए थाली बजाकर सरकार को जगाने का काम करें। इसके बाद आगामी 29 जून को शहरी स्थानीय निकाय विभाग के मंत्री विपुल गोयल के सैक्टर-16 स्थित कार्यालय पर धरना देकर प्रदर्शन करते हुए मांग करेगें कि उपायुक्त को हटाकर नगर निगम आयुक्तों को चेयरमैन बनाकर कर्मचारियों को नियमित किया जाए। अगर इन मांगों को लागू नहीं किया गया तो आगामी 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन करते हुए सभी सफाई कर्मचारी हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होगें।

इस बैठक में अन्य के अलावा कर्मी नेता श्रीनंद ढकोलिया, जितेन्द्र छाबड़ा, रघुबीर चौटाला, प्रेमपाल, मुकेश बेनीवाल, दर्शन सिंह सोया, नैन सिंह, राकेश मेंडवाल, सुरेन्द्र चौटाला, अरूण सिंह, नरेश भगवाना, दान सिंह, विनोद उज्जनीवाल, देवा तमोली, लक्ष्मण पारछा, सुरजीत उज्जनीवाल, धर्म सिंह मुल्ला, महिला नेता शकुन्तला, सत्तो, राजवती, शीला सहित अन्य कर्मी नेता मौजूद रहे।

## शाहपुर बम्हैटा में जीडीए की बड़ी कार्रवाई

# 400 वर्ग मी. में बनी 18 अवैध दुकानों को 3 जेसीबी की मदद से किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए ने बुधवार को ग्राम शाहपुर बम्हैटा में जीडीए ने की अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। लगभग 400 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनाई गई 18 अवैध दुकानों को 3 जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया गया। वही प्रभारी प्रवर्तन जोन-5 के नेतृत्व में लीला धर आदि द्वारा खसरा संख्या 735,736 ग्राम शाहपुर बम्हैटा गाजियाबाद में लगभग 400 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनाई गई 18 अवैध दुकानों को 3 जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया गया। कार्रवाई में प्रवर्तन जोन 5 का समस्त स्टाफ स्थल पर मौजूद रहा।

ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/ निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परंतु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियंत्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रखी गई।

मौके पर उपस्थित लोगो से यह अपील की गई कि अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी में भूखण्डों का क्रय, विक्रय न करें। स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंतागण एवं समस्त सुपरवाईजर/ मेट, स्थानीय पुलिस बल तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा।

## जुआ खेलने वाले 7 आरोपियों को क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने किया काबू

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए जुआ खेलने वाले 7 आरोपी हिमांशु, दिनेश, गनेश, नितिन, रोहित, नितिन गुप्ता व तिलकराज को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 जून को क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम गस्त पर थी। गुप्त सूत्रों से दयालबाग सुरजकुंड में एक किराए के कमरे में जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हुई।

# मानव रचना को टाइम्स हायर एजुकेशन इम्पैक्ट रैंकिंग्स 2025 में हरियाणा में संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों में पहला स्थान मिला

### 2025 में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज ने टाइम्स हायर एजुकेशन इम्पैक्ट रैंकिंग्स 2025 में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। यह रैंकिंग्स विश्वभर के विश्वविद्यालयों द्वारा संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का आकलन करती हैं, जिसमें शोध, परिसर में अपनाए गए सतत उपाय, सामाजिक सहभागिता और छात्र अधिगम से जुड़े वास्तविक परिणामों को आधार बनाया जाता है। इस वर्ष एमआरआईआईआरएस ने हरियाणा में गरीबी उन्मूलन लक्ष्य 1, भूखमरी की समाप्ति लक्ष्य 2, लैंगिक समानता लक्ष्य 5, उद्योग, नवाचार एवं अवसंरचना लक्ष्य 9 सतत शहर एवं समुदाय लक्ष्य 11, सतत उपभोग और उत्पादन लक्ष्य 12 और जल के नीचे जीवन लक्ष्य 14 के लिए पहला स्थान प्राप्त किया है, जबकि लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु साझेदारी लक्ष्य 17 में यह चौथे स्थान पर रहा। जलवायु कार्रवाई लक्ष्य 13, और स्थल जीवन लक्ष्य 15 में हरियाणा में दूसरा स्थान प्राप्त किया है, जबकि स्वच्छ जल और स्वच्छता, लक्ष्य 6 के लिए इसे तीसरा स्थान मिला है। दिल्ली, एनसीआर क्षेत्र में एमआरआईआईआरएस ने लैंगिक समानता लक्ष्य 5 और उद्योग, नवाचार एवं अवसंरचना ; लक्ष्य 9 में पहला स्थान प्राप्त किया है। सतत उपभोग और उत्पादन लक्ष्य 12 के लिए दूसरा स्थान और सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्य 7 के लिए पांचवां स्थान मिला है। राष्ट्रीय स्तर पर भी एमआरआईआईआरएस ने कई महत्त्वपूर्ण सतत विकास लक्ष्यों में शीर्ष 20 में अपनी जगह बनाई है। विश्वविद्यालय ने लैंगिक समानता लक्ष्य 5 के लिए भारत में 9वां, भूखमरी की समाप्ति लक्ष्य 2 और जल के नीचे जीवन लक्ष्य 14 के लिए 11वां स्थान प्राप्त किया है। संस्थान की इस उपलब्धि पर डॉ. प्रशांत भल्ला अध्यक्ष मानव रचना एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स ने कहा कि टाइम्स हायर एजुकेशन इम्पैक्ट रैंकिंग्स 2025 में मानव रचना को नेतृत्व करते देखना, विशेषकर लैंगिक समानता और जल जैसे क्षेत्रों में यह दर्शाता है।

# प्याला गांव में 36 एकड़ अवैध कॉलोनी ध्वस्त

**फरीदाबाद।** जिला नगर योजनाकार एनफोर्समेंट के दस्ते ने बुधवार को प्याला गांव की 36 एकड़ में विकसित हो रही अवैध औद्योगिक कॉलोनी में तोड़फोड़ की। मौके पर विरोध को देखते हुए काफी पुलिस बल तैनात था। कार्रवाई की अध्यक्षता डीटीपीई राहुल सिंगला ने की। ड्यूटी मजिस्ट्रेट एटीपी मुश्फिक मौजूद रहे। राहुल सिंगला ने यह भी बताया कि विभाग की सख्ती का असर यह है कि अब कई लोग सीएलयू लेने के लिए विभाग से संपर्क कर रहे हैं। इस क्षेत्र के आसपास विकसित अन्य अवैध कालोनियों पर भी जल्द ही कार्रवाई होगी। नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की जमीन या प्लॉट खरीदने से पहले उसकी वैधता की जांच अवश्य करें और केवल वैध कॉलोनी या औद्योगिक क्षेत्र में ही निवेश करें।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सतेंदर मलिक पुत्र ऋषि पाल सिंह निवासी ए-107, पुल प्रहलादपुर, नई दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 212/2016 दिनाँक 07.07.2016, भा.द.सं. की धारा 323/380/506/427/34 के तहत, थाना पुल प्रहलादपुर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **सतेंदर मलिक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **सतेंदर मलिक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 212/2016 दिनाँक 07.07.2016, भा.द.सं. की धारा 323/380/506/427/34 के तहत, थाना पुल प्रहलादपुर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सतेंदर मलिक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.07.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अजाद सहरावत**
**न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी-10, (दक्षिण पूर्व जिला)**
**DP/6403/SE/2025** **कमरा नं. 307, तृतीय तल, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**


# पहल पोर्टल से 65 आवंटियों ने उठाया आटो करेक्शन की सुविधा का लाभ

### 76 आवंटियों के द्वारा किए गए थे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए का पहल पोर्टल नित्य नए आयाम स्थापित कर रहा है। पोर्टल के माध्यम से घर बैठे किसी तरह के संशोधन आटो करेक्शन की सुविधा का भी लाभ उठाया जाने लगा है। अभी तक आटो करेक्शन की व्यवस्था की कड़ी में कुल 76 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 65 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके है,जबकि 4 आवेदन निरस्त किए गए है। 7 आवेदन फिल्हाल पेंडिंग है। पहल पोर्टल के माध्यम से न केवल घर बैठे आवंटन लेटर प्राप्त करने,बल्कि म्यूटेशन तथा निकटत्तम बैंक शाखा के माध्यम से किस्तों का भुगतान किए जाने की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि हाल में जब आंकडों की समीक्षा की गई तो उस दौरान सामने आया था कि पहल पोर्टल से न केवल करीब 7 हजार 452 आवंटी जुड़ गए है,बल्कि 33081 आवंटियों के द्वारा अपनी निकटत्तम बैंक शाखाओं के माध्यम से प्राधिकरण कोष में करीब सौ करोड़ की राशिः जीडीए कोष में जमा की जा चुकी है। इस पोर्टल से प्राधिकरण की दस महत्वपूर्ण योजनाओं को जोड़ा गया है। जिनमें मुख्य रूप से मधुबन बापू धाम, इंदिरापुरम, स्वर्ण जयंति पुरम, प्रताप विहार,वैशाली, कोयल इन्कलेब, इंद्र प्रस्थ,गोविंद पुरम, कर्पूरी पूरम,चंद्र शिला आदि योजनाएं है।

पहल पोर्टल में खूबी ये है कि इसमें चालान के माध्यम से घर बैठे किस्तों के भुगतान, नौ डयूज सर्टिफिकेट के साथ रजिस्ट्री के लिए घर बैठे स्लाट बुकिंग की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ साथ ये भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है कि जैसे की आवंटी के द्वारा किस्तों का भुगतान किया जाएगा, वैसे ही उसे ये जानकारी प्राप्त होगी कि अब कितनी राशि अवशेष

# क्लब में पार्टी करने गए युवकों को बाउंसर ने धुना, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-29 थाना एरिया स्थित एक क्लब में पार्टी करने पहुंचे युवकों पर बाउंसर व क्लब मैनेजर द्वारा लाठी-डंडों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। हमले में घायल युवकों को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। युवकों द्वारा शराब पीकर बदतमीजी करने पर बाउंसर व मैनेजर द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में नई दिल्ली के महावी इंक्लेव निवासी भरत सिंह ने बताया कि बीती 12 जून की रात को वह अपने दोस्त नंदकिशोर, नितिन पांडे, सूर्यनारायण मंडल, रोहित व अन्य तीन-चार दोस्तों के साथ गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित मिराज क्लब में पार्टी करने गए थे। सुबह करीब 2.20 बजे वे पार्टी करके क्लब से निकल रहे थे। इसी दौरान क्लब के बाउंसरों व मैनेजर ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

इस हमले में घायल हुए नंदकिशोर, सुर्यनारायण, नितिन को उपचार के लिए निजी अस्पताल भर्ती कराया गया। पुलिस मौके पर पहुंची और शिकायत मिलने पर केस दर्ज कर लिया। मामले में सोहना क्राइम ब्रांच के प्रभारी सत्यप्रकाश की टीम ने


## हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | DNITNO.119731DATED 14.05.2025 (EPC-D NO.128/ PD&C)TENDER REFERENCE NO.IS 2025147F75 1BF0554EFFA523DE2C C6D28F7C824HVP | शुद्धिपत्र-2 के बंद होने की तिथि 18.06.2025 है साथ ही ऑनलाइन बोली जमा की निर्धारित तिथि में विस्तार 23.06.2025 17:00 बजे तक है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/35746/I/88/7 दि. 18.06.25


# डेबिट कार्ड बदलकर रुपए निकालने वाला धरा, आरोपी से मोटरसाइकिल बरामद की

### आरोपी को अदालत में पेशकर जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-43 क्राइम ब्रांच ने डेबिट कार्ड बदलकर रुपए निकालने के एक आरोपी को गोल्फ कोर्स रोड के पास से गिरफ्तार किया है। दो दिन का रिमांड पूरा होने पर पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि सात मार्च को एक व्यक्ति ने सिविल लाइंस थाना में दी शिकायत में बताया कि कमला नेहरू पार्क के पास एटीएम बूथ पर दो युवकों ने बातों में उलझाकर उसका डेबिट कार्ड बदल लिया था। युवकों ने उसके डेबिट कार्ड का प्रयोग करके बैंक खाते से करीब 40 हजार रुपए निकाल लिए थे। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करके कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान भिवानी के नवीन उर्फ नानू के रूप में हुई थी।




पुलिस ने रिमांड के दौरान आरोपी से एक हजार रुपये नकदी और वारदात में प्रयोग की गई एक बाइक बरामद की है। आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड जांचने पर पता चला कि उस पर चोरी करने के दो मामले हिसार में दर्ज हैं और इन मामलों में आरोपी को अदालत ने बेल जंपर घोषित किया हुआ है। पुलिस ने आरोपी नवीन उर्फ नानू को दो दिन का रिमांड पूरा होने के बाद बुधवार को


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सागर उर्फ आकाश, पुत्रः किशन लाल, पताः एफ–7 / 33, सुल्तान पुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 732/2022, dated 08.09.2022, U/s 379/34 IPC, पुलिस थाना नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सागर उर्फ आकाश** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **सागर उर्फ आकाश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 732/2022, dated 08.09.2022, U/s 379/34 IPC, पुलिस थाना नांगलोई, दिल्ली** के अभियुक्त **सागर उर्फ आकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.07.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आकांक्षा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05**
**पश्चिम, कमरा नं. 336–ए**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/7878/OD/2025**



## सार्वजनिक सूचना

नगरपालिका सीवन के सभी शहरवासियों को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका सीवन द्वारा हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वामित्व योजना के तहत लाल डोरे में स्थित प्रोपर्टी आई०डी० के स्वामित्व कार्ड जारी किए जा रहे है। उक्त स्कीम के तहत प्राप्त हुए निम्नलिखित आवेदनों के स्वामित्व कार्ड जारी किए जाने हैं यदि किसी व्यक्ति को निम्न सूची मे वर्णित आवेदन/प्रोपर्टी आई०डी० बारे कोई भी आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर-अन्दर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति दर्ज करवा सकता है। यदि इन प्रोपर्टी आई०डी० पर कोई दावा/आपत्ति प्राप्त नहीं होता है तो उक्त बारे आगामी कार्यवाही करते हुए निम्न सूचि अनुसार स्वामित्व कार्ड जारी कर दिए जाएंगे।

| Sr. No. | Property ID | Name | Father Name |
|---|---|---|---|
| 1. | 8K75NVKO | Om Parkash | Jangir |
| 2. | SKBYG3T4 | Gurmeet Singh | Ajeet Singh |
| 3. | 8KFJL270 | Bhallo Devi | Neki Ram |
| 4. | BK11VKU0 | Narayan Dass | Hari Kishan |
| 5. | 8K93F2Q6 | Snehlata | Rakesh Kumar |
| 6. | 8K5LTEF1 | Jasbir | Ajmer |
| 7. | 8K2EUBP6 | Baldev kumar | Pars Ram |
| 8. | BKQWHLWO | SANJAY KUMAR | DULA RAM |
| 9. | 8KKOL4V2 | BALRAJ | RAJPAL |
| 10. | 8KUNNGU6 | RAJINDER KUMAR | SULTAN |
| 11. | 8K1JN4V1 | LILA | JOGI RAM |
| 12. | 8KDD6G22 | GAURAV VADHVA | MADAN LAL |
| 13. | 8K3E8J56 | KANTA SAINI | BAHADUR SAINI |
| 14. | 8K58W9R1 | SUMIT MUNJAL | PREET MUNJAL |
| 15. | 8KMMR2T4 | SARLA BANSAL | BALRAJ BANSAL |
| 16. | 8KFUUQW9 | NEELAM | GURDEEP SINGH |
| 17. | 8K3YAVH9 | TRILOKI | JAI RAM |
| 18. | 8KD8BMF7 | SOMDAT, KARAN PAL | TARA CHAND |
| 19. | 8KKCURN4 | JAI SINGH | RAM CHANDER |
| 20. | 8KK67236 | SANTOSH DEVI | RATTAN LAL |
| 21. | 8KHKQF94 | VIKRAM | DYANCHAND |
| 22. | 8KCDGLD2 | SANJU | PAPI RAM |
| 23. | 8KWUE4K2 | PAWAN KUMAR | CHUDU RAM |
| 24. | 8K3GGVC5 | RAJESH KUMAR | VILAYTI RAM |
| 25 | BKRPTNEO | GAUTAM, SANJU, SOMDUTT | RAMESHWAR |
| 26. | 8KJPB4U6 | ROSHAN LAL | MUNSHI RAM |
| 27. | 8KQFECE7 | KRISHAN KUMAR | DIWANA CHAND |
| 28. | 8KP807W3 | MEHAR CHAND | SADHU RAM |
| 29. | 8KVDL247 | SATPAL | RONKI RAM |
| 30. | 8KEKECB9 | LAKSHMAN DASS | GURAYA RAM |
| 31. | 8KEBC1J7 | RAGHUBIR | RATAN SINGH |
| 32. | 8KLEWQ20 | JAGDEVI KUMAR | BIRU RAM |
| 33. | 8KONJTH3 | SURESH KUMAR | HARBANS LAL |
| 34. | 8KEG8AK7 | PRITHVI RAM | SARDARA RAM |
| 35. | 8KW093Y8 | NAND LAL | SORAN |
| 36 | 8K068Q63 | SUBHASH | HARPHOOL |
| 37. | 8KTRF8A1 | GEETA | GOBIND |
| 38. | 8KN1R8W0 | SAROJ | ISHWAR |
| 39 | 8KPYNOG1 | PREM CHAND | NANTU RAM |
| 40. | 8KPYDGUO | BHOTI | RAM KUMAR |
| 41. | 8KE88473 | PARHLAD | SORAN RAM |
| 42. | 8KCSVPV2 | BABITA | KRISHAN KUMAR |
| 43. | 8KQJP6M1 | SUNITA | ROSHAN LAL |
| 44. | SKTKAUA1 | CHANDI RAM | SINGA RAM |
| 45. | 8KT4FB75 | PREM DEVI, RAMDIYA | RAMESH KUMAR BRIJ LAL |
| 46. | 8K6783N7 | DHANNO RANI | BALAK RAM |
| 47. | BKAAGHH1 | RISHI PAL | SINGA RAM |
| 48. | 8KR18BA0 | RAM NATH | MALLU RAM |
| 49. | BKCWHHQD | SURESH KUMAR | OM PARKASH |
| 50. | BK4HN324 | BALBIR SINGH | MAMU RAM |
| 51. | 8KF05J52 | JOGI RAM | SADHU RAM |
| 52. | 8K8GFMC5 | JOGI RAM | SADHU RAM |
| 53. | BKC8QBE1 | HARJINDER SINGH | PURAN SINGH |
| 54. | 8KNSU9W9 | RAJ KUMAR SHARMA | RAM JIVAYA |
| 55. | 8KU33518 | MOHAN LAL | PRITI PAL |
| 56. | 8KKEK8R4 | KAMLESH | TEKCHAND |
| 57. | BK2AVNM5 | ASHOK KUMAR, RAJESH KUMAR | RAM CHANDER |
| 58. | BKLKQRV6 | DARSHANA | BALBIR |

पीआरडीएच 1078/11/713/2026/35727/C/88/7 दि. 18.06.2025

**हस्ता/-सचिव, नगरपालिका सीवन।**

## मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद भी समय से नहीं लगी सुझाव पेटी

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के उत्तर पश्चिम जिला कार्यालय में मुख्यमंत्री के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। चौगामा विकास समिति के महासचिव विजेंद्र डबास ने बुधवार को बताया कि 14 मई को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आदेश किए थे कि सभी जिला कार्यालय में शिकायत निवारण पेटी लगाई जाए ताकि कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत इस पेटी में डालकर शिकायतों का निवारण कर सके। लेकिन बड़ी विडंबना है कि उत्तर पश्चिम जिले का कार्यालय मुख्यमंत्री के आदेशों की भी अवहेलना कर रहा है। महासचिव डबास ने बताया कि इस कार्यालय में शिकायत के लिए कई चक्कर लगाए, कुछ कर्मियों से भी पूछा लेकिन शिकायत पेटी का कहीं अता पता नहीं था। कुछ दिन पूर्व यह शिकायत ट्विटर पर भी डाली थी उसका भी असर 15 दिन बाद हुआ है तो शिकायतों का निवारण की क्या उम्मीद की जा सकती है। ग्रामीण डबास ने दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों विशेष रूप से डिवीजन कमिश्नर, मुख्य सचिव दिल्ली सरकार एवं उपराज्यपाल व मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि इस मामले की जांच की जाए और यह सुझाव पेटी इतनी देरी से क्यों लगाई गई। इसके लिए जो भी अधिकारी जिम्मेदार है उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

### नहाने के झगड़े में दिया वारदात को अंजाम

# बाल सुधार गृह में किशोर की पीट पीटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ मजनूं का टीला बाल सुधार गृह का मामला

मजनूं का टीला स्थित बाल सुधार गृह में एक किशोर की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। नहाने को लेकर हुए झगड़े में वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने बताया कि मृतक को हौज खास थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के एक मामले में हिरासत में लिया गया था। इस घटना को अंजाम देने वालों में शामिल एक आरोपी पर भी हत्या की कोशिश का ही आरोप है। पुलिस ने बताया कि हमले में शामिल दूसरे बंदी पर मुंडका थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज है। पुलिस पीड़ित और दोनों आरोपियों की उम्र सत्यापित कर रही है।

डीसीपी राजा बांठिया के अनुसार किशोर को मंगलवार सुबह 9.46 बजे हिंदू राव अस्पताल में लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। यह घटना मजनूं का टीला इलाके के मैगजीन रोड स्थित स्पेशल होम फॉर बॉयज (ओएचबी-ए) में घटी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से खुलासा हुआ है कि सुबह करीब 9.15 बजे मृतक का नहाने के लिए बाथरूम के इस्तेमाल को लेकर दो अन्य बाल कैदियों से झगड़ा हुआ था। मामले की जांच प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट (जेएमएफसी) द्वारा शुरू की गई है। अधिकारी ने बताया संबंधित न्यायिक मजिस्ट्रेट और मृतक के परिवार को सूचित कर दिया गया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा केस की जांच की जा रही है। तिमारपुर पुलिस स्टेशन में भी बीएनएस के खिलाफ धारा 103(1) (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि किशोर का शव अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया है और पोस्टमॉर्टम की प्रतीक्षा है।

# चांदनी चौक में 26 लाख लूटने वाले चार लोग किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



चांदनी चौक में 31 मई को शेयर कारोबारी के ऑफिस से 26 लाख रुपये लूटने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया हैं। पुलिस के मुताबिक लूट का मास्टरमाइंड और अंदरूनी सूत्र मुकेश (24) पहले इसी इमारत में स्थित एक ऑफिस में काम करता था। पकड़े गये आरोपियों के नाम मुकेश, राजमल उर्फ राजू (44), मोतीलाल (26) और कैलाश (22) बताये गये हैं। लूट में शामिल एक अन्य व्यक्ति कमलेश अभी फरार है। उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

डीसीपी नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट राजा बंठिया के अनुसार लूट की यह वारदात तब हुई थी जब कमलेश और कैलाश, कूरियर वाला बनकर ऑफिस में घुसे और वहां मौजूद एकमात्र कर्मचारी के हाथ-पैर बांधकर उसे बंधक बना लिया। इसके बाद अलमारी से नकदी लूटकर फरार हो गए। इस घटना के सिलसिले में मामला दर्ज होने के बाद चांदनी चौक, लाल किला, धौला कुआं और यहां तक कि जयपुर राजमार्ग पर लगे लगभग 250 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया गया। इस मामले में राजू, मोतीलाल, कैलाश और मुकेश को आमेट और ढेलाणा सहित राजस्थान के विभिन्न शहरों में छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। ये सभी राजस्थान के मूल निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि मुकेश को पीड़ित के कार्यालय में होने वाले कामकाज और नकदी की आवाजाही की अच्छी जानकारी थी। आरोपी 27 मई को दिल्ली पहुंचे और इलाके की रेकी करते हुए पकड़े जाने से बचने के लिए पहाड़गंज के विभिन्न होटलों में रुके। 31 मई को कमलेश और कैलाश ने डकैती को अंजाम दिया, जबकि राजमल और मोतीलाल ने इसमें मदद की थी। लूट को अंजाम देने के बाद ये लोग पहले लाल किला, फिर पहाड़गंज और अंत में धौला कुआं से सरकारी रोडवेज बस में सवार होकर फरार हुये थे। पूछताछ में पता चला कि गिरोह ने पहले भी उत्तर प्रदेश के कानपुर में इसी तरह की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इस गिरफ्तारी की जानकारी यूपी पुलिस से भी साझा की गई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 18 लाख रुपये बरामद किए हैं।

## ट्रेन की रसोई में छिपाकर करते थे गांजा तस्करी, दो दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल से दिल्ली तक ट्रेन की रसोई में छिपाकर गांजे की तस्करी करने वाले दो लोगों को द्वारका पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी नोएडा में बाइक टैक्सी चलाते थे। नौ जून को द्वारका के सेक्टर 18 में बीएसईएस कार्यालय के पास छापेमारी के दौरान नोएडा के सर्फाबाद निवासी मंजू हुसैन और पश्चिम बंगाल निवासी रकीब मियां को 28.781 किलोग्राम गांजे के साथ पकड़ा गया।

डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार दोनों एक बड़े अंतरराज्यीय ड्रग गिरोह का हिस्सा थे, जो कूचबिहार से भारी मात्रा में गांजे की तस्करी करते थे और इसे सामान में छिपाकर लंबी दूरी की रेलगाड़ियों के रसोईयान में रखकर दिल्ली-एनसीआर तक लाते थे। इसके बाद मादक पदार्थ स्थानीय खरीदारों को वितरित किया जाता था, विशेषकर नोएडा और उत्तम नगर जैसे क्षेत्रों में इसकी सप्लाई होती थी। पुलिस ने गत मई माह में 176.996 किलोग्राम गांजा जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी उनकी निशानदेही पर ही की गई है। शुरुआती पूछताछ में दोनों आरोपियों ने खुलासा किया कि वे पहली बार इस गतिविधि में संलिप्त हुए थे।

# फर्जी डिग्री गिरोह का भंडाफोड़ किया, दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मध्य जिले की साइबर पुलिस ने बुधवार को एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार करते हुये फर्जी डिग्री दिलाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पकड़े गये लोगों के पास से सैंकड़ों जाली डिग्रियां व प्रमाणपत्र बरामद किए गए हैं। आरोपियों ने गुरुग्राम के एक आईटी कर्मचारी को उसकी स्नातक डिग्री पुनः जारी करने का झांसा देकर उससे कथित तौर पर 1.55 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की थी।

डीसीपी निधि वासन के अनुसार पीड़ित एक संविदा कर्मचारी था और वह स्थायी पद पाने की कोशिश कर रहा था। उसके पास एक कॉलेज का अंकपत्र था लेकिन उसकी कंपनी ने उसकी औपचारिक डिग्री की प्रति मांगी थी जो उसके पास नहीं थी। एक कर्मचारी द्वारा बताए जाने पर उसने कपिल जाखड़ (34) से संपर्क किया, जिसने दावा किया कि वह उसे डिग्री हासिल करने में मदद कर सकता है। जाखड़ ने शुरुआत में करीब 30 हजार रुपये मांगे लेकिन धीरे-धीरे पीड़ित से कई बार में 1.55 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद आरोपी ने बिना हस्ताक्षर वाली बीए की डिग्री उसे भेज दी जिसे पीड़ित के नियोक्ता ने अमान्य पाया। इसके बाद संपर्क करने पर जाखड़ ने जवाब देना बंद कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की और जाखड़ को हरियाणा के भिवानी में उसके पैतृक गांव से गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ के बाद पुलिस उसकी साथी 33 वर्षीय दामिनी शर्मा तक पहुंची, जिसे दिल्ली के कड़कड़डूमा इलाके से पकड़ा गया। पुलिस का कहना है कि महिला के मोबाइल फोन में डिजीटल रूप में सैंकड़ों फर्जी डिग्रियां मौजूद पाई गई। दोनों आरोपियों के पास से चार मोबाइल फोन और सात सिम कार्ड बरामद भी जब्त किये गये। आरोपी एक गिरोह का संचालन कर रहे थे जिसमें वे विभिन्न विश्वविद्यालयों की फर्जी डिग्री बनाते थे। पुलिस के मुताबिक वे इन डिग्रियों को बड़ी रकम के बदले में भोले-भाले पीड़ितों को बेच रहे थे। पुलिस की जांच इनसे जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचने के लिये जारी है।

## सर्जिकल ब्लेड से हमला कर लूटपाट करने वाला पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



गुलाबी बाग पुलिस ने एक युवक पर सर्जिकल ब्लेड से हमला करने वाले को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने युवक को घायल कर उससे साढ़े नौ हजार रुपये लूट लिये थे। आरोपी सराय रोहिल्ला थाने का घोषित बदमाश और नशे का आदी है। वह 18 मामलों में शामिल पाया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किये गये आरोपी का नाम अंकुश उर्फ जुगनू (39) है। वह सराय बस्ती, सराय रोहिल्ला का रहने वाला है। इसके खिलाफ गुलाबी बाग, सराय रोहिल्ला, सदर बाजार और रूप नगर थानों में डकैती, झपटमारी, सेंधमारी, एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट के 18 मामले दर्ज पाये गये हैं। आरोपी गत वर्ष जनवरी में जेल से रिहा हुआ था। इसकी गिरफ्तारी से गुलाबी बाग थाने में दर्ज लूटपाट और वाहन चोरी के दो मामलों को सुलझाया गया है। 15 जून को इसने एक युवक पर तेज धार वाले ब्लेड से हमला कर साढ़े नौ हजार रुपये लूटे थे। घायल युवक को पीसीआर द्वारा इलाज के लिए बाड़ा हिंदू राव अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज करवाने के बाद आनंद पर्वत के रहने वाले पीड़ित विनोद शर्मा (55) के बयान पर केस दर्ज किया गया था। वह प्राइवेट नौकरी करते है। आरोपी को किशनगंज रेलवे स्टेशन के पास से पकड़ा गया।

# कांग्रेस का मेगा रोजगार मेला आज, 20 हजार से अधिक बेरोजगार युवा रहेंगे मौजूद : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जन नायक राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर 19 जून को तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाले मेगा रोजगार मेले में 20 हजार से अधिक बेरोजगार युवा मौजूद रहेंगे, जिन्होंने रोजगार के लिए ऑनलाइन पंजीकरण किया है। बुधवार को प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेगा रोजगार मेला संयुक्त रूप से दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी और भारतीय युवा कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने बेरोजगार युवाओं की आवाज बनने का काम किया है और उनके लगातार प्रयास को सार्थक करने की दिशा में कांग्रेस पार्टी मेगा रोजगार मेला लगा रही है। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा और कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन और पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज भी मौजूद थे।

प्रदेश अध्यक्ष यादव ने कहा कि राजधानी दिल्ली जहां लोग रोजगार मिलने की उम्मीद में प्रांतों, राज्यों और गांव देहात से आते थे और रोजगार मिलता भी था। परंतु पिछले 11 वर्षों में जिस तरह से माहौल बदला है, उससे युवा वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है और देश भर में करोड़ों युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे है। उन्होंने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी के कारण जहां लोगों को घर चलाना मुश्किल हो रहा है। बेरोजगार युवा नशे की लत में पढ़ रहा है, नशे के कारण क्राईम भी बढ़ रहा है, जिसके लिए बेरोजगारी जिम्मेदार है।

### 12वीं पास सहित पीएचडी तक आमंत्रित हैं बेरोजगार युवा : उदय भानु

भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि 50-60 साल में बेरोजगारी अगर निचले स्तर पर पहुँची है तो वो पिछले 11 वर्षों में भाजपा के कार्यकाल में बेरोजगारी ने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है और मोदी सरकार देश के युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। 19 जून को तालकटोरा स्टेडियम में सुबह 10-4 बजे तक आयोजित होने वाले रोजगार में दिल्ली में 12वीं पास सहित पीएचडी तक किए बेरोजगार युवाओं को आमंत्रित किया गया है। इसमें 100 से अधिक कंपनियां युवाओं के साथ रोजगार संबंध में बातचीत करने के लिए मौजूद रहेंगी।

## कांग्रेस परिवार में शामिल हुए निर्दलीय प्रत्याशी




नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बुधवार करावल नगर विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी अजय सिंह नेगी, अनिल मंधार, रवि, राकेश वर्मा, कमल पंत, नितिन रमोला, कृष्णा, रजनीश सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को कांग्रेस का पटका पहनाकर उन्हें कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। करावल नगर से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पी के मिश्रा के प्रयासों से बड़ी संख्या में निर्दलीय उम्मीदवार ने अपने साथियों के साथ कांग्रेस का हाथ थामा। प्रदेश अध्यक्ष यादव ने कांग्रेस में शामिल होने वाले लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि दिल्ली में 11 वर्षों में पिछली सरकार के भ्रष्टाचार और दिल्ली को बर्बाद करने के बाद मौजूदा दिल्ली में भाजपा की सरकार की निष्क्रिय कार्यशैली के कारण दिल्ली के लोग अब कांग्रेस की ओर देख रहे हैं। जहां युवा, महिला, वंचित, पिछड़े, दलित व गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने को मजबूर लोगों की केन्द्र और मौजूदा सरकारें अनदेखी कर रही है वहीं कांग्रेस ने हमेशा इस वर्ग की रक्षा और सुरक्षा करने और इनके अधिकारों की लड़ाई लड़ी है और हमारे नेता, जन नायक राहुल गांधी सड़क से संसद तक देश के करोड़ों लोगों की लड़ाई लड़ रहे है, जिनसे प्रेरणा लेकर लोग कांग्रेस में शामिल हो रहे है।

## डीटीसी बसों में पान गुटखा खाने पर हो रहा है जुर्माना

दया राम ⏭ न्यूज नई दिल्ली



■ संवाहक और चालक बस में करते रहे घोषणा, न बजाये

दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) प्रशासन अपनी और क्लस्टर बसों को स्वच्छ बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है और इसके तहत बस में पान गुटखा खाने वालों पर जुर्माना भी कर रहा है। लेकिन जागरूकता अभाव के चलते डीटीसी प्रशासन की लापरवाही भी सामने आ रही है। बसों में यात्रा के दौरान देखा गया है कि दिल्ली सरकार ने अपनी बसों में मेट्रो रेल की तरह ही यात्रियों को आगामी बस स्टैंड से पूर्व ही उद्घोषणा की सुविधा दी हुई है कि यात्रियों को टिकट लेने, पान गुटखा आदि न खाने की जानकारी भी लाउड स्पीकर की मदद से दी जा सके लेकिन अधिकतर बसों में स्टैंड आने की उद्घोषणा ही नहीं होती है और बसों में गाने भी बजते पाए गए हैं। इसे लेकर डीटीसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बस संवाहक और चालक की भी जिम्मेदारी है कि बस में गाने आदि न बजायें और बस में लगे हुए सिस्टम के माध्यम से उद्घोषणा करते रहे ताकि यात्रियों, विशेषकर दिल्ली में आने वाले नए व अनजान यात्रियों को आने वाले बस स्टैंड की जानकारी समय से मिल सके और बेहतर यात्रा का अनुभव कर सके।

## एनजीटी की फटकार ने खोली भाजपा सरकार की पोल : भारद्वाज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को कहा कि कल को एनजीटी द्वारा दिल्ली जल बोर्ड को दूषित पानी की आपूर्ति को लेकर लगाई गई कड़ी फटकार ने भाजपा सरकार की सारी पोल खोल दी है। वहीं उन्होंने कहा कि बुधवार को पानी की किल्लत से आक्रोशित लोगों ने डीजेबी का घेराव कर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इससे साफ है कि भाजपा दिल्लीवालों की प्यास बुझाने में फेल हो चुकी है। सौरभ ने कहा कि अंबेडकर नगर, देवली, बदरपुर, तुगलकाबाद, छतरपुर, महरौली, बिजवासन, पालम, हरिनगर, राजौरी गार्डन, ग्रेटर कैलाश, जनकपुरी समेत पूरी दिल्ली में पानी को लेकर त्राहि-त्राहि मची हुई है। ग्रेटर कैलाश के कई इलाके ऐसे हैं, जहां पहले लोगों को पानी की बिल्कुल दिक्कत नहीं थी, लेकिन अब वहां भी पानी नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि साउथ दिल्ली में लोग कई दिनों से पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। बुधवार को उनका गुस्सा भाजपा सरकार पर फूट पड़ा। लोगों ने दिल्ली जल बोर्ड का घेराव कर भाजपा हाय-हाय के जमकर नारे लगाए और पानी देने की मांग की। इसके अलावा, महिलाएं लगातार मटके फोड़ कर अपना गुस्सा जाहिर कर रही हैं।

### समाज कल्याण विभाग मंत्री ने की अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस को लेकर होने वाले आयोजनों की समीक्षा

# दिल्ली को नशामुक्त करने के लिए पुलिस, समाज कल्याण और शिक्षा विभाग को मिलकर करना होगा प्रयासः इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली को नशा मुक्त करने के लिए दिल्ली पुलिस, समाज कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग को मिलकर प्रयास करने होंगे। यह बात बुधवार को दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज ने अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस को लेकर होने वाले आयोजनों की तैयारियों को लेकर दिल्ली पुलिस एवं समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कही। मंत्री इंद्राज ने 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर जिलों में होने वाले आयोजनों की प्रगति का विवरण लेते हुए उन्हें और अधिक प्रभावी एवं जन-भागीदारी आधारित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गरीब और वंचित तबके तक जागरूकता पहुंचाने का हर संभव प्रयास करें। नुक्कड़ नाटकों के मंचन के लिए 64 हॉट स्पॉट का चयन भी इसी आधार पर करें। स्कूल के स्तर पर ही छात्रों को किसी भी परिवार पर नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक और आर्थिक नुकसान के बारे में बताना जरूरी है। युवा वर्ग में नशे के दुष्प्रभावों को लेकर संवाद और प्रेरक गतिविधियों जैसे नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रदर्शनी, प्रेरक भाषण आदि को बढ़ावा दिया जाए। मंत्री इंद्राज ने कहा कि जिला स्तर पर समाज कल्याण विभाग को स्थानीय विधायकों एवं डीएम की मदद से नशा मुक्ति के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जनसहयोग और मीडिया के सहयोग से नशा मुक्त अभियान के तहत जागरूकता बढ़ाने में व्यापक प्रयास किए जाएंगे। अभियान में एनएसएस और एनसीसी के छात्रों को भी शामिल किया जाएगा। मंत्री इंद्राज ने कहा कि 'नशा मुक्त, स्वस्थ और सशक्त दिल्ली' हमारा साझा संकल्प है और इसे साकार करने के लिए सरकार के साथ-साथ समाज, शिक्षा संस्थानों और स्वयंसेवी संगठनों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति केवल एक अभियान नहीं बल्कि सामाजिक चेतना का आंदोलन है, जिसमें जनभागीदारी से ही स्थायी बदलाव लाया जा सकता है। बैठक में प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग दिलराज कौर, विशेष आयुक्त, दिल्ली पुलिस देवेश चंद्र श्रीवास्तव एवं समाज कल्याण विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | प्रत्येक संस्थान से म्यूनिसिपल ठोस कचरे का घर-घर से संग्रहण, पृथक्करण और एमआरएफ केन्द्रों, हस्तांतरण स्टेशनों, प्रसंस्करण स्थल, एम.सी. नांगल चौधरी तक परिवहन। | बंद होने की तिथि 07.07.2025 | 312 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812892869 secy-NangalC@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35738/I/88/7 दि. 18.06.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद भिवानी | वार्ड नं. 30, एम.सी. भिवानी में लेबर कॉलोनी म. नं. 46 के साथ वाली गली में रोड का निर्माण + 4 कार्य। | 17.06.2025 25.06.2025 | 76.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996629555 eo.mcbhiwani@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35740/I/88/7 दि. 18.06.25

हालांकि हर योगासन को करने का अलग लाभ होता है लेकिन सूर्य नमस्कार एक ऐसी योगिक प्रक्रिया है, जिसमें सात आसन और बारह मुद्राएं होती हैं। इनकी विधि और इनके लाभों के बारे में जानिए।

## तन-मन में ऊर्जा का संचार करे सूर्य नमस्कार

योगिक क्रिया

संध्या रानी




सूर्य नमस्कार का अभ्यास हमारे शरीर और मन को ऊर्जा, शक्ति और स्फूर्ति से लबालब कर देता है।

**प्रणाम मुद्राः** सीधे खड़े होकर एक गहरी श्वास-प्रश्वास लीजिए। अपने हथेलियों को प्रणाम की मुद्रा में सीने के सामने रखें। आंखों को ढीली बंद कर श्वास-प्रश्वास पर अपने मन को एकाग्र करें।

**हस्त उत्तानपादः** प्रणाम मुद्रा के बाद श्वास अंदर को लेते हुए दोनों हाथों को सिर के ऊपर सीधा उठाते हुए धड़ को सुविधाजनक स्थिति तक पीछे झुकाएं।

**पाद हस्तासनः** दूसरी स्थिति के बाद श्वास धीरे-धीरे बाहर निकालते हुए, सिर तथा धड़ को धीरे से आगे की ओर इतना झुकाएं कि अंतिम स्थिति में हथेलियां पैरों के अगल-बगल जमीन पर आ जाए और माथा घुटने को स्पर्श करे। इस स्थिति में आने के लिए कोई जबर्दस्ती नहीं करना है। लेकिन यह ध्यान रखें कि स्लिप डिस्क, स्पॉन्डिलाइटिस, साइटिका तथा तीव्र कमर दर्द की शिकायत वाले सूर्य नमस्कार की इस अवस्था का अभ्यास न करें।

**अश्व संचालन आसनः** तीसरी अवस्था के बाद तुरंत श्वास अंदर लेते हुए दाएं पैर को पीछे ले जाएं। आगे वाले पैर को घुटने से मोड़ लें तथा पीछे वाले पैर का घुटना जमीन से स्पर्श करता है। दोनों हाथ अपने स्थान पर सीधी जमीन से लंबवत बने रहें। सिर को पीछे ले जाते हुए कमर को धनुषाकार बनाएं।

**पर्वतासनः** चौथी अवस्था के बाद श्वास बाहर निकालते हुए बाएं पैर को भी दाएं पैर के पास ले जाएं। नितंबों को भी अधिकतम सुविधाजनक स्थिति तक ऊपर उठाएं। कोशिश करें कि पैर की एड़ियां तथा तलवे जमीन को स्पर्श करें और सिर दोनों हाथों के बीच में आ जाएं। अपने श्वास को सामान्य कर लें।

**अष्टांग नमस्कारः** अब श्वास बाहर निकालते हुए हथेलियों और पैर को यथा स्थान रखते हुए पूरे शरीर को नीचे जमीन पर इस तरह ले आएं कि शरीर के आठ अंग जमीन पर रहें लेकिन छाती और घुटने के बीच का भाग जमीन से ऊपर रहे।

**भुजंगासनः** छठी अवस्था के तुरंत बाद श्वास अंदर लेते हुए हाथ के सहारे धड़ को जमीन से इतना ऊपर उठाएं कि हाथ कोहनी से सीधे हो जाए।

**पर्वतासनः** सातवीं अवस्था के तुरंत बाद सांस बाहर निकालते हुए पांचवीं अवस्था को दुहराते हुए पर्वतासन में आ जाइए।

**अश्वसंचालनासनः** पर्वतासन के तुरंत बाद श्वास अंदर लेते हुए दाएं पैर को आगे दोनों हाथों के बीच में ले आकर चौथी अवस्था अश्वसंचालनासन में आ जाएं।

**पादहस्तासनः** नौवीं अवस्था के बाद श्वास बाहर निकलते हुए बाएं पैर को भी हाथों के बीच में ले जाकर पादहस्तासन में आ जाएं।

**हस्तोतनासनः** पादहस्तासन के बाद श्वास अंदर लेते हुए दोनों हाथों को ऊपर उठाते हुए सीधे खड़े होकर धड़ को सुविधाजनक स्थिति में अधिकतम की ओर ले जाएं।

**प्राण मुद्राः** अब श्वास को बाहर निकालते हुए दोनों हाथों को पहली अवस्था की भांति सीने के सामने प्राण मुद्रा में ले आएं।

**सावधानीः** यह सूर्य नमस्कार का आधा चक्र है। यही बारह मुद्राएं अश्वसंचालनासन आसन में बाएं पैर को पीछे की ओर ले जाकर करें। अन्य मुद्राएं समान हैं। शुरू में इसके एक या दो चक्रों के अभ्यास से ही शुरुआत करें। जैसे-जैसे आपकी क्षमता बढ़ती जाए इसके चक्रों संख्या भी बढ़ाते जाएं। महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान और गर्भावस्था में तीसरे महीने के बाद भी इसका अभ्यास नहीं करना चाहिए।

**होने वाले लाभः** इसके अभ्यास से शरीर की सभी मांसपेशियां और नसें क्रियाशील हो जाती हैं। पाचन, खून का संचालन, श्वास-प्रश्वास प्रणाली, उत्सर्जन अंग, स्किन और सभी ग्रंथियां क्रियाशील, शक्तिशाली एवं पुष्ट होते हैं। शरीर में स्थित नाड़ी संस्थान को सक्रिय कर पूरे शरीर को संतुलित करता है। मोटापे को कम करता है। शरीर में खून के संचालन को सक्रिय कर लचीलापन बढ़ाता है। मस्तिष्क को शुद्ध खून पहुंचा कर स्मृति और धारण शक्ति को बढ़ाता है। मानसिक तनाव और भावनात्मक असंतुलन को दूर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। *

**(योगाचार्य कौशल किशोर से बातचीत पर आधारित)**

योगोपचार

वेद प्रकाश आर्य

योग प्रशिक्षक

पतंजलि योग फाउंडेशन, कोलकाता

इन दिनों हाई बीपी, बैड कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) जनित हार्ट डिजीज, डायबिटीज और थायरॉइड जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां अधिसंख्य लोगों को परेशान कर रही हैं। इनकी समुचित चिकित्सा के साथ-साथ रोगानुसार आसन और प्राणायाम भी किए जाएं तो स्थिति में तेजी से सुधार हो सकता है। इन्हें नियमित किया जाए तो इनके प्रकोप से बचा भी जा सकता है।


## जीवनशैली से उत्पन्न रोगों से बचाएं ये आसन और प्राणायाम



अस्त-व्यस्त जीवनशैली और असंतुलित खान-पान से आज के दौर में हर उम्र के लोग अनेक रोगों से ग्रस्त हो रहे हैं। जीवनशैली और आहार की आदतों में सुधार के साथ अगर आप कुछ आसनों और प्राणायाम का नियमित अभ्यास करें तो इन रोगों से बचे रह सकते हैं।

### कोलेस्ट्रॉल के लिए लाभकारी योगासन

**उत्तानपादासनः** इसे रेज्ड लेग पोज भी कहा जाता है। यह पेट की चर्बी को कम करने, पाचन में सुधार करने और पीठ दर्द में राहत देने में मदद करता है। साथ ही यह कूल्हों, जांघों, पेट और पीठ की मांसपेशियों को मजबूत करने में भी मदद करता है। यह आसन आंतों को सक्रिय करके कब्ज और गैस जैसी पाचन समस्याओं में राहत देता है। इतना ही नहीं यह आसन शरीर को शांत करके तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। उत्तानपादासन एक सरल और प्रभावी आसन है।



**अर्ध मत्स्येंद्रासनः** इसे भगवान मत्स्य की अर्द्ध मुद्रा भी कहा जाता है। यह आसन रीढ़ की हड्डी को घुमाकर और पेट के अंगों को उत्तेजित करके कई लाभ प्रदान करता है। इस आसन से पाचन में सुधार, पीठ दर्द में राहत और तनाव कम होने में मदद मिलती है। यह आसन पेट के अंगों को उत्तेजित करता है, जो मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह आसन तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। साथ ही यह रक्त संचार को बेहतर बनाता है, जिससे दिमाग को अधिक ऑक्सीजन मिलती है। इसे नियमित करने से पेट के अंगों का उद्दीपन होता है, जिससे मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और वजन कम होता है। यह आसन यकृत, गुर्दे और अग्न्याशय की मालिश करता है और उन्हें उत्तेजित करता है, जिससे वे बेहतर ढंग से काम करते हैं।

### डायबिटीज में कारगर योगासन

**मंडूकासनः** यह डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद आसन है क्योंकि यह अग्न्याशय को उत्तेजित करके इंसुलिन के उत्पादन को बढ़ाता है,



जिससे ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित रहता है। यह आसन पेट के अंगों की मालिश करता है, पाचन में सुधार करता है और तनाव को कम करता है, जिससे डायबिटीज से संबंधित जटिलताएं कम होती हैं। यह आसन वसा को बर्न करने में मदद करता है, जिससे जांघों और कूल्हों पर जमी चर्बी कम होती है। मंडूकासन तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में भी मदद करता है। लेकिन पेट में कोई बीमारी या ऑपरेशन होने पर मंडूकासन करने से पहले डॉक्टर से बात करें। अगर आपको हाइपरएसीडिटी है तो भी यह आसन न करें। गर्भवती महिलाओं को भी यह आसन नहीं करना चाहिए।

**वक्रासनः** इसे स्पाइनल ट्विस्ट भी कहा जाता है, यह डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह अग्न्याशय (पैंक्रियाज) को उत्तेजित करता है, जिससे इंसुलिन का उत्पादन बेहतर होता है और रक्त शर्करा का स्तर नियंत्रित रहता है। यह आसन पाचन तंत्र को भी मजबूत करता है और पेट दर्द में राहत देता है। यह पीठ दर्द और लचीलेपन में सुधार करता है। यह तनाव और चिंता को भी कम करता है।

### हाई बीपी में कारगर आसन



**शवासनः** यह बेहद आसान लेकिन अत्यंत उपयोगी आसन है जो उच्च रक्तचाप (हाई बीपी) को नियंत्रित करने और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह आसन शरीर को आराम देता है, तनाव को कम करता है, जिससे रक्तचाप प्राकृतिक रूप से कम होता है। शवासन में गहन विश्राम से रक्तचाप कम होता है और हृदय गति स्थिर रहती है। नियमित शवासन का अभ्यास हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है।

**वज्रासनः** डायमंड पोज कहा जाने वाला यह आसन, बीपी (ब्लड प्रेशर) को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह आसन शरीर में रक्त परिसंचरण को बेहतर बनाता है, तनाव को कम करता है और पाचन में सुधार करता है। यह आसन तंत्रिका तंत्र को शांत करता है और तनाव को कम करता है, जो बीपी का एक प्रमुख कारण है। वज्रासन पाचन तंत्र को भी मजबूत बनाता है, जिससे भोजन का बेहतर पाचन होता है और यह बीपी को नियंत्रित करने में मदद करता है। यदि आपको घुटनों में दर्द या कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो इसे करने से पहले अपने योग प्रशिक्षक से सलाह लें।

### थायरॉइड में कारगर योगासन

**हलासनः** योगासन की यह मुद्रा थायरॉइड ग्रंथि और योग के बीच के अनोखे संबंध को दर्शाती है। इस मुद्रा में, आपकी गर्दन में खिंचाव होता है, जो आपकी थायरॉइड ग्रंथियों को उत्तेजित करने में मदद करता है। हलासन विशेष रूप से हाइपोथायरॉयडिज्म वाले व्यक्तियों के लिए फायदेमंद है क्योंकि इस आसन को करने पर थायरॉइड हार्मोन स्रावित होते हैं। यदि आपको हाइपरथायरॉयडिज्म है, तो आपको हलासन करने से बचना चाहिए। थायरॉइड स्राव को विनियमित करने के अलावा, यह स्थिति पीठ और पेट की मांसपेशियों को मजबूत करती है और स्वायत्त तंत्रिका तंत्र को आराम देने में मदद करती है। हलासन को सही तरीके से करने के लिए योग प्रशिक्षक की निगरानी में ही करना चाहिए।

**सर्वांगासनः** शोल्डर स्टैंड यानी सर्वांगासन, थायरॉयड ग्रंथि पर दबाव डालकर काम करता है। इससे थायरॉयड ग्रंथि को पर्याप्त मात्रा में रक्त की



आपूर्ति होती है। सर्वांगासन रक्त को थायरॉयड ग्रंथियों में स्वतंत्र रूप से और आसानी से प्रसारित करने की अनुमति देता है। यह आसन थायरॉयड ग्रंथि में रक्त के स्राव के साथ हाइपोथायरॉयडिज्म के लक्षणों को रिवर्स करने में मदद करता है।

**ध्यान दें:** यहां बताए गए किसी भी आसन या प्राणायाम का अभ्यास करने से पहले, किसी अनुभवी योग प्रशिक्षक से सलाह अवश्य लें। *

**प्रस्तुतिः शिखर चंद जैन**

### प्राणायाम भी हैं लाभकारी



**बीपी, थायरॉइड,** डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद के लिए कई प्राणायाम भी उपयोगी हो सकते हैं, जैसे कपालभाति, उज्जाई और नाड़ी शोधन प्राणायाम।

**कपालभातिः** यह प्राणायाम फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाता है और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। यह ब्लड सर्कुलेशन को भी बेहतर बनाता है, जिससे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है। लेकिन इसमें 1 मिनट में अधिकतम 40 स्ट्रोक्स ही करने चाहिए वरना बीपी हाई हो सकता है। यह 5 मिनट से शुरू करके 20 मिनट तक किया जा सकता है।

**अनुलोम-विलोमः** यह लगभग हर प्रकार की लाइफस्टाइल डिजीज में फायदेमंद होता है। सावधानी यह बरतनी चाहिए कि ग्रीष्म ऋतु में बाएं नाक से और शीत ऋतु में दाहिने नाक से इसे किया जाए। कम से कम 10 मिनट और अधिकतम 20 या 25 मिनट इसे करें। एक मिनट में 6 स्ट्रोक्स का ही चक्र पूरा करें।

**उज्जाई प्राणायामः** उज्जाई प्राणायाम रक्तचाप को कम करने में मदद करता है और तनाव को कम करने में भी सहायक है।

**नाड़ी शोधन प्राणायामः** यह प्राणायाम शरीर को शांत करता है और थायरॉइड को नियंत्रित करने में मदद करता है।

**भ्रामरी प्राणायामः** भ्रामरी प्राणायाम तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है, जिससे बीपी और ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

प्रभाव

अंजू जैन


योगासन और ध्यान की महत्ता को अनेक देशों के वैज्ञानिक और डॉक्टर्स स्वीकार करते हैं। कई शोध बताते हैं कि इससे सिर्फ शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को भी बहुत लाभ होता है। इस बारे में जानिए।

## मानसिक-आध्यात्मिक स्वास्थ्य सुधारता है योगासन और ध्यान

वास्तव में योग एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को संवारता है। यह आसन, प्राणायाम, ध्यान और अन्य तकनीकों का एक संयोजन है, जो शरीर और मन को एक साथ जोड़कर एक संतुलन बनाता है। योग का अर्थ है 'जुड़ना।' यह व्यक्तिगत चेतना को सार्वभौमिक चेतना से जोड़ता है। इसके अभ्यास से मन और शरीर के बीच सामंजस्य बैठाना, तनाव और चिंता कम करना और ऊर्जा में वृद्धि करना संभव है।

**कई तरह से लाभकारीः** हार्वर्ड हेल्थ पब्लिशिंग में प्रकाशित शोध से यह पता चलता है कि योगासन और ध्यान से कई मानसिक कार्यों के एग्जीक्यूशन में सुधार कर सकते हैं, जैसे तर्क, निर्णय लेने की क्षमता, स्मृति, सीखना, प्रतिक्रिया का समय और मानसिक तीक्ष्णता के परीक्षणों में सटीकता। कुछ शोधकर्ताओं का कहना है कि यह पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर से पीड़ित लोगों को उनके लक्षणों से निपटने में मदद करने का एक प्रभावी तरीका हो सकता है। नियमित योग करने से ब्रेन का ग्रे मैटर बढ़ता है और मस्तिष्क में मौजूद न्यूरॉन्स के नेटवर्क में पॉजिटिव बदलाव आता है। अध्ययनों से पता चलता है कि योग सहनशक्ति और शारीरिक-मानसिक स्फूर्ति में सुधार करता है। मिर्गी के रोगियों में, योग का अभ्यास करने से दौरे की संख्या में काफी कमी देखी गई है, यहां तक कि उन्हें पूरी तरह से रोका भी जा सकता है। ब्रिटेन में कार्डिफ यूनिवर्सिटी ब्रेन रिसर्च इमेजिंग सेंटर (क्यूब्रिक) की कॉग्निटिव नर्व साइंटिस्ट क्लाउडिया मेट्जलर-बैडेली का कहना है कि योग आपको लंबे समय तक स्वस्थ जीवन जीने में भी मदद कर सकता है। योग मस्तिष्क की बनावट को भी बदल देता है। अध्ययनों से पता चलता है कि योग का अभ्यास करने से ब्रेन का हिप्पोकैंपस, एमिग्डाला, प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स, सिंगुलेट कॉर्टेक्स और मस्तिष्क नेटवर्क सहित मस्तिष्क के कुछ हिस्सों की संरचना और कार्य दोनों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कुछ शोधकर्ताओं का कहना है कि इसमें उम्र से संबंधित और न्यूरोडीजेनेरेटिव गिरावट को कम करने की क्षमता है।

कई अध्ययनों से पता चला है कि योग से मस्तिष्क में गामा-अमीनोब्यूटिरिक एसिड (गाबा) का स्तर बढ़ता पाया गया है। यह



न्यूरोट्रांसमीटर तंत्रिका कोशिकाओं की रासायनिक संदेश प्राप्त करने और भेजने की क्षमता को अवरुद्ध करके मस्तिष्क की गतिविधि को धीमा कर देता है।

शोधकर्ताओं ने पाया है कि जो लोग योग और ध्यान का अभ्यास करते हैं, उनमें साइटोकाइंस के उत्पादन में कमी देखी जाती है और इस प्रकार सूजन से संबंधित बीमारियों और स्थितियों के जोखिम में भी कमी आती है। अध्ययनों से पता चलता है कि योग अवसाद को कम कर सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि योग अन्य उपचारों, जैसे दवा और मनोचिकित्सा के बराबर है।

**ध्यानः** यह एक अभ्यास है, जिसमें व्यक्ति अपने मन को एकाग्र और शांत करने के लिए शारीरिक और मानसिक तकनीकों का उपयोग करता है। यह ध्यान और जागरूकता को प्रशिक्षित करने की एक तकनीक है। ध्यान में, व्यक्ति को किसी एक वस्तु, ध्वनि, या विचार पर ध्यान केंद्रित करना होता है, ताकि मन को भटकने से रोका जा सके। ध्यान का अभ्यास करने से मानसिक शांति, भावनात्मक जागरूकता और तनाव कम करने में मदद मिलती है। ध्यान की कई अलग-अलग तकनीकें हैं, जैसे कि सांस पर ध्यान केंद्रित करना, मंत्रों का जप करना या किसी वस्तु पर ध्यान केंद्रित करना। ध्यान का अभ्यास नियमित रूप से करने से व्यक्ति को तनाव कम करने, मानसिक शांति प्राप्त करने और अपने बारे में अधिक जागरूकता प्राप्त करने में मदद मिलती है।

**ध्यान के फायदेः** यद्यपि ध्यान तनाव और चिंता को कम करने की एक तकनीक के रूप में जाना जाता है, यह आपके मूड को बेहतर बनाने, स्वस्थ नींद पैटर्न को बढ़ावा देने और संज्ञानात्मक कौशल को बढ़ाने में भी मदद कर सकता है। इसका इस्तेमाल खुद के और अपने आस-पास के माहौल के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कर सकते हैं। स्मृति हानि वाले लोगों में यह न्यूरोसाइकोलॉजिकल परीक्षणों में प्रदर्शन को बेहतर बनाता है।

अध्ययनों और शोध से पता चलता है कि ध्यान, तनाव से प्रभावित कुछ स्थितियों के लक्षणों में भी सुधार कर सकता है, जिनमें शामिल हैं- किसी आकस्मिक हादसे, नुकसान या प्रियजन को खोने के बाद का तनाव विकार आदि। स्टडी में पाया गया है कि माइंडफुलनेस मेडिटेशन करने से सामान्यीकृत चिंता विकार वाले लोगों में चिंता के लक्षणों को कम करने में मदद मिली, साथ ही सकारात्मक अफर्मेशन में वृद्धि हुई और तनाव प्रतिक्रिया और मुकाबला करने में सुधार हुआ। 3,500 से अधिक वयस्कों को दिए गए उपचारों में पाया गया कि माइंडफुलनेस मेडिटेशन से अवसाद के लक्षणों में सुधार हुआ।

प्रतिदिन थोड़ी देर के लिए ध्यान करने से भी आपको लाभ हो सकता है। इस पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि प्रतिदिन मात्र 13 मिनट ध्यान करने से 8 सप्ताह में ध्यान और स्मरण शक्ति में वृद्धि हुई। *

## योग से होता है हमारा तन-मन शांत-ऊर्जावान

आम लोग ही नहीं कई सेलिब्रिटीज भी योग का नियमित अभ्यास करते हैं। योगासन और ध्यान करने से क्या फायदे होते हैं, उनका योगा रूटीन क्या है, बता रहे हैं कुछ टीवी एक्टर्स अपनी जुबानी।

स्टार्स फिटनेस



### बैलेंस बनाने में मदद करता है योगः अभिषेक शर्मा

**जी टीवी** पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'वसुधा' में देवांश का किरदार निभाने वाले अभिषेक शर्मा योग की अपनी लाइफ में महत्ता के बारे में बताते हैं, 'मैं बचपन में ही योग से जुड़ गया था। मुझे आज भी याद है, मेरी दादी हर सुबह प्राणायाम करती थीं। वो आंखें बंद करके बिल्कुल शांत बैठती थीं और धीरे-धीरे सांस लेती थीं। तब तो समझ नहीं आता था, लेकिन आज लगता है कि वही मेरा पहला परिचय था योगासन और ध्यान से। अब जब मैं एक्टिंग प्रोफेशन में हूं और रोज नए-नए किरदार निभाने होते हैं, तो योग मेरे लिए बहुत बड़ा सहारा होता है। इससे दिमाग शांत हो जाता है और हर सीन में बेहतर ढंग से परफॉर्म कर पाता हूं। यह सिर्फ शरीर को लचीला या फिट रखने का तरीका नहीं है, बल्कि मन को शांत करने और सोच को साफ करने का जरिया भी है। योग करने से मेरी नींद बेहतर हो गई है, इम्यूनिटी बढ़ी है और सबसे बड़ी बात यह कि अब मैं खुद को बेहतर समझने लगा हूं। इसका असर मेरे काम पर भी दिखता है। योग मुझे बैलेंस बनाए रखने में मदद करता है। सच कहूं तो योग ने सिर्फ मेरी बॉडी को नहीं, मेरी सोच और जिंदगी जीने का नजरिया बदल दिया है।' *



### योग से दूर होते हैं थकान-तनावः आदित्य रेडीज

**सोनी सब** चैनल पर आ रहे शो 'तेनाली रामा' में राजा कृष्ण देव राय की भूमिका में नजर आ रहे आदित्य रेडीज योग के बारे में कहते हैं, 'हमारा एक्टिंग प्रोफेशन, अपने साथ कई तरह की चुनौतियां लेकर आता है, जैसे लंबे काम के घंटे, जो अक्सर थकान और मानसिक तनाव का कारण बनते हैं। ऐसे समय में मुझे योग बहुत मदद करता है। यह सिर्फ शारीरिक लचीलापन नहीं लाता है, बल्कि मन को रीसेट करने की जगह देने और शांत करने का एक माध्यम भी है। थोड़ी देर का भी योगाभ्यास या श्वास-प्रश्वास की क्रिया, थकान और तनाव से हमें शांति दिलाती है। हालांकि, जो मुझे वास्तव में संतुलित रखता है, वह है डेली अच्छी नींद। इसीलिए मैं इसे अपनी प्राथमिकता बनाकर रखता हूं, क्योंकि यही मुझे मानसिक और शारीरिक रूप से सबसे अच्छा प्रदर्शन करने में मदद करती है। योग करने से मुझे नींद भी अच्छी आती है।' *

### योग से मैं ऊर्जावान महसूस करता हूं: आसिफ शेख

**इन दिनों** एंड टीवी पर आ रहे शो 'भाबीजी घर पर हैं' में विभूति नारायण मिश्रा का रोल निभाने वाले आसिफ शेख बताते हैं, 'योग मेरी जिंदगी में बहुत बड़ा बदलाव लाया है। यह सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं है, बल्कि जीवनशैली है। इससे मेरा तन और मन दोनों शांत रहते हैं। शूटिंग के लंबे घंटे और तनाव भरे शेड्यूल के बावजूद मैं अंदर से संतुलित और ऊर्जावान महसूस करता हूं। हालांकि मेरे शूटिंग शेड्यूल की वजह से रेग्युलर टाइम पर योग करना थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन मैं जहां भी मौका मिलता है, वहां योग कर ही लेता हूं। इससे मुझे बहुत रिलैक्स महसूस होता है और मैं दिनभर फिट बना रहता हूं। मेरे दिन की शुरुआत का सबसे जरूरी हिस्सा पद्मासन है। जब मैं इस आसन में बैठता हूं, तो ऐसा लगता है मानो पूरा शरीर स्थिर हो गया है और मन एकदम शांत हो गया है। यह स्थिति मुझे अपने अंदर झांकने का अवसर देती है। जैसे ही मैं पद्मासन में बैठकर आंखें बंद करता हूं और कुछ गहरी सांसें लेता हूं, एक अलग ही शांति महसूस होती है। ध्यान करने से मुझे सिर्फ मानसिक स्पष्टता ही नहीं मिलती, बल्कि यह मुझे मेरे काम पर भी बेहतर फोकस करने में मदद करता है। कई बार जब मैं थका हुआ होता हूं या मानसिक रूप से तनाव महसूस करता हूं, तब कुछ मिनटों का ध्यान मुझे बिल्कुल तरोताजा कर देता है। इसके अलावा प्राणायाम भी करता हूं, जिससे मेरी सांसें नियंत्रित रहती हैं और मानसिक स्पष्टता बनी रहती है।' *



**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**



# सरदार पटेल-वाजपेयी की याद में स्मृति द्वार, रामकथा पार्क का भी होगा निर्माण

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यूपी की धार्मिक नगरी अयोध्या में अब लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में 'स्मृति द्वार' का निर्माण कराया जाएगा। शासन ने इसकी स्वीकृति देते हुए निर्माण के लिए पहली किस्त भी जारी कर दी है। इस परियोजना से अयोध्या की आध्यात्मिक और ऐतिहासिक गरिमा और बढ़ेगी। अंबेडकर मार्ग में बाकरगंज बाजार में लौह पुरुष सरकार वल्लभभाई पटेल स्मृति द्वार व अयोध्या गोण्डा मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास अटल बाजपेई द्वार का निर्माण कराया जाएगा। लौह पुरुष सरकार वल्लभभाई पटेल स्मृति द्वार की लागत 16.57 लाख रुपए आएगी, जिसके तहत 9.42 लाख रुपए की प्रथम किस्त अवमुक्त की जा चुकी है। अटल बिहारी वाजपेयी द्वार की लागत 17.17 लाख आएगी। जिसकी प्रथम किश्त के रुप में 10.302 लाख की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है।

## अयोध्या को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मेगा प्लान

**लौह पुरुष पटेल स्मृति द्वार की लागत 16.57 लाख**

**अटल बिहारी वाजपेयी द्वार की लागत 17.17 लाख**

### फटिक शिला पार्किंग समेत ये महत्वपूर्ण कार्य प्रस्तावित




*अयोध्या धाम में फटिक शिला पार्किंग का निर्माण व पयर्टकीय सुविधाओं का विकास का कार्य, रामपथ व धर्मपथ पर मिस्टिंग फैन का कार्य, राम की पैड़ी पर आरती घर व पर्यटन विकास का कार्य, लता चौक के दाहिने तरफ राम की पैड़ी कैनाल रोड़ पर धर्मपथ के समानान्तर राष्ट्र की संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले थीम वाल का सौन्दयीकरण प्रस्तावित है। इसके साथ नगर निगम क्षेत्र में 17 सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है। रीडगंज चौराहे से गुलाबबाड़ी तक मार्ग का चौड़ीकरण 9.50 करोड़, लगभग 33 करोड़ की लागत से रामपथ से गद्दोपुर होते हुए रायबरेली रोड तक चौड़ीकरण, 40 करोड़, देवकाली से जेल रोड का चौड़ीकरण तथा सुदृढीकरण,करीब 113 करोड ,नियावां चौराहे से पाटेश्वरी देवी मंदिर होते हुए रामपथ तक फोरलेन का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। रामकथा पार्क में नवीन पर्यटक आवास गृह का निर्माण , गुलाबबाड़ी पार्क का सौन्दयीकरण, गुप्तारघाट में यात्रियों की सुविधा के लिए बैंच व प्रकाश व्यवस्था, राजघाट के पास एम्पिलिथिएटर एवं फूड कोर्ट का कार्य किया जाएगा।*

### स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान

यूपी सरकार ने स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया है। इसके तहत 351 करोड़ रुपये की लागत से 27 हजार घरों को सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा, जिससे शहर की स्वच्छता और जनस्वास्थ्य में सुधार होगा। साथ ही नियावां से पाटेश्वरी मंदिर होते हुए रामपथ तक फोरलेन सड़क का निर्माण होगा, जो यातायात को सुगम बनाएगा और तीर्थयात्रियों की सुविधा बढ़ाएगा। इसके अतिरिक्त, नगर निगम क्षेत्र में अन्य सड़कों के निर्माण और सौंदर्यीकरण का कार्य भी प्रस्तावित है, जो अयोध्या को आधुनिक और आकर्षक स्वरूप प्रदान करेगा।

## खबर संक्षेप

### 14.600 रुपए रिश्वत लेते बीईओ समेत दो गिरफ्तार



**रोहतास।** बिहार के रोहतास जिले में शिक्षा विभाग के अंदर चल रहे घूसखोरी का खेल उजागर हुआ है। निगरानी विभाग (विजिलेंस) की टीम ने बुधवार को बिक्रमगंज के बीईओ सुधीरकांत शर्मा समेत दो लोगों को शिक्षक से 14600 रुपए घूस लेते गिरफ्तार किया। पटना से पहुंची निगरानी की टीम ने यह कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि शिक्षक से बीईओ ने 7600 और उनके कार्यालय के लेखा सहायक सुभाष कुमार ने 7000 रुपए की रिश्वत ली।

### जमशेदपुर में आतंक का साया? 18 स्लीपर सेल



**जमशेदपुर।** खुफिया इनपुट के आधार पर जमशेदपुर में 18 स्लीपर सेल के होने की आशंका जताई गई है। ये बिष्टूपुर, आजादनगर, मानगो, कदमा में रह रहे हैं। सभी की पहचान कर विस्तृत रिपोर्ट जिला पुलिस को सौंपी गई है। इसके आधार पर पुलिस संदिग्धों की गतिविधियों का सत्यापन कर रही है। इनके मोबाइल की निगरानी व उनके संपर्क सूत्रों की लगातार जांच कर रही है।

## 16वें वित्त आयोग को भेजे सुझाव

# यूपी में आपदा से निपटने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार का ब्लू प्रिंट तैयार

*योगी सरकार ने राज्य आपदा राहत कोष और राज्य आपदा मोचन कोष के नियम बदलने का भी प्रस्ताव दिया है। अभी तक एसडीआरएफ का सिर्फ 10 फीसद पैसा "राज्य-घोषित आपदाओं" पर खर्च हो सकता है।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने आपदा से निपटने की व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए 16वें वित्त आयोग को कई अहम सुझाव भेजे हैं। इन सुझावों में लू, वज्रपात, असमय बारिश, आंधीतूफान, सर्पदंश और डूबने की घटनाओं को "राष्ट्रीय आपदा" की सूची में शामिल करने की मांग सबसे बड़ी है। सरकार का तर्क है कि अकेले 202425 में राज्यघोषित इन आपदाओं से 4,534 लोगों ने जान गंवाई, जबकि मौजूदा राष्ट्रीय आपदाओं से 176 मौतें हुईं।

सरकार ने राज्य आपदा राहत कोष और राज्य आपदा मोचन कोष के नियम बदलने का भी प्रस्ताव दिया है। अभी तक एसडीआरएफ का सिर्फ 10 फीसद पैसा "राज्यघोषित आपदाओं" पर खर्च हो सकता है। योगी सरकार इसे 25फीसद करने की मांग कर रही है। इसके साथ ह कोष के अलगअलग मदों के बीच रकम इधरउधर करने की छूट मांगी गई है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत पैसा उपलब्ध हो सके।

**अलग-अलग मदों के बीच रकम इधर-उधर करने की छूट मांगी गई**

**बिल्डिंग बनाने को एसडीआरएफ से पैसे खर्च करने की अनुमति**



### आपदा प्रबंधन का नया मॉडल बनेगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि "आपदा कोई भी हो, जीवन बचाना हमारी पहली जिम्मेदारी है। नए प्रस्ताव लागू हुए तो उत्तर प्रदेश आपदाप्रबंधन का नया मॉडल बनेगा।" लगभग दो दशक पहले गोरखपुर में बाढ़ और इंसेफलाइटिस से जूझे योगी ने मुख्यमंत्री बनने के बाद से राहतबचाव को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति मिलने से प्रदेश में लूवज्रपात जैसी घटनाओं में जानमाल की हानि घटने की उम्मीद है।

### आम आदमी के लिए बदल जाएगा

नई सूची मंजूर होने से लू या बिजली गिरने से जानमाल का नुकसान होने पर मुआवजा तुरंत मिलेगा। जिलों में डीडीएमए के पास अपना कंट्रोलरूम और गोदाम होंगे, जहां नाव, सर्चलाइट, जनरेटर जैसे सामान पहले से रखे जाएंगे। फंड की अदलाबदली से कागजी अड़चनें कम होंगी और राहत दल समय पर गांवकस्बों तक पहुंचेंगे।

### हर जिले में आपदा नियंत्रण भवन

*वर्तमान नियम जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के लिए अलग भवन बनाने की इजाजत नहीं देते। यूपी ने मांग रखी है कि डीडीएमए दफ्तरों के लिए अपनी बिल्डिंग बनाने को एसडीआरएफ से पैसे खर्च करने की अनुमति मिले। इसके साथसाथ प्रशासनिक कामकाज के लिए 1 फीसद तक राशि रखने का भी सुझाव दिया गया है। सरकार का मानना है कि स्थायी ढांचा होने से जिलों में राहत और बचाव की तैयारी तेज होगी। भारत में आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के बाद एसडीआरएफ और एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा राहत कोष) बने। इनका मकसद बाढ़, भूकम्प, चक्रवात जैसी बड़ी आपदाओं में राहत देना है। मगर जलवायु बदलाव के कारण अब लू, बिजली गिरना और तेज आंधी जैसी "स्थानीय" घटनाएं भी जानलेवा बन गई हैं। भारतीय मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, बीते पांच वर्षों में देशभर में वज्रपात से औसतन 2,000 से अधिक लोगों की मृत्यु हर साल होती है, जिनमें बड़ी हिस्सेदारी उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड की रहती है।*

## 8 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन पटना पहुंची

# पीएम मोदी 20 जून को सीवान में वर्चुअल दिखाएंगे हरी झंडी



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार को चुनावी साल में एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा मिलने जा रही है। 8 कोच वाली नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का रैक पटना पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 20 जून को सीवान में होने वाली जनसभा से इस ट्रेन को वर्चुअल हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसे पटना-गोरखपुर रूट पर चलाया जाएगा। पटना में इसका संचालन पाटलिपुत्र जंक्शन से किया जाएगा। यह ट्रेन मुजफ्फरपुर, बेतिया, मोतिहारी होते हुए गोरखपुर जाएगी, जिससे उत्तर बिहार के लोगों को भी सेमी हाई स्पीड ट्रेन की सुविधा मिलेगी।

### कोचिंग कॉम्पलेक्स में मेंटनेंस के लिए रखा

नई वंदे भारत का रैक गोरखपुर से चलकर बुधवार सुबह पटना पहुंचा। यहां राजेंद्र नगर स्थित कोचिंग कॉम्पलेक्स में मेंटनेंस के लिए रखा गया है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार 20 जून को पीएम मोदी वर्चुअल तरीके से इसे हरी झंडी दिखाएंगे। उद्घाटन वाले दिन रास्ते में पड़ने वाले विभिन्न स्टेशनों पर इस ट्रेन का स्वागत भी किया जाएगा। इसके लिए स्थानीय रेलवे प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पूर्वी चंपारण के सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि उद्घाटन स्पेशल वंदे भारत ट्रेन 20 जून को दोपहर करीब डेढ़ बजे बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। यहां पर स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## यूपी के सरकारी स्कूल की 25 में से 12 छात्राओं को मिली नीट में सफलता, लहराया परचम

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के सुदूर मड़िहान क्षेत्र में स्थित एक सरकारी आवासीय विद्यालय की 12 दलित और ओबीसी समुदाय से ताल्लुक रखने वाली छात्राओं ने नीट-यूजी परीक्षा पास कर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। इस उपलब्धि को क्षेत्र में प्रगति की दिशा में एक ₹मील का पत्थर₹ माना जा रहा है। सफल छात्राओं की सूची में शामिल हैं - श्वेता पाल, कुमारी पूजा रंजन, प्रिंसी, मालती, कोमल कुमारी, लक्ष्मी, अनुराधा, कोमल, लक्ष्मी (दूसरी), सभ्या प्रजापति, दीप्ति गुप्ता और पूजा सोनकर। ये सभी छात्राएं अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों से आती हैं। सरकारी जानकारी के अनुसार, मड़िहान के सरवोदय विद्यालय से कुल 25 छात्राओं ने परीक्षा दी थी, जिसके परिणाम 14 जून को घोषित हुए। इनमें से 12 छात्राएं परीक्षा पास करने में सफल रहीं।

## पेज एक का शेष

### अहमदाबाद विमान हादसे...

रिश्ते मजबूत हो रहे हैं। व्यापार-वाणिज्य जैसे क्षेत्रों में हमारी प्रगति से यह देखने को मिलता है। हम इस अद्भुत दोस्ती को और भी गति देने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।

### जर्मनी के चांसलर...

किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर चांसलर मर्ज का भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। दोनों देशों की सामरिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने पर दोनों पक्ष इसे और सुदृढ़ करने और विविधता लाने पर सहमत हुए। जी-7 सम्मेलन के दौरान ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस, मैक्सिको, ऑस्ट्रेलिया, जापान, इटली, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्राध्यक्षों और यूरोपीय संघ की अध्यक्ष के साथ भी मुलाकात हुई। जिसमें इन देशों के शीर्ष नेताओं के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों के अलावा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

### क्रोएशिया की राजधानी...

और क्रोएशिया के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक संबंध हैं। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा द्विपक्षीय सहयोग के नए रास्ते खोलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि यह तीन देशों की यात्रा भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ समर्थन देने वाले भागीदार देशों को धन्यवाद देने का अवसर है, साथ ही आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ वैश्विक समझ को मजबूत करने का भी प्रयास है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह यात्रा भारत और क्रोएशिया के बीच राजनीतिक और आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का अवसर प्रदान करेगी। इसके जरिए व्यापार, नवाचार, रक्षा, बंदरगाह, शिपिंग, विज्ञान-तकनीक, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और कार्यबल गतिशीलता जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। भारत और क्रोएशिया व्यापार, निवेश, रक्षा, कृषि जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी दोनों देशों में सहयोग है। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लोगों के बीच संबंध भी मजबूत हैं।भारत और क्रोएशिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर का है और क्रोएशिया में भारतीय निवेश लगभग 48 मिलियन डॉलर तक है।

### प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप से...

के विषय पर कोई बातचीत नहीं हुई। पाकिस्तान के आग्रह पर भारत ने सैन्य कार्रवाई रोकी है, अब हम आतंकवाद को छद्म युद्ध की तरह नहीं बल्कि एक पूर्ण युद्ध के रूप में देखते हैं। ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। राष्ट्रपति ट्रंप ने फोन पर रखे गए पीएम मोदी के पक्ष को समझा और आतंकवाद के खिलाफ जारी भारत की लड़ाई में अपना समर्थन प्रदान किया। यह जानकारी विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 18 जून को एक वीडियो-टेक्स्ट संदेश के जरिए दी। जिसे विदेश मंत्रालय ने मीडिया के साथ साझा किया।

### सोनम से 8 अप्रैल...

लिए संजय के नाम से कोई सिम ली गई थी?

**एक संदिग्ध सूटकेस की भी जांच :** शिलांग पुलिस की विशेष जांच दल (एसआईटी) इंदौर पहुंचकर सोनम और राजा के परिजनों से पूछताछ कर रही है। संजय वर्मा की तलाश तेज कर दी गई है, और पुलिस उसके कॉल रिकॉर्ड्स और पृष्ठभूमि की जांच कर रही है। इस बीच, सोनम के मायके से एक संदिग्ध सूटकेस की भी जांच की जा रही है।

**राज के परिजनों से भी पूछताछ :** पुलिस राज के परिजनों से भी पूछताछ कर रही है। क्योंकि, हत्या के बाद 4 दिन सोनम राज के घर आकर ही ठहरी थी। जबकि, राज की मां, दोनों बहनें लगातार इंकार कर रहीं थी कि सोनम उनके घर आई थी।

### आदिवासी उत्थान में...

**सभी राज्यों में खोले जाएंगे जिला संयोजक कार्यालय :** मध्य प्रदेश के 25 जिलों में जिला संयोजक कार्यालय स्थापित किए गए हैं। इसी तर्ज पर सभी राज्यों में जिला संयोजक कार्यालय खोला जाना है। देश के 15 ऐसे जिलों की पहचान की गई है जहां 11 अभिकरण विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास का काम अलग से किया जाना है। आदिवासी समुदायों को योजनाओं की जानकारी देने और तत्काल लाभ पहुंचाने के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। गरीब आदिवासियों तक न योजनाओं की जानकारी है न ही उसका लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंच पा रहा है यही वजह है कि विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों को लेकर ऐसी योजनाएं बनायी जा रही है जिससे केंद्रीय योजनाओं का लाभ लाभार्थी तक पहुंचे।

**टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत 1 लाख तक का ऋण :** सूत्रों ने बताया कि झारखंड के खलारी प्रखंड में शिविरों के माध्यम से आधार कार्ड, राशन कार्ड, और अन्य सुविधाएं प्रदान की गईं। ऐसे ही अन्य शिविरों के मार्फत काम किया जाना है। अभी तक की योजनाओं में टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना तहत अनुसूचित जनजाति के युवाओं को सेवा व्यवसाय शुरू करने के लिए 10,000 रुपये से 1 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाता है। भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना आदिवासियों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करती है, जिसमें 1 लाख से 50 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। मुख्यमंत्री अनुसूचित जनजाति विशेष परियोजना वित्त पोषण योजना के तहत विभिन्न राज्यों के आदिवासियों को 1 लाख से 2 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, ताकि बड़े पैमाने पर उद्यम स्थापित किए जा सकें। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयः यह योजना जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है, जो दूरदराज के आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों को मध्यम और उच्च स्तर की शिक्षा प्रदान करती है।

### विद्यार्थी कल्याण योजना ...

शिकायतें सामने आई हैं। आदिवासी बहुल क्षेत्रों में सड़क, बिजली, और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी अभी भी एक चुनौती है। इन सब को नई योजनाओं के तहत दूर करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'ड्रीम प्रोजेक्ट' को सकारात्मक गति दी जा सके।

# यूपी में अब लोमड़ी और सियार काटने से मौत पर मिलेंगे 4 लाख, अन्य 11 जानवरों के हमले पर मिलेगा मुआवजा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



प्रदेश में अब लोमड़ी और सियार के काटने से मौत होने पर प्रभावित परिवार को 4 लाख रुपये का मुआवजा मिलेगा। सरकार ने लोमड़ी और सियार के हमले से होने वाली जनहानि को राज्य आपदा घोषित कर दिया है। अब राज्य आपदा की इस श्रेणी में कुल 11 वन्यजीव शामिल कर लिए गए हैं। यूपी में बाघ, शेर, तेंदुआ, भेड़िया, लकड़बग्घा, मगरमच्छ, हाथी, गैंडा और जंगली सुअर के हमले से इंसान की जान जाने पर पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये मुआवजा दिया जाता है। इन सभी जानवरों को मानव-वन्यजीव संघर्ष की श्रेणी-1 में रखा गया है। वहीं, श्रेणी-2 में लोमड़ी और सियार को स्थान दिया गया है। यहां बता दें कि बेमौसम भारी वर्षा, अतिवृष्टि, बिजली, आंधी, तूफान, लू प्रकोप, नाव दुर्घटना, सर्पदंश, सीवर सफाई, गैस रिसाव, बोरवेल में गिरने से होने वाला हादसा, कुंआ, नदी, झील, तालाब, पोखर, नहर, नाला, गड्ढा, जल प्रपात में डूबकर होने वाली मृत्यु और सांड व वनरोज (नीलगाय) के आघात से होने वाली घटनाओं को पहले ही राज्य आपदा घोषित किया जा चुका है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विशाल, पुत्रः वीरेंद्र, पताः बी–222 मेन मार्केट, बदरपुर, नई दिल्ली** ने **FIR No. 122/2025, U/s 25/54/59 Arms Act & 106 BNSS, पुलिस थाना सरिता विहार, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विशाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विशाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 122/2025, U/s 25/54/59 Arms Act & 106 BNSS, पुलिस थाना सरिता विहार, नई दिल्ली** के अभियुक्त **विशाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अरिदमन सिंह चीमा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05**
**दक्षिण पूर्व जिला, कमरा नं. 510**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/7763/SE/2025

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम गुरूग्राम | एमसीजी जोन-4 के तहत नगरीय ठोस कचरे का घर-घर से संग्रहण, पुनः आमंत्रण। | 15.06.2025 23.06.2025 | ईएमडी 6.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 ee.sbm@mcg.gov.in |
| 2 | नगर निगम गुरूग्राम | डिवीजन-VI, गुरूग्राम, एमसीजी के तहत एसटीपी धनवापुर से राजेन्द्रा पार्क क्षेत्र तक डाया 900 मिमी की मास्टर सीवर लाइन की गाद निकालना + 2 अन्य कार्य। | 14.06.2025 23.06.2025 | 41.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 ee.sbm@mcg.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/35752/I/88/7 दि. 18.06.25

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | हाबरी जिला कैथल में इंटरनेशनल साइज हॉकी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ हॉकी कोर्ट में कॉमेंट्री सिस्टम और लाइव स्ट्रीमिंग सहित डिजिटल स्कोर बोर्ड का प्रावधान। | 17.06.2025 23.06.2025 | 27.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में छछरौली कोट रोड से तिहानो (आईडी 712) कि.मी. 0.00 से 0.84 तक चौड़ा करना और मजबूतीकरण। | 17.06.2025 23.06.2025 | 42.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में रोहतक रोड से करसोला वाया बुधाखेड़ा लाठर रोड (जुलाना निर्वाचन क्षेत्र) तक चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 11860) (वर्ष 2025-26 हेतु ओडीआर का कार्य कार्यक्रम)। | बंद होने की तिथि 26.06.2025 | 451.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 4 | लोनिवि भ व प नरवाना | पीडी नरवाना के तहत उचाना निर्वाचन क्षेत्र के 2 अदद रोड ग्रुप नं. 5 की विशेष मरम्मत (I) जीन्द जिले में कटवाल से पेगां (रोड आईडी 8834) (II) जीन्द जिले में खटकड़ से चत्तर वाया कासून, गोगरियां, कुचराना कलां, कुचराना खुर्द तक (रोड आईडी 6799)। | 17.06.2025 26.06.2025 | 468.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प पलवल | वर्ष 2025-26 हेतु पलवल जिले में गांव थांत्री के निकट यमुना नदी पर पोन्टून ब्रिज का वार्षिक रखरखाव (विखण्डन और लॉंचिंग) (जीएसटी के बिना) + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 21.06.2025 | 49.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 6 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में 42 अदद लिफ्टों के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के प्रावधान हेतु निविदा। | 19.06.2025 08.07.2025 | 260.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 7 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | एसएचकेएम जीएमसी, नल्हार, नूह में अग्निशमन सेवाओं के सीएमसी हेतु निविदा। | 19.06.2025 09.07.2025 | 85.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 8 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमस, करनाल में आईटी और नेटवर्क सेवाओं के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 20.06.2025 07.07.2025 | ईएमडी 3.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 9 | पंचायती राज महम | 1. गांव मदीना कोरसान में कोरसान बैरागी धर्मशाला का पुनरोद्धार (वीएएनजीवाई), 2. गांव मदीना कोरसान में झिमरों वाली चौपाल का पुनरोद्धार (वीएएनजीवाई) + 7 कार्य। | 16.06.2025 23.06.2025 | 37.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015118527 sdoprmeham@gmail.com |
| 10 | महिला एवं बाल विकास, रोहतक | एडब्ल्यूसी रोहतक को एसएनपी आपूर्ति का परिवहन कार्य। | 09.06.2025 22.06.2025 | ईएमडी 50,000 | https://etenders.hry.nic.in | 8708926326 portk.wcd@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/200/35753/I/88/7 दि. 18.06.25

## चिंतन

# जी-7 से भारत ने साधे यूएस, कनाडा व पाक

कनाडा में आयोजित दो दिवसीय जी-7 शिखर सम्मेलन में बतौर आमंत्रित देश के रूप में भाग लेने वाले भारत ने अपने तीन कूटनीतिक लक्ष्य साधे हैं। कनाडा की धरती से जी-7 मंच का उपयोग करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समूह के सभी सदस्य देशों और अन्य देशों को कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद बड़ी चुनौती है। भारत का पड़ोसी पाकिस्तान आतंकवाद का प्रजनन स्थल है और आतंकवाद को लेकर जी-7 देशों के नेताओं का आंखें न मूंदे रहना मानवता के साथ विश्वासघात होगा। पीएम मोदी को जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित करने अवसर मिला, जिसमें उन्होंने विश्व का ध्यान पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की ओर खींचा। इस वर्ष 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला प्रत्येक भारतीय की 'आत्मा, पहचान और गरिमा' पर सीधा हमला था। आज जरूरी है कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले किसी भी देश को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसे इसकी कीमत चुकानी चाहिए। आतंकवाद से निपटने में 'दोहरे मानदंडों' के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए, क्योंकि आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जा सकता है। अपनी कनाडा यात्रा के दौरान ही पीएम नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर करीब 35 मिनट बात की, जिसमें उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर भारत की स्थिति को साफ किया। कश्मीर या पाकिस्तान के मसले पर भारत किसी भी सूरत में तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करता है, न पहले की और न भविष्य में करेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच कोई भी मुद्दा द्विपक्षीय मामला है। ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित करने का फैसला भारत व पाक के बीच हुई डीजीएमओ स्तर की वार्ता में सहमति बनने के बाद किया गया था। राष्ट्रपति ट्रंप बार-बार झूठ बोल कर इस सहमति में अपना हाथ बताकर श्रेय लेने की कोशिश करते रहे, जिससे भारत की स्वतंत्र विदेश नीति को आघात पहुंचा। पीएम मोदी की ट्रंप से वार्ता ऐसे समय में हुई, जब पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर अमेरिका में हैं और उनका ट्रंप के साथ लंच है। जानकारों को पच नहीं रहा है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति प्रोटोकॉल तोड़ कर जनरल मुनीर के आवभगत में क्यों लीन है? इसमें एक ही कारण नजर आ रहा है कि अमेरिका अगर ईरान पर सैन्य एक्शन लेगा तो उसे पाकिस्तानी एयर बेस की जरूरत पड़ेगी, इसलिए ट्रंप जनरल मुनीर को भाव दे रहे हैं। ट्रंप व मुनीर के बीच वार्ता में कश्मीर पर बात होने का भी अनुमान है, इसलिए पहले ही पीएम ने मध्यस्थता पर भारत का रुख साफ कर दिया व पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के ग्लोबल खतरे पर चिंता व्यक्त की। कनाडा में पीएम मोदी और कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच वार्ता हुई, जिससे दोनों देशों के संबंध सुधार की पहल के तौर देखा जाना चाहिए। कनाडा में खालिस्तान समर्थक सिख आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद वहां के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो द्वारा कनाडाई संसद में इस हत्या में भारत के साथ का आरोप मढ़ने के बाद से भारत व कनाडा के संबंध खराब होते गए थे। पीएम मोदी व पीएम कार्नी ने बड़ी ही सूझबूझ के साथ रिश्तों में आई खटास को मिटाने के लक्ष्य के साथ विवादित मुद्दों से किनारा किया। इससे भारत व कनाडा के संबंध सुधरने की नींव पड़ गई है। पीएम की इस यात्रा की सार्थकता को कनाडा से संबंध सुधार, अमेरिका को मध्यस्थता पर खरी-खरी और सबके लिए आतंकवाद के खतरे के प्रति विश्व को चेतावनी देने के रूप में रेखांकित किया जा सकता है।

## 11 वर्ष

विकास खितौलिया



# चुनौतियों के बावजूद भारत की विकास यात्रा जारी

चैन की जिंदगी जियो, रोटी खाओ, वरना मेरी गोली तो है ही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ये शब्द और विश्व के सबसे ऊंचे चिनाब रेल सेतु पर जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तिरंगा फहरा रहे थे तब ऐसे संदेशों से देश की करोड़ों जनता को गर्व का एहसास होता है। भले ही उनके विरोधी इसे सिनेमाई संवाद, फोटोग्राफी अंदाज़ कहें, पर कुछ भी कहिए प्रधानमंत्री मोदी के समकक्ष वर्तमान में कोई भी अन्य नेता दिखाई नहीं देता। वे देश और दुनिया के दिलों में समा गए हैं। पहलगांव आतंकी हमले के बाद हुई सफल सैन्य कार्रवाई के नामकरण 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश की जनता के खासकर महिलाओं के मन को छुआ। यह पहला मौका था, जब हमारे पास घोषित 'सुरक्षा नीति' के साथ अंदरूनी मोर्चे पर माओवाद दम तोड़ रहा है। वहीं विश्व के सबसे ऊंचे चिनाब रेल सेतु का उद्घाटन करके और स्वदेशी तकनीक का लोहा बनवाकर देश को विकसित भारत की ओर ले जाने का काम किया है। हमारे देश में लगभग सभी राजनीतिक दल, चाहे वे सत्ता में हों या विपक्ष में, चुनाव के समय लोक-लुभावने वादे करते हैं, लेकिन सत्ता में आते ही उनको पूरा करना भूल जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले कहा 'सबका साथ, सबका विकास', फिर इसमें जोड़ा 'सबका विश्वास' और अब इसमें 'सबका प्रयास' जोड़ दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को केंद्र सरकार की बागडोर थामे 11 वर्ष हो गए। उन्होंने अपना तीसरे कार्यकाल का पहला साल पूरा किया है। उनके ये साल कामकाज के लिहाज से ऐतिहासिक रहे हैं। अनुच्छेद 370 की समाप्ति, तीन तलाक पर कानून और राम मंदिर निर्माण जैसे संवेदनशील व ऐतिहासिक निर्णयों ने उनकी राजनीतिक इच्छाशक्ति को दर्शाया। वह आज तक कोई चुनाव नहीं हारे, इससे बड़ी स्वीकारोक्ति और क्या हो सकती है? यहां यह मानने की भूल मत कर बैठिएगा कि मोदी सिर्फ आत्म-प्रदर्शन के भरोसे कायम हैं। बतौर प्रधानमंत्री उनके कई काम अनूठे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए योजनाएं बनाईं और उनको सफलतापूर्वक लागू भी किया। हर जरूरतमंद को अन्न देने की व्यवस्था करनी हो या सस्ते मकान उपलब्ध कराना, यहां तक कि सस्ती चिकित्सा सुविधा और कम कीमत पर जेनेरिक दवाएं मुहैया कराने का काम भी इस सरकार ने किया है। इस अवधि में देश ने आर्थिक सुधारों के क्षेत्र में जीएसटी, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसे ऐतिहासिक कदमों के माध्यम से न केवल निवेश आकर्षित किया, बल्कि देश की उत्पादन और तकनीकी क्षमताओं को भी मजबूत किया। वन रैंक वन पेंशन स्कीम लागू कर सेना के पूर्व सैनिकों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया है। वहीं सामाजिक कल्याण योजनाओं जैसे उज्ज्वला, विश्व की सबसे बड़ी खाद्यान्न वितरण योजना और सैनिक साजो-सामान के स्वदेशीकरण, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत और पीएम किसान सम्मान निधि ने गरीबों और वंचितों के जीवन को सीधे-सीधे प्रभावित किया। बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व तेजी से सड़कों, रेलवे, और हवाई सेवाओं का विस्तार हुआ। वहीं रिकॉर्ड स्तर पर राजमार्ग निर्माण, रेलवे आधुनिकीकरण, स्मार्ट सिटी मिशन और बुलेटिन परियोजनाओं की शुरुआत की। नरेंद्र मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने चीन से जुड़े संवेदनशील स्थानों तक सड़क और ट्रेन परिवहन का जाल बिछाने में गजब की तेजी दिखाई। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारतीय जनता पार्टी में संगठन का खासा महत्व है, लेकिन हमें ध्यान रखना होगा कि 2014 के बाद ही भारतीय जनता पार्टी को संसार के सबसे बड़े सियासी दल होने का गौरव हासिल हुआ। तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत की विकास यात्रा जारी है और हम तेजी से विकासशील राष्ट्रों की कतार से निकलकर विकसित की जमात का हिस्सा बनते जा रहे हैं। इसमें नरेंद्र मोदी के योगदान से कैसे इनकार किया जा सकता है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत ने आर्थिक, सामाजिक, तकनीकी और वैश्विक मंच पर कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। हालांकि कुछ आलोचनाएं और चुनौतियां भी सामने आईं, जैसे बेरोजगारी, महंगाई और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर प्रश्न, लेकिन संपूर्ण दृष्टिकोण से यह कालखंड भारत के पुनर्निर्माण और सशक्तिकरण का समय माना जा सकता है। उम्मीद यही है कि प्रधानमंत्री इस बार भी सभी की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। 'न्यू इंडिया' का सपना अब केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक सशक्त दिशा है जिसमें देश अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व भारत को एक आत्मविश्वासी, विकसित और वैश्विक रूप से प्रभावशाली राष्ट्र की ओर ले जाने वाला परिवर्तनकारी युग सिद्ध हुआ है।

(लेखक शोधकर्ता एवं विचारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



**मोदी-कार्नी मिलन**

प्रो. आर.के. जैन

# कनानास्किस में पिघली तकरार की बर्फ

> जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की इस मुलाकात ने बर्फ को पिघलाकर एक नई शुरुआत की नींव रखी। दोनों देशों ने एक-दूसरे की राजधानियों में उच्चायुक्तों की नियुक्ति पर सहमति जताई, जो केवल एक कदम नहीं, बल्कि आपसी सम्मान, सहयोग और साझा भविष्य की ओर एक छलांग है। यह निर्णय उस समय आया, जब भारत-कनाडा संबंध अपने निम्नतम बिंदु पर थे। वर्तमान क्षण यह साबित करते हैं कि अतीत की कड़वाहट को भुलाकर एक साझा भविष्य गढ़ा जा सकता है। दोनों देश एक ऐसी यात्रा पर हैं, जो न केवल उनके रिश्तों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी, बल्कि विश्व को एकजुटता का नया सबक देगी।

बर्फीली चोटियों और वैश्विक कूटनीति की गर्माहट से सजा कनाडा का कनानास्किस, उस ऐतिहासिक पल का गवाह बना, जब भारत और कनाडा ने अपने तनावग्रस्त रिश्तों को नई उड़ान देने का संकल्प लिया। यह मुलाकात, जो जी-7 शिखर सम्मेलन की पृष्ठभूमि में हुई, न केवल दो देशों के बीच विश्वास की पुनर्स्थापना का प्रतीक है, बल्कि वैश्विक मंच पर एक साहसी कूटनीतिक जीत भी है।

बीते सालों में खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद दोनों देशों के बीच उपजा गहरा अविश्वास, राजनयिक निष्कासन और तीखे बयानों की आंधी में फंस गया था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की इस मुलाकात ने बर्फ को पिघलाकर एक नई शुरुआत की नींव रखी। दोनों देशों ने एक-दूसरे की राजधानियों में उच्चायुक्तों की नियुक्ति पर सहमति जताई, जो केवल एक कदम नहीं, बल्कि आपसी सम्मान, सहयोग और साझा भविष्य की ओर एक छलांग है। यह निर्णय उस समय आया, जब भारत-कनाडा संबंध अपने निम्नतम बिंदु पर थे। 2023 में निज्जर की हत्या के बाद तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर गंभीर आरोप लगाए, जिन्हें भारत ने सिरे से खारिज कर दिया। इसने दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संकट को जन्म दिया। राजनयिकों का निष्कासन, उच्चायुक्तों की वापसी और संवाद का लगभग ठप होना।

भारत ने निज्जर को आतंकवादी माना, जबकि कनाडा में कुछ समूह उन्हें सिख समुदाय का नायक मानते थे। इस वैचारिक खाई ने दोनों देशों को एक-दूसरे से दूर कर दिया था, लेकिन मार्क कार्नी, जिन्होंने मई 2025 में कनाडा की कमान संभाली, ने एक नया दृष्टिकोण अपनाया। उनकी आर्थिक दूरदर्शिता और वैश्विक सोच ने भारत को जी-7 में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखा। कार्नी ने न केवल भारत को इस मंच पर आमंत्रित किया, बल्कि बैठक से पहले कहा - प्रधानमंत्री मोदी की मेजबानी करना सम्मान की बात है। भारत की वैश्विक भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह बयान न केवल भारत के भू-राजनीतिक कद को रेखांकित करता है, बल्कि कनाडा की नई सरकार की सकारात्मक सोच को भी दर्शाता है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने इस मुलाकात को "कूटनीति का एक स्वर्णिम अध्याय" घोषित किया, जो दोनों देशों के बीच संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का वादा करता है। नेताओं ने न केवल उच्चायुक्तों की बहाली पर एकमत होकर इतिहास रचा, बल्कि व्यापार, जन-जन के बीच जुड़ाव और अत्याधुनिक तकनीकी सहयोग जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी शुरुआत का संकल्प लिया। यह मुलाकात इसलिए और भी खास है, क्योंकि कनाडा में 18 लाख से अधिक भारतीय मूल के लोग सांस्कृतिक और आर्थिक सेतु के रूप में दोनों देशों को जोड़ते हैं। 2023 में भारत-कनाडा द्विपक्षीय व्यापार 9.36 बिलियन डॉलर के प्रभावशाली आंकड़े तक पहुंचा, जिसमें भारत का निर्यात 5.56 बिलियन और कनाडा का 3.80 बिलियन डॉलर रहा।

इस साझेदारी को नई गति देने के लिए, दोनों पक्षों ने स्वच्छ ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे भविष्योन्मुखी क्षेत्रों में



सहयोग के नए द्वार खोले। एक प्रमुख नेता ने जोश के साथ कहा, "हम भारत के साथ ऊर्जा सुरक्षा, आतंकवाद और एआई जैसे वैश्विक मुद्दों पर मिलकर दुनिया के लिए एक मिसाल कायम करने को तैयार हैं।" यह बयान दोनों देशों के साझा सपनों और वैश्विक चुनौतियों से निपटने की अटूट इच्छाशक्ति को दर्शाता है। इस मुलाकात की सबसे बड़ी उपलब्धि है आपसी विश्वास की पुनर्स्थापना। कार्नी ने निज्जर मामले पर तीखी बयानबाजी से परहेज करते हुए कानूनी प्रक्रिया पर भरोसा जताया, जिससे यह संदेश गया कि उनकी सरकार संवेदनशील मुद्दों को कूटनीति के जरिए हल करने को प्राथमिकता देगी।

भारत ने भी इस दृष्टिकोण का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्नी को उनकी चुनावी जीत की बधाई देते हुए कहा - भारत और कनाडा लोकतांत्रिक मूल्यों और आर्थिक संभावना के दो ध्रुव हैं। हमें मिलकर विश्व में लोकतंत्र और मानवता को मजबूत करना है। यह बयान न केवल दोनों देशों के बीच गहरे रिश्ते की पुनः पुष्टि करता है, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की नेतृत्वकारी भूमिका को भी रेखांकित करता है। हालांकि, यह राह आसान नहीं है। कनाडा में खालिस्तानी समूहों की गतिविधियां और उनकी भारत-विरोधी बयानबाजी अभी भी एक चुनौती है। हाल ही में कनाडा की पील रीजनल पुलिस ने 'प्रोजेक्ट पेलिकन' के तहत एक ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया, जिसमें खालिस्तानी समर्थकों की संलिप्तता की आशंका जताई गई।

यह कार्रवाई, जो मोदी की यात्रा से ठीक पहले हुई, कनाडा की नई सरकार की सख्ती को दर्शाती है। फिर भी, कनाडा में सिख समुदाय के कुछ संगठनों ने जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी के दौरे का विरोध किया, जो इस बात का संकेत है कि कूटनीतिक सुधार के रास्ते में कुछ बाधाएं अभी बाकी हैं। लेकिन कार्नी का यह बयान कि "कनाडा-भारत संबंध आपसी सम्मान और कानून के शासन पर आधारित होंगे," इन चुनौतियों से निपटने की दिशा में एक मजबूत संकल्प को दर्शाता है। यह मुलाकात केवल राजनयिक नियुक्तियों तक सीमित नहीं है। यह एक ऐसी साझेदारी का प्रारंभ है, जो वैश्विक स्थिरता, आर्थिक विकास, और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगी।


कनाडा की कंपनियों का भारत में निवेश और भारतीय डायस्पोरा का कनाडा में योगदान इस रिश्ते की रीढ़ हैं। दोनों देशों के बीच स्वच्छ प्रौद्योगिकी, खाद्य सुरक्षा, और आपूर्ति श्रृंखलाओं में सहयोग न केवल उनके नागरिकों के लिए अवसर पैदा करेगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में उनकी संयुक्त ताकत को भी प्रदर्शित करेगा। भारत, जो पहले से ही डिजिटल क्रांति और स्वच्छ ऊर्जा में अग्रणी है, और कनाडा, जो अपने नवाचार और प्राकृतिक संसाधनों के लिए जाना जाता है, मिलकर 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। कनानास्किस की यह मुलाकात विश्व को एक शक्तिशाली संदेश देती है, कूटनीति की ताकत से कोई भी खाई पाटी जा सकती है।

यह न केवल भारत और कनाडा के लिए एक नया अध्याय है, बल्कि विश्व मंच पर सहयोग और संवाद की जीत है। जैसे ही दोनों देश अपने उच्चायुक्तों को एक-दूसरे की राजधानियों में भेजने की तैयारी कर रहे हैं, यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि विश्वास की नई नींव है। यह क्षण, जब दो लोकतांत्रिक राष्ट्र एक-दूसरे की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाते हैं, यह साबित करता है कि अतीत की कड़वाहट को भुलाकर एक साझा भविष्य गढ़ा जा सकता है। भारत और कनाडा, अब एक ऐसी यात्रा पर हैं, जो न केवल उनके रिश्तों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी, बल्कि विश्व को एकजुटता का नया सबक देगी।

(लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित

**दर्शन**

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# किसी के बारे में पहले से राय नहीं बनानी चाहिए



संकलित

**प्रेरणा**

बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनका एक शिष्य ऐसा था जो किसी से ज्यादा कुछ बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता, काम पूरा होने के बाद एकांत में चला जाता। वह ध्यान में बैठे रहता था। कुछ शिष्य बुद्ध से एकांत में रहने वाले शिष्य की शिकायतें करने लगे। धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी। बुद्ध के पास उस शिष्य की शिकायतें और ज्यादा पहुंचने लगी तो बुद्ध ने सोचा कि इस शिष्य से बात करनी होगी, उसके लिए इतनी शिकायतें क्यों आ रही हैं? एक दिन बुद्ध ने एकांत में रहने वाले शिष्य से पूछा कि तुम ऐसा क्यों करते हो? सभी लोग तुम्हारी शिकायतें कर रहे हैं। उस शिष्य ने कहा कि तथागत आपने घोषणा कर रखी है कि कुछ दिनों में आप ये संसार छोड़ देंगे तो मैंने ये तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं। आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा। शिष्य की बातें सुनकर बुद्ध ने अन्य शिष्यों से कहा कि तुम सभी इस शिष्य की गलत शिकायतें कर रहे हो। तुम लोगों ने इसे जाने बिना इसके बारे अपनी गलत राय बना ली है। तुमने देखा कुछ और समझा कुछ। तुम सभी की आदत है कि दूसरों को गलत तरीके से परखते हो।ध्यान रखें हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए। किसी व्यक्ति से मिलते समय उसके बारे में पहले से कोई राय न बनाएं। पहले उस व्यक्ति की गतिविधियों को देखें, समझें और फिर किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बढ़ती समस्याओं का कारण सादगी का अभाव

आज लोग दूसरों को धोखा देने के नए-नए रास्ते निकाल लेते हैं, मगर इससे जीवन में शांति नहीं आ सकती। शांति के लिए सादगी के साथ-साथ स्वावलंबन भी आवश्यक है। कबीर महात्मा होकर भी कपड़ा बुनते थे। गांधी जी अपना कार्य स्वयं अपने हाथों से करते थे। साबरमती आश्रम के निवासियों को स्वावलंबन की शिक्षा पहले दी जाती थी। अमरीका के प्रसिद्ध उद्योगपति हेनरी फोर्ड के जीवन की एक घटना हमें बताती है कि अमरीकावासी घरेलू नौकर से काम कराने के बजाय अपना काम स्वयं करना अधिक पसंद करते हैं। जब तक मान व छोटे-छोटे कामों के लिए दूसरों का मुंह ताकेगा, वह सुखी नहीं हो सकता। जीवन को सरल, सादगीपूर्ण व स्वावलंबी बनाते हुए, अपने विचारों की उच्चता में ही जीवन की सफलता है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### वार्षिक पास शुरू



15 अगस्त 2025 से 3,000 रुपये की कीमत वाला फास्टैग आधारित वार्षिक पास शुरू किया जा है। यह पास सक्रिय होने की तिथि से एक वर्ष तक या 200 यात्राओं तक, जो भी पहले हो, वैध रहेगा। सुलभ लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान सहज बनेगा।

**-नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### मध्यस्थता नहीं चाहिए



पहले दिन से हमने इस बात को स्पष्ट कर दिया था कि भारत को मध्यस्थता के लिए तीसरे देश की आवश्यकता नहीं है। पाकिस्तान ने सामने से विनती की, तब हमने सीजफायर को स्वीकार किया।

**-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### अभ्यर्थियों के लिए मुश्किल



आरपीएससी द्वारा फर्स्ट ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा 23 से 4 जुलाई तक आयोजित की जा रही है। इसी बीच यूजीसी ने नेट परीक्षा की तारीख 25 से 30 जून के बीच घोषित की है। राजस्थान सरकार को इस परिस्थिति को देखते हुए उचित निर्णय लेना चाहिए।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### भाजपा से उम्मीद नहीं



ये भाजपा की राजनीति की सबसे बड़ी हार है कि सैकड़ों लोगों की मृत्यु पर कोई उन भाजपाइयों से इस्तीफा भी नहीं मांगता है, जो सीधे-सीधे इसके लिए उत्तरदायी हैं। इसका साफ़ मतलब है कि जनता को भाजपा से कोई उम्मीद नहीं बची है।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

# इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटने से कई उड़ानें हुई रद्द

इंडोनेशिया का माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी ज्वालामुखी बुधवार को फिर से धधक उठा और उसमें से राख व धुएं का गुबार फूटा, जिसके कारण आसपास के गांवों को खाली कराना पड़ा और पर्यटक द्वीप बाली आने वाली तथा वहां से जाने वाली उड़ानों समेत अन्य उड़ान सेवा को रद्द कर दिया गया। ज्वालामुखी में मंगलवार शाम से बुधवार दोपहर तक कई विस्फोटों के कारण राख आसमान में 5,000 मीटर तक फैल गयी। मंगलवार दोपहर को ज्वालामुखी फटने के बाद ज्वालामुखी से 10,000 मीटर ऊंचाई तक घने भूरे बादल देखे गये। राख का गुबार इतना विशाल था कि उसे 150 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। इस बीच, बाली हवाई अड्डे के पास ज्वालामुखी विस्फोट के कारण एअर इंडिया की बुधवार को दिल्ली-बाली उड़ान को बीच रास्ते से ही दिल्ली वापस ले जाना पड़ा। विमानन कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। एअर इंडिया ने बयान में कहा कि फ्लाइट सुरक्षित रूप से दिल्ली में उतार ली गई और सभी यात्रियों को उतार दिया गया है। ज्वालामुखी फटने संबंधी चेतावनी को उच्चतम स्तर तक बढ़ा दिया और खतरे के क्षेत्र का दायरा ज्वालामुखी से आठ किमी तक बढ़ा दिया।



## ऑफ बीट

# यूरेनियम संवर्धन क्या है कैसे होता है इस्तेमाल

यूरेनियम संवर्धन वास्तव में क्या है और यह चिंता का विषय क्यों है? यूरेनियम को 'संवर्धित' करने का क्या मतलब है, यह समझने के लिए आपको यूरेनियम आइसोटोप और अणु विखंडन प्रतिक्रिया में उसको विभाजित करने के बारे में थोड़ा जानना होगा। आइसोटोप क्या है? सभी पदार्थ अणुओं से बने होते हैं, और ये अणु प्रोटॉन, न्यूट्रॉन और इलेक्ट्रॉन से बने होते हैं। प्रोटॉन की संख्या ही परमाणुओं को उनके रासायनिक गुण प्रदान करती है, जो विभिन्न रासायनिक तत्वों को अलग करती है। अणुओ में प्रोटॉन और इलेक्ट्रॉन की संख्या बराबर होती है। उदाहरण के लिए, यूरेनियम में 92 प्रोटॉन होते हैं, जबकि कार्बन में छह होते हैं। हालांकि, एक ही तत्व में न्यूट्रॉन की संख्या अलग-अलग हो सकती है, जिससे तत्व के अलग-अलग संस्करण बनते हैं जिन्हें आइसोटोप कहते हैं। रासायनिक प्रतिक्रियाओं के लिए यह बात कोई मायने नहीं रखती, लेकिन उनकी नाभिकीय प्रतिक्रियाएं बहुत भिन्न हो सकती हैं। यूरेनियम-238 और यूरेनियम-235 के बीच अंतर जब हम यूरेनियम का खनन करते हैं तो इसका 99 .27 प्रतिशत हिस्सा यूरेनियम-238 होता है, जिसमें 92 प्रोटॉन और 146 न्यूट्रॉन होते हैं। केवल 0 .72 प्रतिशत हिस्सा यूरेनियम-235 होता है, जिसमें 92 प्रोटॉन और 143 न्यूट्रॉन होते हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

### कहा, किसानों के हित में केवीके को एक टीम के रूप में नोडल एजेंसी हर जिले में बनाएंगे

# विकसित कृषि संकल्प अभियान की सफलता को आगे बढ़ाएंगे, ये अभियान थमेगा नहीं: शिवराज सिंह चौहान

### कृषि मंत्री के रूप में, मैं खुद भी हफ्ते में 2 दिन खेतों में किसानों के बीच जाऊंगा

हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान बहुत सफल हुआ है लेकिन ये अभियान थमेगा नहीं, हम लगातार किसानों के बीच खेतों में जाकर खेती को उन्नत और किसानों को समृद्ध बनाने का प्रयत्न करते रहेंगे। अभियान के अंतर्गत वैज्ञानिकों, अधिकारियों व कृषि विशेषज्ञों की 2170 टीमों ने देशभर में 1.42 लाख से अधिक गांवों में पहुंचकर 1.34 करोड़ से ज्यादा किसानों से सीधा संवाद किया है। अभियान में



मुख्यमंत्रीगण, केंद्रीय मंत्रीगण, राज्यों के मंत्री, सांसद, विधायक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।

चौहान ने दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी देते हुए अभियान के आधार पर तत्काल कुछ निर्णयों का ऐलान भी किया है। चौहान ने कहा कि कुछ चीज़ें हम तत्काल करेंगे, इनमें ज्ञान, अनुसंधान व क्षमताओं का जो गैप है, उस गैप को

**केवीके के वैज्ञानिक सप्ताह में तीन दिन खेतों में किसानों के बीच जाएंगे: कृषि मंत्री**

पाटने की कोशिश करेंगे। दूसरा, कृषि विज्ञान केंद्र बहुत ही महत्वपूर्ण हैं, इसलिए केवीके को एक टीम के रूप में नोडल एजेंसी हर जिले के लिए बनाई जाएगी, जो किसानों के हित में कॉर्डिनेट करेगी। इसका एक जैसा स्वरूप और उसे सुदृढ़ करने की दिशा में भी हम काम करेंगे। केवीके के वैज्ञानिक अनिवार्य रूप से सप्ताह में तीन दिन खेतों में किसानों के बीच जाएंगे और कृषि मंत्री के रूप में, मैं स्वयं भी सप्ताह में दो दिन खेतों में किसानों के बीच जाऊंगा।सिंह ने अफसरों को भी कहा है कि दफ्तर में बैठकर सारी चीज़ें हम नहीं समझ सकते, इसलिए खेतों में जाना होगा। राष्ट्रीय स्तर पर समन्वय करने के लिए, विकसित खेती और समृद्ध किसान के लिए काम करने वाली जितनी भी संस्थाएं हैं, उनका एक दिशा में चलना अनिवार्य हैं, और इसलिए इसके समन्वय की भी चर्चा कर निश्चित तौर पर व्यवस्था करेंगे। अब राज्यवार कृषि के लिए आईसीएआर की तरफ से एक नोडल अफसर तय किया जाएगा जो उस राज्य में सारे वैज्ञानिक प्रयोगों को समस्याओं को, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखकर सलाह और सुझाव देगा, राज्य सरकार से संवाद और संपर्क करेगा और मंत्री के रूप में भी अपने अधिकारियों के साथ अलग-अलग राज्य सरकारों के साथ चर्चा करेंगे ताकि उनकी जरूरतों को पूरा कर सकें। सिंह ने कहा कि अभियान में दो चीज़ें बहुत प्रमुखता से उभर कर आई हैं, जिन पर काम करने की जरूरत है। एक तो अमानक बीज, दूसरा अमानक पेस्टीसाइड। इनके संबंध में शिकायतें आई हैं इसलिए सीड एक्ट को और कड़ा बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। इस अभियान का उद्देश्य था कि कैसे विज्ञान और किसान को जोड़ें, काम बहुत अच्छा हो रहा है, लेकिन कहीं कमी है तो उत्पादन बढ़ाएं, लागत घटाएं व किसान को और समृद्ध बनाने का प्रयास हम कर सकें, इसके लिए अभियान बहुत सफल हुआ है। उन्होंने कृषि विभाग, विशेषकर आईसीएआर को बधाई दी। चौहान ने कहा कि ये अभियान थमेगा नहीं, रबी की फसल के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान फिर से चलेगा। उन्होंने बताया कि हमने कुछ फसलों को तय किया है, जैसे एक फॉलोअप प्लान सोयाबीन के लिए है। सोयाबीन संबंधी समस्या के समाधान के लिए 26 जून को इंदौर में किसान, वैज्ञानिक व सम्बद्ध पक्षों के साथ मिलकर विचार करेंगे। उसके बाद हम काम करने वाले हैं कपास पर कपास मिशन के लिए, फिर गन्ने पर, फिर दलहन मिशन, फिर तिलहन मिशन, इस तरह अभियान रुकेगा नहीं, अलग-अलग फसलों के लिए भी जारी रहेगा। 24 जून को पूसा संस्थान में सारे वैज्ञानिक व कृषि अधिकारी, राज्यों के कृषि मंत्री आदि सभी हाईब्रिड मोड में जुड़ेंगे। अभियान के नोडल अफसर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। अफसर राज्यवार कृषि की स्थिति का प्रस्तुतिकरण करेंगे।

## खबर संक्षेप

### सांसद बर्क समेत 23 के खिलाफ चार्जशीट पेश

**आगरा।** जामा मस्जिद सर्वे के दौरान बवाल में आरोपी सांसद जियाउर्रहमान बर्क समेत 23 के



खिलाफ एसआईटी ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। सांसद व विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को नामजद आरोपी बनाया गया था। जफर अली एडवोकेट की भी गिरफ्तारी कर ली थी।

### घूमने निकले 3 बुजुर्गों सहित 4 की मौत

**आगरा।** यहां के थाना ट्रांस क्षेत्र के शाहदरा फ्लाई ओवर पर दर्दनाक हादसा हुआ। बुधवार सुबह



लखनऊ मंडी से मैक्स में आम भरकर ला रही गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। मैक्स अनियंत्रित हो गई। मैक्स डिवाइडर में टकराकर पलट गई। हाईवे किनारे सुबह टहलने के लिए निकले 3 लोग दब गए। चालक गंभीर घायल हो गया।

### राजस्थान कांग्रेस के 2 विधायकों को सजा

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में 11साल पहले सड़क जाम करने और भीड़ इकट्ठा करने



के मामले में कांग्रेस के दो विधायक को दोषी करार दिए गए हैं। एसीजेएम कोर्ट ने शाहपुरा से विधायक मनीष यादव और लाडनूं के विधायक मुकेश भाकर को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने दोनों को 1-1 साल की सजा सुनाई है।

### कोरोना से 24 घंटे में 4 मौतें, एक्टिव केस बढ़े

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के नए वैरिएंट से मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बीते 24 घंटे में



4 मौतें हुई हैं। महाराष्ट्र में 2 और दिल्ली, केरल में 1-1 मरीज ने जान गंवाई। अब तक 113 की मौत हुई है। मृतकों में सबसे ज्यादा केरल में 36,महाराष्ट्र में 31 है। दिल्ली में भी 13 मौतें हुई हैं। 6,483 एक्टिव केस हैं।

### सरकार के आदेश पर विवाद के बाद बोले मुख्यमंत्री फडणवीस

# तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी सीखने की कोई 'अनिवार्यता' नहीं, हिंदी को बताया वैकल्पिक

एजेंसी पुणे

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि राज्य के छात्रों के लिए हिंदी सीखने की 'अनिवार्यता' नए आदेश में हटा दी गई है और अब किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में चुना जा सकता है। फडणवीस ने देहू में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अंग्रेजी को व्यापक रूप से बढ़ावा दिया जाता है, लेकिन भारतीय भाषाओं की अकसर उपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि भाषाओं को लेकर विवाद अनावश्यक है। राज्य सरकार ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर कहा था कि मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पहली से 5 वीं कक्षा तक के छात्रों को हिंदी 'सामान्य रूप से' तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाई जाएगी। संशोधित सरकारी प्रस्ताव (जीआर) में कहा गया है कि हिंदी अनिवार्य होने के बजाय 'सामान्य रूप से'तीसरी भाषा होगी, तथा यदि किसी स्कूल में प्रति कक्षा 20 विद्यार्थी हिंदी के अलावा किसी अन्य भारतीय भाषा का अध्ययन करने की इच्छा व्यक्त करते हैं तो उन्हें इससे बाहर रहने का विकल्प दिया गया है।

### कांग्रेस ने सरकार पर मराठी लोगों की छाती में 'छुरा घोंपने' का आरोप लगाया

### किसी भी तीसरी भारतीय भाषा का विकल्प दिया



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पहले हिंदी को अनिवार्य कर दिया था, लेकिन अब सरकारी आदेश में उस अनिवार्यता को हटा दिया गया है। नए सरकारी आदेश के अनुसार छात्र किसी भी तीसरी भारतीय भाषा का विकल्प चुन सकते हैं। नईशिक्षा नीति (एनईपी) में त्रि-भाषा फॉर्मूला प्रस्तावित किया गया है। फडणवीस ने कहा कि नीति के अनुसार मातृभाषा अनिवार्य है और इसके अलावा छात्र दो अन्य भाषाएं सीखेंगे, जिनमें से एक भारतीय भाषा होनी चाहिए। फडणवीस ने कहा कि स्वाभाविक रूप से, कई लोग तीन भाषाओं में से एक के रूप में अंग्रेजी को चुनते हैं।

**अब हमने नियम को हटा दिया**

उन्होंने कहा कि पहले हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में प्रस्तावित किया गया था क्योंकि इसके शिक्षक अच्छी संख्या में उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने अब उस नियम को हटा दिया है। किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में चुना जा सकता है। यदि कम से कम 20 छात्र हैं, तो एक शिक्षक उपलब्ध कराया जाएगा। यदि आवश्यक हो, तो ऑनलाइन शिक्षा की सुविधा भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जहां हर कोई अंग्रेजी को बढ़ावा देता है, वहीं भारतीय भाषाओं की अकसर उपेक्षा की जाती है, जो उचित नहीं है। फडणवीस ने कहा कि भारतीय भाषाएं अंग्रेजी से बेहतर हैं। मैं समझता हूं कि अंग्रेजी संचार की भाषा है, लेकिन एनईपी की वजह से मराठी ज्ञान की भाषा बन गई है।

**किसी तीसरी भाषा सीखने में नुकसान कैसा?**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह (ठाकरे) इस बात पर जोर दे रहे हैं कि केवल दो भाषाएं पढ़ाई जानी चाहिए और तीसरी भाषा नहीं थोपी जानी चाहिए। मैंने उन्हें समझाने की कोशिश की कि केंद्र ने काफी विचार-विमर्श के बाद एनईपी में त्रि-भाषा फॉर्मूला पेश किया है। उन्होंने कहा, कि यदि पूरा देश त्रि-भाषा फॉर्मूले का पालन कर रहा है, तो महाराष्ट्र दो-भाषा प्रणाली नहीं अपना सकता। फडणवीस ने कहा कि तमिलनाडु सरकार ने त्रि-भाषा फॉर्मूले को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन अदालत ने उसकी याचिका स्वीकार नहीं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि किसी तीसरी भारतीय भाषा को सीखने में क्या नुकसान है? उन्होंने कहा कि एनईपी को देशभर के विशेषज्ञों द्वारा गहन विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। एनईपी पर काम करते समय बच्चों की संज्ञानात्मक शक्ति, उनकी मानसिक क्षमताओं का विकास कैसे किया जाए, इन सभी को ध्यान में रखा गया है।

### छोटे बच्चों को 3 भाषाएं सीखने के लिए मजबूर न करें: राज



राज ठाकरे ने कहा कि हमें पहली और दूसरी कक्षा के छोटे बच्चों को तीन भाषाएं सीखने के लिए मजबूर नहीं करना चाहिए। हमारे पास तीन भाषाएं, उनके विकल्प नहीं होने चाहिए। जब छठी कक्षा से अब तक तीसरी भाषा पढ़ाई जाती है तो पहली कक्षा से इसे मजबूर करने की क्या जरूरत है? राज ने कहा कि महाराष्ट्र में मूल रूप से शिक्षकों की कमी है। आप शिक्षकों पर अधिक भाषाएं पढ़ाने का बोझ क्यों डाल रहे हैं? क्या राज्य सरकार यह नीति इसलिए ला रही है ताकि आईएएस अधिकारियों के लिए हिंदी बोलना आसान हो जाए और उन्हें मराठी बोलना और सीखना न पड़े? अगर यह सरकार मराठी है तो यह अनिवार्यता वापस ले ली जाएगी। उन्होंने राज्य के स्कूलों से अपील की कि वे सरकार के 'जानबूझकर भाषायी विभाजन पैदा करने के गोपनीय एजेंडे' को विफल करें।

**पिछले दरवाजे से की जा रही है नीति लागू**

कुछ मराठी समर्थक संगठनों ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह शुरू में पीछे हटने के बाद 'पिछले दरवाजे' से नीति को पुनः लागू कर रही है। विपक्षी कांग्रेस ने सरकार पर मराठी लोगों की छाती में 'छुरा घोंपने' का आरोप लगाया। फडणवीस ने कहा कि जीआर में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि मराठी अनिवार्य है, जबकि हिंदी वैकल्पिक है।

### कानून-व्यवस्था की स्थिति और आबकारी नीलामी की प्रगति की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पुलिस बल को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि धरातल पर पुलिस की उपस्थिति ऐसी होनी चाहिए जिससे जनता सुरक्षित महसूस करे और गलत काम करने वालों व असामाजिक तत्वों के बीच कानून का डर पैदा हो, जिससे नागरिकों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित हो सके। सैनी ने बुधवार को राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति और आबकारी नीलामी की प्रगति की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये बात कही।

बैठक के दौरान अपराधियों के खिलाफ 'हाई ऑक्टेन अभियान' चलाने और हरियाणा में पुलिस की प्रभावी व उत्तरदायी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कुरुक्षेत्र में एक आबकारी लाइसेंसधारी की हत्या की रिपोर्ट पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि जिन नागरिकों को धमकी या फिरौती संबंधी कॉल मिल रही हैं, उन्हें त्वरित सुरक्षा प्रदान की जाए। इस उद्देश्य के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर जारी कर उसे इमरजेंसी सेवा '112' से लिंक करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने आबकारी एवं कराधान विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को



अपराध के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर विशेष जोर रहे

आबकारी नीलामी की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने और राज्य को मिलने वाले राजस्व को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आबकारी नीलामी में, अब तक विभाग 934 आबकारी जोन की नीलामी के साथ अधिकांश आबकारी जोन की नीलामी करने में सक्षम रहा है और पिछले वर्ष के 5037 करोड़ रुपए की तुलना में इस बार 11,054 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया है।

नीलामी के दौरान अब तक अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि गंभीर मामलों की नियमित और सख्त निगरानी उच्चतम स्तर पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्टेट टास्क फोर्स (एसटीएफ) को और अधिक मैनपावर और संसाधन प्रदान करने के निर्देश दिए ताकि लंबित मामलों का शीघ्र समाधान हो सके और कोई भी गैंगस्टर या अपराधी कानून से बच न सके।

बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, आबकारी एवं कराधान विभाग की आयुक्त एवं सचिव आशिमा बराड़ और पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## 45 लाख के फर्जी बिल पर साठगांठ कर 10 ने की लूट, सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली

सीबीआई ने 45 लाख रुपए के फर्जी बिलों के मामले में ओएनजीसी, जोरहाट के पूर्व डीजीएम (एमएस) और संविदाधीन चिकित्सा अधिकारी तथा 8 निजी मेडिकल दुकानों के मालिकों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया। ओएनजीसी, जोरहाट के तत्कालीन डीजीएम (एमएस) और संविदाधीन चिकित्सा अधिकारी (व्यावसायिक स्वास्थ्य) तथा 8 निजी मेडिकल दुकानों के मालिकों सहित 10 आरोपियों के खिलाफ विस्तृत जांच और साक्ष्य इकट्ठा करने के बाद सीबीआई ने भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। इन आरोपियों पर आरोप है कि आरोपी लोक सेवकों ने 2019 से 2022 के दौरान निजी एम्पनेल्ड मेडिकल दुकानों के मालिकों और अज्ञात व्यक्तियों के साथ आपराधिक साजिश की। यह भी आरोप लगाया गया कि 8 एम्पनेल्ड मेडिकल दुकानों के मालिकों ने ओएनजीसी के लाभार्थियों और उनके आश्रितों की जानकारी के बिना दवाइयां जारी करने के लिए फर्जी मांग पर्चियों के आधार पर 45 लाख रुपये के झूठे और फर्जी बिल का दावा किया।

उपरोक्त सभी आरोपी व्यक्तियों के विभिन्न आवासीय परिसरों में तलाशी ली गई, जिसमें कुछ अपराध सिद्ध करने वाले दस्तावेज बरामद हुए। इसके साथ ही अधिकारी ने बतााया कि मामले की जांच जारी है।

**एफआईआर में आरोपियों के नाम**

- डॉ. बिजॉय कुमार शॉ, तत्कालीन डीजीएम (एमएस), ओएनजीसी, जोरहाट,
- डॉ. ईशित्व तामुली, संविदाधीन चिकित्सा अधिकारी (व्यावसायिक स्वास्थ्य), ओएनजीसी, जोरहाट
- भंवरी लाल लखोटिया, प्रोप., मेसर्स लखोटिया मेडिकल हॉल, जोरहाट,
- सतादल घोष, प्रोप. मेसर्स नॉर्थ ईस्ट मेडिकल, जोरहाट;
- खिरुद सैकिया, प्रोप. मेसर्स जय शंकर मेडिकल, जोरहाट;
- मिनाक्षी बरुआ, प्रोप. मेसर्स मिनाक्षी ड्रग्स, जोरहाट;
- शंकर गोस्वामी, प्रो. मेसर्स न्यू संजीवनी मेडिकल, जोरहाट;
- रितु बारपात्रा गोहेन, प्रोप. मेसर्स निशिता मेडिकल, जोरहाट;
- मासूमा रहमान गोनी, प्रोप. मेसर्स तिनी अली मेडिकल हॉल, जोरहाट
- पूर्णिमा बोरदोलोई, प्रोप. मेसर्स दीपाली मेडिकल, जोरहाट।

### नाबालिग की गुहार पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

## माय लॉर्ड मेरी शादी खत्म कीजिए... ससुर ने उसको कैद करके रखा था

फिलहाल दोस्त के साथ फरार

एजेंसी नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में एक नाबालिग लड़की ने अपनी शादी को रद्द करने की मांग की है। याचिका में 16 साल की लड़की ने पति पर विवाह के लिए दबाव डालने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ भी निर्देश देने की मांग की है। याचिका में आरोप लगाया गया कि उसकी इच्छा के विरुद्ध 9 दिसंबर 2024 को शादी कर दी गई, जब उस समय वह साढ़े सोलह वर्ष की थी। लड़की ने दावा किया कि उसके ससुर ने उसे कैद में रखा हुआ था



**परिवार ने जबरन कराया था बाल विवाह**

लड़की की इच्छा शिक्षा जारी रखने की थी, पर इसका बाल विवाह करा दिया गया और इस विवाह को बनाए रखने का विरोध करने की वजह से उसकी जान को खतरा है। नाबालिग ने दावा किया कि वह फिलहाल अपने एक दोस्त के साथ फरार है और उसे डर है कि अगर वे बिहार लौटेंगे तो उन्हें मार दिया जाएगा।

**नाबालिग की सुरक्षा सुनिश्चित करे बिहार और दिल्ली पुलिस**

शीर्ष कोर्ट ने बिहार के पुलिस महानिदेशक और दिल्ली पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि वे अपनी शादी को रद्द करने की मांग कर रही नाबालिग लड़की को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करें। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि लड़की और उसके दोस्त को अपनी जान को खतरा है। अधिकारी उनसे संपर्क करके आवश्यक सहायता प्रदान करें।

### साहित्य अकादमी ने सम्मान से नवाजने का किया ऐलान

## हिंदी में सुशील शुक्ल समेत 24 भाषाओं के लेखकों को 'बाल साहित्य पुरस्कार' मिलेंगे



एजेंसी नई दिल्ली

साहित्य अकादमी ने हिंदी में सुशील शुक्ल, अंग्रेजी में नितिन कुशलप्पा एमपी और उर्दू में गज़नफर इकबाल समेत 24 भारतीय भाषाओं के लेखकों को 2025 के प्रतिष्ठित बाल साहित्य पुरस्कार से नवाजका बुधवार को ऐलान किया। अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव के हवाले से बताया गया है कि एक उत्कीर्ण ताम्रफलक तथा 50 हजार की सम्मान राशि दी जाएगी।

**हिंदी में 'एक बटे बारह' पुरस्कृत**

हिंदी में शुक्ल को उनकी कहानी 'एक बटे बारह' के लिए पुरस्कार मिलेगा। अंग्रेजी में नितिन कुशलप्पा एमपी को 'दक्षिण, साउथ इंडियन मिथ्स एंड फैब्लस रीटोल्ड' , उर्दू में इकबाल को 'कौमी सितारे' व मैथिली में मुन्नी कामत को 'चुक्का' , बांग्ला में त्रिदिब कुमार चट्टोपाध्याय को 'एखोनो गाये कांटा देय', गुजराती में कीर्तिदा ब्रह्मभट्ट को 'टिंचक', मराठी में सुरेश सावंत को 'आभालमाया'और पंजाबी में पाली खादिम (अमृत पाल सिंह) को 'जादू पत्ता',भोगीलाल पाटीदार को 'पंखेरुवं नी पीड़ा' , संस्कृत में प्रीति पुजारा को 'बाल विश्वम', संथाली में हरलाल मुर्मू को 'सोना मिरु-अग संदेश',नेपाली में साङ्मु लेप्चा को 'शांति वन', असमिया में सुरेंद्र मोहन दास को 'मैनाहंतर पद्य', बोडो में बिनय कुमार ब्रह्मा को 'खान्थि बोसोन आरो आखु दानाय', डोगरी में पीएल परिहार 'शौक' को 'नन्हीं टोर', कोंकणी में नयना आडारकार सम्मानित होंगे।

## हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद बिहार की डबल इंजिन सरकार 99 प्रतिशत स्कूलों में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाने में विफल, कांग्रेस का आरोप

हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली

महिला कांग्रेस ने देश में लगभग 60 प्रतिशत महिलाओं को सैनिटरी पैड उपलब्ध नहीं होने कर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कपड़े के



उपयोग से महिलाएं गंभीर बीमारियों का शिकार हो रही हैं, जबकि मोदी सरकार केवल खोखले प्रचार में व्यस्त है। कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने मासिक धर्म स्वच्छता के मुद्दे पर चौंकाने वाले आंकड़े पेश किए। उन्होंने बताया कि बिहार में 80 प्रतिशत लड़कियों को सैनिटरी पैड नहीं मिल पाता है। उन्होंने बताया कि पटना हाईकोर्ट के इस आदेश के बावजूद की बिहार के 40,000 स्कूलों में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीनें होनी चाहिए, केवल 350 स्कूलों में ही ऐसी मशीनें लगाई गईं। लड़कियों को प्रति वर्ष 300 रुपये दिए जाते हैं, लेकिन उन्हें वह पैसा भी नहीं मिल रहा है।

लांबा ने कहा कि जो काम बिहार सरकार को करना चाहिए था, वह लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में महिला कांग्रेस ने प्रियदर्शिनी उड़ान प्रोजेक्ट के तहत किया है। उन्होंने बताया कि शुरुआती तौर पर बिहार के बेगूसराय, वैशाली और दिल्ली में सैनिटरी वेंडिंग मशीनें लगाई गई हैं। इन मशीनों के माध्यम से 50 महिलाओं को रोजगार भी मिला है। लांबा ने घोषणा की कि राहुल के जन्मदिन के अवसर पर बिहार में 25,000 महिलाओं को सैनिटरी पैड वितरित किए जाएंगे। उन्होंने प्रियदर्शिनी उड़ान योजना की शुरुआत का एक वीडियो भी साझा किया। लांबा ने राजस्थान में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की प्रियदर्शनी उड़ान प्रोजेक्ट की सराहना की, जिसे 19 नवंबर 2011 को अशोक गहलोत सरकार ने शुरू किया था। इस योजना के तहत 11 से 45 साल की आयु की 1 करोड़ 23 लाख महिलाओं को मुफ्त सैनिटरी पैड दिए जा रहे थे। हालांकि, उन्होंने वर्तमान भाजपा की डबल इंजन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उड़ान योजना में डेढ़ करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है, जिसमें मुफ्त सैनिटरी पैड वापस सरकार को ही बेच दिए गए। उन्होंने भरतपुर, राजस्थान की आंगनवाड़ियों का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां आखिरी बार 2024 में केवल 810 सैनिटरी पैड आए थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश की 40 करोड़ जिंदगियों के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि गुजरात, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में 14 से 17 साल आयु की बड़ी संख्या में लड़कियों ने मासिक धर्म के कारण अपनी स्कूली शिक्षा छोड़ दी। लांबा ने कहा कि ओडिशा के मलकानगिरी और कालाहांडी में 97 प्रतिशत महिलाओं द्वारा मासिक धर्म में कपड़े का इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने बताया कि 98 प्रतिशत महिलाओं में मासिक धर्म को लेकर जागरूकता की कमी है, जबकि दिल्ली की झुग्गियों में 59 प्रतिशत महिलाएं पैड खरीदने में आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं। उन्होंने भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उसने सैनिटरी पैड पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाया था, जिसे विरोध के बाद वापस लेना पड़ा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि मोदी सरकार अब भी सैनिटरी पैड के कच्चे माल पर भारी टैक्स वसूल रही है।

**खबर संक्षेप**

## डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे टूटकर 86.47 पर बंद



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे की गिरावट के साथ 86.47 (अस्थायी) पर बंद हुआ। जोखिम लेने से बचने तथा कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण रुपये में यह गिरावट आई। घरेलू शेयर बाजारों और डॉलर की मजबूती के बीच रुपये में गिरावट आई।

## बैंकों के पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक में मार्च में सुधार




**मुंबई।** आरबीआई ने बुधवार को कहा कि वाणिज्यिक बैंकों का पर्यवेक्षी डाटा गुणवत्ता सूचकांक मार्च 2025 में बढ़कर 89.3 हो गया है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 88.6 था। आरबीआई ने एक पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक बनाया है, जो डूबे ऋण, विभिन्न प्रमुख वित्तीय मापदंडों में सटीकता, समयबद्धता, पूर्णता और स्थिरता के संदर्भ में डेटा गुणवत्ता का मूल्यांकन करता है।

## ब्रिटेन की मुद्रास्फीति मई में घटी, कम रही गिरावट




**लंदन।** ब्रिटेन में मई माह में मुद्रास्फीति में मामूली गिरावट आई है। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी मिली। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने कहा कि उपभोक्ता कीमतें मई में 3.4 प्रतिशत बढ़ीं, जो अप्रैल के 3.5 प्रतिशत से कम है। इसका अर्थ यह है कि मुद्रास्फीति बैंक ऑफ इंग्लैंड के दो प्रतिशत के लक्ष्य से काफी ऊपर बनी हुई है।

# रिलायंस इंफ्रा ने फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन के साथ कर ली बड़ी डील

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- भारत की वैमानिकी क्षेत्र में विनिर्माण क्षमताओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम

अनिल अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर की इकाई रिलायंस एयरोस्ट्रक्चर ने वैश्विक बाजारों के लिए भारत में फाल्कन 2000 'बिजनेस एग्जीक्यूटिव जेट' बनाने के लिए फ्रांस की दिग्गज कंपनी डसॉल्ट एविएशन के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। दोनों कंपनियों ने बुधवार को यह घोषणा की। यह घोषणा पेरिस एयरशो के दौरान की गयी। यह साझेदारी भारत की वैमानिकी क्षेत्र में विनिर्माण क्षमताओं को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। दसॉं एविएशन ने कहा कि पहली बार वह फ्रांस के बाहर फाल्कन 2000 जेट का विनिर्माण करेगी।

### वैश्विक बाजारों के लिए भारत में फाल्कन 2000 जेट बनाए जाएंगे

#### नागपुर में बनकर तैयार होगा फाल्कन 2000

*कंपनी ने यह भी बताया, यह देश की एयरोस्पेस और मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के लिए एक ऐतिहासिक पल है क्योंकि इसी एग्रीमेंट के साथ अमेरिका, फ्रांस, कनाडा और ब्राजील जैसे नेक्स्ट जेनरेशन के बिजनेस जेट बनाने वाले देशों के एलिट क्लब में भारत की एंट्री होती है। रिलायंस इंफ्रा ने बताया कि महाराष्ट्र के नागपुर में फाल्कन 2000 बिजनेस जेट बनाए जाएंगे। यहां पहले से मौजूद फैसिलिटी में 2019 से फाल्कन 2000 जेट के कुछ हिस्से बनाए जाते थे और अब पूरा जेट यहीं बनकर तैयार होगा।*




#### कंपनी को मिला 300 करोड़ का नया निवेश

इसके अलावा, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने बताया कि कंपनी ने अपने प्रमोटर ग्रुप की यूनिट रिसी इन्फिनिटी प्राइवेट लिमिटेड को 1.25 करोड़ रुपए के फुली पेड अप इक्विटी शेयर 240 रुपए प्रति शेयर (230 रुपए के प्रीमियम सहित) पर अलॉट किए हैं। इससे कंपनी ने 300 करोड़ रुपए की पूंजी जुटाई है। इससे कंपनी की कैपिटल बढ़ेगी, तो नए प्रोजेक्ट्स पर काम तेजी से होगा।

#### शेयर बाजार में चढ़े कंपनी के शेयर

*अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयरों में बुधवार, 18 जून को गजब की तेजी देखने को मिली। दोपहर में कारोबार के दौरान शेयरों की इतनी जबरदस्त खरीदारी हुई कि 5 परसेंट का अपर सर्किट लग गया। इसी के साथ यह 386.05 रुपए के इंट्राडे-हाई पर पहुंच गया। शेयरों में आई इस तेजी के पीछे एक डील है।*

*फाल्कन में है हर तरह की सुविधा : फाल्कन 2000 जेट एक ट्विन इंजन बिजनेस जेट है, जो अपनी रेंज, स्पीड और आरामदायक लग्जीरियस केबिन के लिए जाना जाता है। इसमें 19 लोगों के बैठने की जगह है। यह जेट लगभग 6500 किलोमीटर की दूरी बिना रुके तय कर सकता है। वहीं, इसकी रफ्तार 610 मील प्रति घंटा है।*

### पिछले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत रही थी

# भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 6.2 फीसदी से अधिक रहने का अनुमान: इक्रा

एजेंसी ⏭ कोलकाता

- सकल मूल्य वर्धित वृद्धि दर 6.4 फीसदी से अधिक होगी
- महंगाई दर के 3.5 फीसदी से अधिक रहने का अनुमान
- थोक मूल्य सूचकांक चालू वित्त वर्ष में 1.8 फीसदी रहेगा

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही थी।

एजेंसी ने अपने ताजा परिदृश्य में कहा कि इसी अवधि के दौरान देश की वास्तविक सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत से अधिक होगी।

जहां जीडीपी देश के भीतर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है, वहीं जीवीए उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य में से मध्यवर्ती वस्तुओं और सेवाओं की लागत को घटाने पर प्राप्त होता है।

#### महंगाई नियंत्रण में रहेगी

रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति के संबंध में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर के 3.5 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान है, जबकि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) चालू वित्त वर्ष में 1.8 प्रतिशत से अधिक रहेगा।




#### निर्यात में सुस्ती जारी रहेगी

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट में आयकर में बड़ी राहत, नीतिगत दर में कटौती से ईएमआई (मासिक किस्त) में कमी और खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी से घरेलू खर्च योग्य आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत के वस्तु निर्यात में सुस्ती निकट भविष्य में भी जारी रह सकती है।

#### राजकोषीय घाटा 4.4 फीसदी रहने का अनुमान

इक्रा ने 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि इसी अवधि के दौरान चालू खाता घाटा 1.2 प्रतिशत से 1.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एजेंसी के अनुसार, रबी फसल बेहतर होने और सामान्य से अधिक जलाशय स्तर के कारण ग्रामीण मांग में तेजी बनी रहने की संभावना है।

### चिप विनिर्माण के लिए भारत प्रमुख गंतव्य बना: मूडीज




पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया की विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाएं कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश के लिए प्रमुख लक्ष्य हैं। मूडीज एनालिटिक्स ने बुधवार को कहा कि इनमें भारत, सिंगापुर और मलेशिया तेजी से खुद को डेटा सेंटर परियोजनाओं या चिप विनिर्माण के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

#### सीमापार निवेश धीमा हो रहा

मूडीज एनालिटिक्स ने अपनी रिपोर्ट 'एआई इज बीटिंग द ऑड्स' में कहा कि ऐसे समय में जब सीमापार निवेश धीमा हो रहा है और वैश्विक व्यापार टूट रहा है, तब एआई पर खर्च वर्तमान के विपरीत हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, भले ही व्यापार और भू-राजनीतिक तनाव अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहे हों, लेकिन एआई की बढ़ती मांग, आपूर्ति से कहीं ज़्यादा है। इस अंतर को पाटने के लिए वैश्विक निवेशक डेटा सेंटर और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं में पूंजी लगा रहे हैं।

#### अमेरिका में आउटबाउंड अधिक

रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका में आउटबाउंड (घरेलू कंपनी द्वारा विदेश में) एआई निवेश की हिस्सेदारी इसकी इनबाउंड (विदेशी कंपनी द्वारा घरेलू बाजार में) हिस्सेदारी से अधिक है। यह बताता है कि अमेरिकी प्रौद्योगिकी दिग्गज अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार कर रही हैं।

#### भारत, सिंगापुर व मलेशिया खुद को स्थापित कर रहें

मूडीज एनालिटिक्स ने कहा, "पूर्वी और दक्षिण-पूर्व एशिया में विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाएं प्रमुख गंतव्य हैं। विशेष रूप से, भारत, सिंगापुर और मलेशिया तेजी से डेटा सेंटर परियोजनाओं या चिप विनिर्माण के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में खुद को स्थापित कर रहे हैं। ये बाज़ार लागत लाभ, बढ़ती मांग और प्रौद्योगिकी निवेश के लिए सहायक नीतियां प्रदान करते हैं।"

# इजराइल-ईरान तनाव बढ़ने से चांदी नई ऊंचाई पर पहुंची

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



**चांदी की कीमत बढ़कर 1,08,200 रुपए प्रति किलोग्राम पर, सोने 540 रुपए की तेजी के साथ 1,00,710 रुपये प्रति 10 ग्राम**

इजरायल-ईरान संघर्ष के छठे दिन भी जारी रहने के बीच निवेशकों का सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों में झुकाव बढा है। इससे बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 1,08,200 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, जबकि सोना 540 रुपये बढ़कर एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर रहा।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। सराफा संघ के अनुसार, मंगलवार को पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 1,07,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। शुक्रवार को चांदी ने 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम के अपने पिछले सर्वकालिक उच्चस्तर को फिर से छुआ। फरवरी, 2012 के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह 37 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार कर गई। रुपये में कमजोरी से घरेलू बाजारों में सर्राफा कीमतों को समर्थन मिल रहा है।' सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 540 रुपये बढ़कर 1,00,710 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,380.97 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

#### हाजिर चांदी बढ़कर 37.18 डॉलर प्रति औंस

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर चांदी 0.15 प्रतिशत बढ़कर 37.18 डॉलर प्रति औंस हो गई। आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के एवीपी (जिंस एवं मुद्रा) मनीष शर्मा ने कहा, "बाजार प्रतिभागी निकट भविष्य में सतर्कतापूर्वक तेजी का रुख अपनाए हुए हैं, क्योंकि उन्हें आज रात होने वाली अमेरिकी एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) की बैठक से और अधिक संकेतों का इंतजार है।"

## सहरसा-अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस नई दिल्ली के बजाए दिल्ली स्टेशन पर रुकेगी

**हाजीपुर।** सहरसा और अमृतसर के मध्य चलने वाली गाड़ी सं. 12203/12204 सहरसा-अमृतसर-सहरसा गरीबरथ एक्सप्रेस का ठहराव नई दिल्ली के बजाए दिल्ली स्टेषन पर किया जा रहा है। दिनांक 17.08.2025 से अमृतसर से खुलने वाली गाड़ी सं. 12204 अमृतसर-सहरसा गरीबरथ एक्सप्रेस आर्दष नगर दिल्ली-नई दिल्ली-तिलक ब्रिज-साहिबाबाद मार्ग के बजाए आर्दष नगर दिल्ली-दिल्ली-दिल्ली शाहदरा-साहिबाबाद के रास्ते चलायी जाएगी अर्थात यह गाड़ी नई दिल्ली के बजाए दिल्ली स्टेशन पर 10.50/1105 बजे रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह दिनांक 18.08.2025 से सहरसा से खुलने वाली गाड़ी सं. 12203 सहरसा-अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस साहिबाबाद-तिलक ब्रिज-नई दिल्ली-आर्दष नगर दिल्ली मार्ग के बजाए साहिबाबाद-दिल्ली शाहदरा-दिल्ली-आर्दष नगर दिल्ली के रास्ते चलायी जाएगी अर्थात यह गाड़ी नई दिल्ली के बजाए दिल्ली स्टेषन पर 13.55/14.10 बजे रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

## लाइफ़स्टाइल का सीजन की सबसे बड़ी सेल का ऐलान नया कैंपेन खासतौर से तमन्ना भाटिया के साथ

**बेंगलुरु।** लाइफ़स्टाइल, जो भारत के प्रमुख फैशन डेस्टिनेशन्स में से एक है, अपनी एंड ऑफ सीजन सेल शुरू कर रहा है, जिसका लोग बहुत बेसब्री से इंतजार करते हैं, जिसमें खरीदारों को लेटेस्ट और मॉर्डन फैशन प्रोडक्ट की एक लंबी-चौड़ी कैटेगिरी पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इसके अलावा, एचडीएफसीक्रेडिट कार्ड धारकों के लिए एक खास ऑफ़र है, जिसमें उन्हें तुरंत 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। सीज़न को और रोमांचक बनाते हुए, लाइफ़स्टाइल ने इस कैंपेन के लिए खासतौर से तमन्ना भाटिया के साथ साझेदारी की है। अपने नेचुरल चार्म और अखिल भारतीय अपील के लिए जानी जाने वालीतमन्ना नेइस नए कैंपेन में ग्लैमर और भरोसे का अनोखा मेल पेश किया है। * नियम और शर्तें लागू रहेंगी। प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स के लेटेस्ट ट्रेंड और फैशन विकल्पों के बहुत बड़े सिलेक्शन के साथ, लाइफस्टाइल सेल फैशन के प्रति जागरूक रहने वाले खरीदारों को उचित कीमत पर अपने वॉडरोब को पूरी तरह से नई-नई चीज़ों से अपग्रेड करने की पहुँच देता है। इस सीज़न का कलेक्शन, नए व क्लासिक पीस वाले गर्मियों के तैयार डिज़ाइन का मेल है, जो हर खरीदार के लिए कुछ न कुछ लाया है, चाहे वह प्रीमियम स्टाइल की तलाश में हो या रोज़मर्रा के फैशन की। इस सेल को और भी ज़्यादा प्रासंगिक बनाने वाली बात यह है कि लाइफ़स्टाइल प्रीमियम और हाई-फ़ैशन प्रोडक्ट्स को ज़्यादा सुलभ बनाकर फैशन उद्योग के दायरे को बदल रहा है और एक ऐसा स्थान बना रहा है जहाँ कीमत और स्टाइल बहुत हद तक एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा, ब्रांड के नए कैंपेन, जिसमें तमन्ना भाटिया को फिल्माया गया है, लाइफ़स्टाइल के कुछ सबसे पसंदीदा ब्रांड्स के लुक का एक वाइब्रेंट, हाई-ऑन स्टाइल वाला शोकेस है। ऐसा उनकी बहुमुखी प्रतिभा को देखते हुए किया गया है - चाहे वह एक ऑल-ब्लैक आउटफिट हो या एथनिक पहनावा, तमन्ना आसानी से हर लुक को अपना बना लेती हैं। फिल्म मेंसीज़न की भावना को दर्शाया गया है, जिसमें ट्रेंड-फॉरवर्ड फैशन को उनके सिग्नेचर चार्म के साथ मिलाया गया है। लाइफस्टाइल के प्रवक्ता रितेश मिश्रा, अध्यक्ष - डिप्टी सीईओ ने कहा है कि हमारा कैंपेन खरीदारों को लाइफ़स्टाइल के एंड ऑफ सीजन सेल के ज़रिए लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को तलाशने के लिए आमंत्रित करता है।

# पश्चिम एशिया में तनाव से सेंसेक्स 139 अंक टूटा

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला बुधवार को दूसरे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 139 अंक और टूट गया। वहीं एनएसई निफ्टी 41 अंक के नुकसान में रहा। पश्चिम एशिया में तनाव और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर पर निर्णय से पहले निवेशकों के सतर्क रुख के बीच बाजार में गिरावट आई। सेंसेक्स शुरुआती लाभ को गंवाते हुए अंत में 138.64 अंक गिरावट के साथ 81,444.66 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स एक समय 346.29 अंक तक टूट गया था। निफ्टी भी 41.35 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,812.05 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "पश्चिम एशिया में जारी तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण घरेलू बाजार शुरुआती बढ़त बरकरार रखने में विफल रहे।



#### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की 225 और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त में रहे, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

## श्रावणी मेला के अवसर पर गया-कामाख्या एक्सप्रेस का सुलतानगंज स्टेषन पर ठहराव

**हाजीपुर।** रावणी मेला के अवसर पर गया और कामाख्या के मध्य चलायी जा रही गाड़ी सं. 15619/15620 गया-कामाख्या-गया एक्सप्रेस का सुलतानगंज स्टेषन पर दिनांक 11.07.2025 से 09.08.2025 तक 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है। गाड़ी सं. 15619 गया-कामाख्या एक्सप्रेस 17.45 बजे सुलतानगंज स्टेषन पर पहुंचेगी और 17.47 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह गाड़ी सं. 15620 कामाख्या-गया एक्सप्रेस 00.11 बजे सुलतानगंज स्टेषन पहुंचेगी और 00.13 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 29/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।

**क्र.सं. 1:-कार्य का विवरण:** स्वीकृत ट्रैक नवीनीकरण कार्यों (टी.आर.आर, आई.एस.डी, टी.टी.आर. एवं डीस्ट्रेसिंग कार्य आदि) के अर्न्तगत रेल की वेल्डिंग के लिए आर.डी.एस.ओ. द्वारा अनुमोदित एल्युमिनों थर्मिक वेल्डिंग पोर्शन का निर्माण एवं आपूर्ति तथा ए.टी. वेल्डिंग का निष्पादन। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 1,36,25,561.59 बयाना राशि रूपयों में: ₹ 2,18,100/- निविदा प्रपत्र का मूल्य-शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

1. ई- निविदा दिनांक 10.07.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी0).
मुजाधि/डब्लू-124 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सेल ने भारतीय नौसेना के आईएनएस अर्नाला के लिए की पूरी विशेष स्टील की आपूर्ति

**नई दिल्ली।** देश की महारत्न और सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी,स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता और आयात प्रतिस्थापन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है। सेल ने भारत के पहले स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (**ASW-SWC**), 'आईएनएस अर्नाला' के लिए विशेष स्टील की पूरी जरूरत को सफलतापूर्वक पूरा किया है। आईएनएस अर्नाला को आज, 18 जून, 2025 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।सेल ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (**GRSE**) द्वारा बनाए जा रहे, अन्य सात **ASW-SWC** कोरवेट के लिए भी विशेष स्टील की पूरी आपूर्ति की है। रक्षा स्वदेशीकरण की दिशा में, भारत के प्रयासों में एक प्रमुख भागीदार के रूप में, सेल ने इस परियोजना के लिए आवश्यक जरूरत की पूरी विशेष स्टील की आपूर्ति की है। यह देश की 'आत्मनिर्भर भारत' की पहल को लागू करने और आयात पर निर्भरता को कम करने में सेल की प्रतिबद्धता का एक और प्रभावशाली उदाहरण है। इसी दिशा में, सेल ने पहले भी आईएनएस विक्रांत, आईएनएस विंध्यगिरि, आईएनएस नीलगिरी, आईएनएस सूरत जैसी कई उल्लेखनीय परियोजनाओं के लिए विशेष स्टील की आपूर्ति की है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ज़ालिम सिंह** उर्फ़ **सोनू** पुत्र रामहित यादव निवासी ए-599, ए-ब्लाक, जे.जे.कॉलोनी, ख्याला, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 801/2014 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम थाना तिलक नगर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **ज़ालिम सिंह** उर्फ़ **सोनू** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **ज़ालिम सिंह** उर्फ़ **सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 801/2014 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम थाना तिलक नगर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **ज़ालिम सिंह** उर्फ़ **सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **13.08.2025** को हाजिर हो।


**आदेशानुसार: डा. अनीज़ा बिश्नोई,**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-07 (पश्चिम),**
**कमरा नं. 289,**
**तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली।**

DP/7554/WD/2025

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** | संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें। |
| **वृष** | खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। |
| **मिथुन** | शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं। |
| **कर्क** | क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। |
| **सिंह** | कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। |
| **कन्या** | कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें। |
| **तुला** | लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। |
| **वृश्चिक** | संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे। |
| **धनु** | स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। |
| **मकर** | आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी। |
| **कुंभ** | क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। |
| **मीन** | किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। |


## शब्द पहेली - 5902




**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 5901 का हल**





## खबर संक्षेप



### चुनावों को अमान्य करे अदालत : जैन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ के अध्यक्ष अनिल जैन ने दिल्ली उच्च न्यायालय से सितंबर 2024 में कराये गए संघ के चुनावों को अमान्य घोषित करने का अनुरोध किया है जिससे कार्यकारी समिति के नाराज सदस्यों ने 27 जून को बैठक बुलाई है। राज्य संघों द्वारा पिछले साल जैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया था। एआईटीए की एक मान्यता प्राप्त इकाई ने उस समय आरोप लगाया था कि जैन ने संघ में अपने पद का उपयोग निजी फायदे के लिए किया था। हालांकि नयी संस्था का चुनाव कराने वाली एजीएम (आम सालाना बैठक) से पहले अविश्वास प्रस्ताव को वापस ले लिया गया था।

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बर्लिन रवाना



**नई दिल्ली।** भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम 21 से 25 जून तक होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बुधवार को बर्लिन के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता इस साल के अंत में होने वाले विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है। कप्तान अराइजीत सिंह हुंडल के नेतृत्व में भारतीय टीम आज सुबह बेंगलुरु से रवाना हुई। आमिर अली टीम के उप कप्तान हैं। टीम 21 जून को मेजबान जर्मनी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम इसके बाद 22 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी और राउंड रोबिन चरण के अपने अंतिम मैच में स्पेन के खिलाफ खेलेगी। सभी मैच बर्लिन में होंगे।

### रेडिट ने तेंदुलकर को बनाया ब्रांड दूत




**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने बुधवार को महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को अपना ब्रांड दूत नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि खेल प्रशंसकों को अब 'रेडिट कम्यूनिटी' में तेंदुलकर के साथ जुड़ने के विशेष अवसर मिलेंगे। अपने आधिकारिक रेडिट प्रोफाइल के माध्यम से महान बल्लेबाज तेंदुलकर अपने व्यक्तिगत विचार, मैच की जानकारी और विशेष सामग्री साझा करेंगे। बयान में कहा गया है, 'आने वाले महीनों में तेंदुलकर भारत के साथ-साथ दुनिया भर के अन्य बाजारों में रेडिट के लिए एक नए मार्केटिंग अभियान में भी दिखाई देंगे।'

### बेथेल की जगह कुक ने पोप का किया समर्थन



**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने भारत के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के दौरान बल्लेबाजी लाइन अप में जैकब बेथेल से पहले ओली पोप को तीसरे नंबर पर बरकरार रखने का समर्थन किया। इंग्लैंड के उप कप्तान पोप ने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में 171 रन की शानदार पारी खेलकर अपना दावा पेश किया जो इस सत्र में उनका एकमात्र टेस्ट मैच था। 'द इंडिपेंडेंट' में कुक के हवाले से कहा गया, 'ओली पोप के 170 रन मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं। वह और जैक क्रॉउले दबाव में थे और उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया।'

# इंटर मिलान को मोंटेरे ने बराबरी पर रोका

एजेंसी ▶▶| पासाडेना

इंटर मिलान को क्लब विश्व कप में मंगलवार रात मोंटेरे ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। चैंपियन्स लीग फाइनल में हार के बाद इटली की टीम इंटर मिलान का यह पहला मैच था। स्पेन के अनुभवी स्टार सर्जियो रामोस ने पहले हाफ में हेडर से शानदार गोल दागकर मोंटेरे को बढ़त दिलाई। लॉटेरो मार्टिनेज ने मध्यांतर से पहले गोल दागकर स्कोर 1-1 किया लेकिन इटली की टीम लगभग 62 प्रतिशत समय गेंद को अपने कब्जे में रखने के बावजूद दूसरा गोल नहीं कर सकी।



# टेस्ट सीरीज में रोहित से अधिक कोहली की कमी खलेगी : बॉयकॉट

एजेंसी ▶▶| लीड्स

पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ज्योफ्री बॉयकॉट का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला में भारत को रोहित शर्मा से अधिक विराट कोहली की कमी खलेगी। दोनों के हाल ही में इस प्रारूप से संन्यास लेने से शुक्रवार से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला में मेहमान टीम की संभावनाओं को 'नुकसान' पहुंचेगा।

भारत और इंग्लैंड अगले छह हफ्तों मे पांच टेस्ट खेलेंगे और नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। बॉयकॉट ने 'डेली टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा, 'विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास लेने से भारत की इंग्लैंड को हराने की संभावनाओं को नुकसान पहुंचेगा। कोहली सबसे बड़ा नुकसान हैं क्योंकि वे तीनों प्रारूप में उनके सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे हैं। भारत द्वारा बहुत अधिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेले जाने और बहुत कम आराम किए जाने के कारण, इसका बहुत असर पड़ता है और दिमाग थक जाता है।' इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कोहली की अनुपस्थिति को एक बड़ा झटका बताया।




## भारत-इंग्लैंड टेस्ट
### लीड्स के पिच को लेकर क्यूरेटर ने जताई संभावना

# पहले दिन तेज गेंदबाज ढाएंगे कहर फिर बल्लेबाज लगाएंगे रनों की झड़ी


एजेंसी ▶▶| लीड्स

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट लीड्स में 20 जून से खेला जाएगा। लीड्स आमतौर पर किसी सीरीज के बीच में टेस्ट मैच की मेजबानी करता है, लेकिन यहां शुरुआती मैच के आयोजन ने बहुत अधिक ध्यान खींचा है। भारतीय टीम सोमवार को यहां पहुंची।

इंग्लैंड ने यहां एक ट्रेनिंग सेशन आयोजित किया, जहां दिन के दौरान पिच को ढककर रखा गया था। भारत ने लीड्स में पिछले दो दशक में बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है। टीम को 2021 में यहां अपने पिछले मैच में पारी की हार का सामना करना पड़ा था। लीड्स के मैदान प्रमुख रिचर्ड रॉबिन्सन ने कहा है कि यहां असामान्य रूप से शुष्क मौसम और इंग्लैंड की आक्रामक खेल शैली ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए 'अच्छी सतह' की उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

### तेज गेंदबाजों के अनुकल पिच की मांग

रॉबिन्सन ने 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' से कहा, 'वे (इंग्लैंड) बस एक अच्छी सतह चाहते हैं, ताकि हम गेंद की लाइन पर हिट कर सकें। वे यही चाहते हैं।' रॉबिन्सन को उम्मीद है कि शुरुआती दिन पिच तेज गेंदबाजों की मदद करेगी, लेकिन अपेक्षित गर्मी के कारण सपाट हो जाएगी। पिच न केवल इंग्लैंड की बैजबॉल शैली (आक्रामक खेलने की शैली) के अनुकूल होगी, बल्कि यह अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को भी मुकाबले में बने रहने का अधिक मौका देगी।



### राहुल सबसे सीनियर खिलाड़ी

रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम में केएल राहुल सबसे सीनियर खिलाड़ी होंगे, जिन्हें सेना (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में अपने साधारण रिकॉर्ड को देखते हुए काफी कुछ साबित करना होगा। बल्लेबाजी क्रम में यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं जो सीनियर टीम के साथ इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर आए हैं। करुण नायर ने पिछली बार 2017 में टेस्ट मैच खेला था। वह टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक भी जड़ चुके हैं।




### पहली श्रृंखला में इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का लुत्फ उठा रहे गिल

पहली बार टेस्ट श्रृंखला में भारत की अगुआई करने की तैयारी कर रहे शुभमन गिल इंग्लैंड के लगातार बदलते मौसम की चुनौती का सामना कर रहे हैं जबकि सीनियर बल्लेबाज लोकेश राहुल भी इन परिस्थितियों में खेलने को लेकर उतने ही उत्साहित हैं। बीसीसीआई द्वारा 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो में कप्तान गिल सहित कई भारतीय खिलाड़ियों ने साझा किया कि जब वे इंग्लैंड में खेलने के बारे में सोचते हैं तो उनके दिमाग में क्या आता है।

### ड्यूक बॉल, नंबर एक


गिल ने कहा, 'ड्यूक बॉल, यह नंबर एक है। मौसम जो हमेशा बदलता रहता है, वह रोमांचक और कठिन है। और दर्शकों का माहौल।' राहुल ने कहा, 'यहां टेस्ट क्रिकेट खेलना मुझे उत्साहित करता है। यहां की गर्मियां स्वदेश की गर्मियों से अलग है, यह कुछ ऐसा है जिसमें मुझे क्रिकेट खेलने में मजा आता है। जब सूरज निकलता है तो क्रिकेट खेलना बहुत अच्छा लगता है। तीसरी बात है रेस्तरां और खाने के विकल्प।'

### मौसम, हॉट चॉकलेट

स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने कहा, 'स्विंग और सीम, भारत यहां काफी मैच जीत रहा है।' शुक्रवार को पहले टेस्ट में पदार्पण के दावेदार माने जा रहे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज साई सुदर्शन ने कहा, 'मौसम, हॉट चॉकलेट, ड्यूक गेंद।' आठ साल बाद संभावित वापसी के लिए तैयार करुण नायर ने कहा, ''जज्बा, टेस्ट और संस्कृति।''

## महिला टी20 विश्व कप 2026

# भारत और पाकिस्तान में 14 जून को होगा महामुकाबला



### दो ग्रुप में बंटी टीमें

टूर्नामेंट की 12 टीम को छह-छह के दो ग्रुप में रखा गया है। ग्रुप एक में छह बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया, पिछले चरण की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। वहीं ग्रुप दो में गत विजेता न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, मेजबान इंग्लैंड और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

### 28 को ऑस्ट्रेलिया से जंग

पाकिस्तान के खिलाफ अपने शुरुआती मुकाबले के बाद भारतीय टीम 17 जून को क्वालीफाइंग टीम के खिलाफ अपने मुकाबले के लिए हेडिंग्ले जाएगी और उसके बाद टीम का सामना 21 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में दक्षिण अफ्रीका से होगा। भारत 25 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में ग्रुप एक की दूसरी क्वालीफाइंग टीम का सामना करेगा जबकि उसका सबसे मुश्किल मुकाबला 28 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा।

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मैच में 14 जून को एजबेस्टन में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और मेजबान इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को टूर्नामेंट का पूरा कार्यक्रम घोषित किया जिसमें 12 टीमें भाग लेंगी। अगले साल होने वाला यह टूर्नामेंट 24 दिन तक चलेगा जिसकी शुरुआत 12 जून से होगी और समापन पांच जुलाई को होगा। टूर्नामेंट के 33 मुकाबले इंग्लैंड के सात स्थानों पर खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का पहला मैच 12 जून को एजबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच होगा जबकि भारत और पाकिस्तान अपने अभियान की शुरुआत एजबेस्टन में ही करेंगे। एजबेस्टन के अलावा मैच हैम्पशायर बाउल, हेडिंग्ले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी मैदान और लॉर्ड्स पर खेले जाएंगे। दो सेमीफाइनल 30 जून और दो जुलाई को ओवल में होंगे जबकि फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में होगा।

## विंबलडन

# दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा को वाइल्ड कार्ड



एजेंसी ▶▶| लंदन

दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा विंबलडन में वापसी कर रही हैं और उन्हें इस साल के टेनिस टूर्नामेंट के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। क्वितोवा 2011 और 2014 की विंबलडन चैंपियन हैं। वह पिछली बार 2023 में इस ग्रास कोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खेलीं थी।

पिछले साल विंबलडन टूर्नामेंट के दौरान वह पहली बार मां बनी। कोर्ट से 17 महीने दूर रहने के बाद क्वितोवा ने फरवरी में टेक्सास के ऑस्टिन में डब्ल्यूटीए टूर में वापसी की और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 572वें स्थान पर हैं। चेक गणराज्य की क्वितोवा बुधवार को मुख्य ड्रॉ में एकल वाइल्ड कार्ड पाने वाली एकमात्र गैर ब्रिटिश खिलाड़ी रहीं। महिला ड्रॉ के लिए वाइल्ड कार्ड पाने वाली अन्य सात खिलाड़ियों में हीथर वॉटसन, हैरियट डार्ट और जोडी बुरेज शामिल हैं। पुरुष वर्ग में डैन इवान्स सहित सात ब्रिटिश खिलाड़ियों को वाइल्ड कार्ड दिया गया हे। पुरुष वर्ग में एक वाइल्ड कार्ड की घोषणा बाद में की जाएगी।

### राडुकानू का पीछा करने वाले को टिकट खरीदने से रोका

**लंदन।** टेनिस खिलाड़ी एमा राडुकानू का पीछा करने के आरोपी ने विंबलडन के टिकट हासिल करने की कोशिश की लेकिन ऑल इंग्लैंड क्लब की सुरक्षा प्रणाली ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। ब्रिटिश मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बीबीसी और अन्य ने बताया कि उस व्यक्ति ने 30 जून से शुरू होने वाले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए सार्वजनिक मतपत्र के माध्यम से टिकट के लिए आवेदन करने की कोशिश की लेकिन उसके नाम को हटा दिया गया। फरवरी में दुबई चैंपियनशिप में उस व्यक्ति ने 22 वर्षीय राडुकानू के प्रति 'अड़ियल व्यवहार' दिखाया था जो एक मैच के दौरान भीड़ में उसे देखकर परेशान हो गई थीं। इससे एक दिन पहले उस व्यक्ति ने राडुकानू के लिए एक पत्र छोड़ा था और उसकी तस्वीर ली थी जिससे 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन परेशान हो गई थी।

### विश्व पैरा चैंपियनशिप की ब्रांड दूत बनीं कंगना



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सह राजनीतिज्ञ कंगना रनौत को बुधवार को सितंबर-अक्टूबर में यहां होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया। 'फैशन' और 'क्वीन' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा बटोरने वाली 39 वर्षीय कंगना वर्तमान लोकसभा में हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं। कंगना ने कहा, 'भारत के पैरा एथलीट हर दिन क्या संभव है, इसे फिर से लिख रहे हैं। मैं उनका समर्थन करने और उनकी अविश्वसनीय उपलब्धियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने के लिए बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं।'

# उच्च न्यायालय ने बीसीसीआई की याचिका खारिज की

**मुंबई।** बम्बई उच्च न्यायालय ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उसने अब बंद हो चुकी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी कोच्चि टस्कर्स केरल के पक्ष में 538 करोड़ रुपये से अधिक के मध्यस्थ के फैसले को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति आर चागला ने मंगलवार को पारित आदेश में कहा कि मध्यस्थ के फैसले में कोई 'स्पष्ट अवैधता' नहीं है जिसके लिए अदालत के हस्तक्षेप की आवश्यकता हो। कोच्चि टस्कर्स केरल फ्रेंचाइजी को रोंदिवू स्पोर्ट्स वर्ल्ड (आरएसडब्ल्यू) के नेतृत्व वाले समूह को दिया गया था और बाद में इसे कोच्चि क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड (केसीपीएल) द्वारा संचालित किया गया था। टीम ने 2011 में आईपीएल में भाग लिया लेकिन अगले साल बीसीसीआई ने उनका अनुबंध समाप्त कर दिया था। यह विवाद बीसीसीआई द्वारा इस आधार पर समझौते को समाप्त करने के इर्द-गिर्द है कि केसीपीएल और आरएसडब्ल्यू कथित रूप से अपेक्षित बैंक गारंटी प्रस्तुत करने में विफल रहे। केसीपीएल और आरएसडब्ल्यू ने 2012 में मध्यस्थता की कार्यवाही शुरू की और अनुबंध को इस तरह खत्म करने को गलत बताया। अन्य विवादास्पद मुद्दों में स्टेडियम की उपलब्धता और मैचों की संख्या में कमी से संबंधित मामले शामिल थे। मध्यस्थता पंचाट ने 2015 में उनके पक्ष में फैसला सुनाया। पंचाट ने बीसीसीआई को केसीपीएल को 384.8 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा देने के साथ 19 सितंबर 2011 से 18 प्रतिशत ब्याज और मध्यस्थता लागत के लिए 72 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। आरएसडब्ल्यू के लिए पंचाट ने बीसीसीआई को अनुबंध खत्म करने की तारीख से 18 प्रतिशत ब्याज के साथ 153.34 करोड़ रुपये की राशि वापस करने का आदेश दिया। बीसीसीआई ने इन आदेशों को उच्च न्यायालय में चुनौती दी।

## भारत-इंग्लैंड प्रतिद्वंद्विता में इस बार रहेगी निरसता

# 19 साल में पहली बार नहीं दिखेगा एंडरसन का जलवा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शुभमन गिल की अगुआई वाले अपेक्षाकृत अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को जेम्स एंडरसन का नाम इंग्लैंड की टीम में नहीं देखकर राहत मिली होगी क्योंकि पिछले दो दशक में यह तेज गेंदबाज निरंतर रूप से भारत-इंग्लैंड प्रतिद्वंद्विता का हिस्सा रहा है।

भारत के खिलाफ 2006 में एंडरसन की पहली श्रृंखला से लेकर 2024 में आखिरी श्रृंखला तक इस महान तेज गेंदबाज ने भारतीय बल्लेबाजों को हमेशा परेशान किया। वर्ष 2000 के दशक के अंत में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ उनका संघर्ष हो या पिछले दशक में विराट कोहली के साथ कहीं अधिक रोमांचक मुकाबला, ये सभी यादें लोगों के दिमाग में ताजा हैं। कोहली और एंडरसन दोनों अब टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड चोटिल हैं जिससे इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स लीड्स में गेंदबाजी की शुरुआत के लिए रिकॉर्ड 704 टेस्ट विकेट चटकाने वाले एंडरसन से गेंदबाजी कराने की कल्पना कर सकते हैं। अगर एंडरसन अपनी विदाई के 12 महीने बाद काउंटी क्रिकेट में वापसी करके संघर्षरत लंकाशर को उबार सकते हैं तो भरोसा करें कि वह इंग्लैंड के कमजोर आक्रमण के लिए भी ऐसा कर सकते हैं। ऐसा होने की संभावना नहीं है लेकिन अपने 21 साल के करियर में अपने प्रदर्शन के दम पर एंडरसन ने भारत-इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास में खुद को अमर कर लिया है। दोनों टीम के बीच टेस्ट श्रृंखला की ट्रॉफी को उनका और सचिन तेंदुलकर का नाम दिया गया है।



### तेंदुलकर को नौ बार किया आउट

एंडरसन ने तेंदुलकर को टेस्ट क्रिकेट में नौ बार आउट किया है। एंडरसन ना केवल उम्र को चुनौती देते हुए लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहे बल्कि उनके करियर की खासियत लगातार सटीक गेंदबाजी और गेंद को दोनों तरफ स्विंग करने की क्षमता पर बेहतरीन नियंत्रण रहा। एंडरसन 2014 की श्रृंखला में कोहली की ऑफ स्टंप के आसपास की कमजोरी का फायदा उठाने में सफल रहे जबकि चार साल बाद कोहली ने अपनी मानसिक कमजोरी पर काबू पाकर लंबे प्रारूप में दुनिया के सबसे सफल तेज गेंदबाज पर 'दबदबा' बनाया।




कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने दुनिया को दिया यह बड़ा संदेश

# भारत के पड़ोस में आतंकवाद का ब्रीडिंग ग्राउंड, इसका समर्थन करने पर चुकानी पड़ेगी कीमत, मानवता का आघात बताया

## ऊर्जा सुरक्षा को बताया भविष्य की पीढ़ियों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कनाडा के कनानसकीस में आयोजित किए गए जी-7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र को संबोधित करते हुए जहां ऊर्जा सुरक्षा को भावी पीढ़ियों के सामने आने वाले प्रमुख चुनौतियों में से एक बताया। वहीं, आतंकवाद के मुद्दे पर समूची दुनिया को एक बड़ा और सबकी आंखें खोलने वाला महत्वपूर्ण संदेश दिया। जिसमें उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा कि भारत के पड़ोस में आतंकवाद का ब्रीडिंग ग्राउंड है। यदि कोई भी देश आतंकवाद का समर्थन करता है। तो उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा, आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। इस पर दोहरे मापदंडों का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने का आह्वान किया। इस सत्र का विषय 'ऊर्जा सुरक्षाः बदलती दुनिया में पहुंच और सामर्थ्य सुनिश्चित करने के लिए विविधीकरण, प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचा' रखा गया था। सत्र में भाग लेने और उसके साथ ही दुनिया के कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ हुई द्विपक्षीय मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री क्रोएशिया पहुंचे। जो कि उनकी बीते 15 जून से शुरू हुई विदेश यात्रा का तीसरा और अंतिम पड़ाव है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी।

### आतंकी हमले की निंदा पर जताया आभार

मंत्रालय ने बताया, पीएम ने अपने संबोधन में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए पाकिस्तान समर्थित आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने हाल ही में एक क्रूर और कायरतापूर्ण आतंकी हमले का सामना किया है। यह हमला केवल पहलगाम पर ही नहीं था। बल्कि हर भारतीय की आत्मा, अस्मिता और गरिमा पर भी सीधा हमला था। पीएम ने इसे पूरी मानवता पर आघात बताया। साथ ही सम्मेलन में मौजूद दुनिया के तमाम शीर्ष नेताओं से कहा कि आप सभी मित्रों ने जिन कड़े शब्दों में पहलगाम हमले की निंदा की और अपनी संवेदनाएं प्रकट की। उसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं।

### आतंकवाद पर उठाए गंभीर सवाल

प्रधानमंत्री ने आतंकवाद को लेकर कुछ गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या हम आतंकवाद को लेकर गंभीर हैं भी या नहीं? क्या हमें आतंकवाद का मतलब सिर्फ तब समझ आएगा जब वो हमारे घर के दरवाजे पर दस्तक देगा? क्या आतंकवाद फैलाने वाले को और आतंकवाद से पीड़ित को एक ही तराजू में रख कर देखा जाएगा? क्या हमारे वैश्विक संस्थान एक मजाक बनकर रह जाएंगे? उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि हमने आज मानवता के विरूद्ध खड़े इस आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम नहीं उठाए। तो इतिहास हमें कभी माफ नहीं करेगा। निजी हितों के लिए आतंकवाद को मूक सहमति देना, आतंक या आतंकियों का साथ देना, पूरी मानवता के साथ विश्वासघात है।

### आतंकवाद के समर्थक सम्मान के हकदार नहीं

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले सभी देश आतंकवाद के विरोधी हैं। इसके खिलाफ लड़ाई में एकजुटता अनिवार्य है। भारत के पड़ोस में आतंकवाद का ब्रीडिंग ग्राउंड है। वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी सोच और नीति स्पष्ट होनी चाहिए। अगर कोई भी देश आतंकवाद का समर्थन करता है तो उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि दुर्भाग्यवश वास्तविकता इसके बिलकुल उलट है। एक ओर तो हम अपनी पसंद-नापसंद के तहत भांति- भांति की पाबंदियां लगाने में देर नहीं करते। दूसरी ओर जो देश खुलेआम आतंकवाद का समर्थन करते हैं। उन्हें पुरस्कृत करते हैं। पीएम ने स्पष्ट किया कि भारत ने सदैव अपने हितों से ऊपर उठकर मानवता के हित में काम किया है। हम आगे भी सभी विषयों पर जी-7 के साथ अपना संवाद और सहयोग जारी रखेंगे।

### *वैश्विक दक्षिण की ओर दिलाया दुनिया का ध्यान*

*उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा के विषय पर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि समावेशी विकास को लेकर भारत प्रतिबद्ध है। उपलब्धता, पहुंच सामर्थ्य और स्वीकार्यता ऐसे सिद्धांत हैं जो इस विषय को लेकर भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हैं। उन्होंने बताया कि भले ही भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हो। लेकिन हमने अपनी पेरिस प्रतिबद्धताओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है। दुनिया के विभिन्न भागों में जारी संघर्षों ने वैश्विक दक्षिण के देशों पर बहुत बुरा प्रभाव डाला है। भारत इनकी आवाज को वैश्विक मंच पर उठाना अपनी जिम्मेदारी समझता है। उन्होंने कहा कि अगर अंतरराष्ट्रीय समुदाय एक स्थायी भविष्य के बारे में गंभीर है। तो दुनिया के लिए वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं और चिंताओं को समझना जरूरी है। पीएम ने प्रौद्योगिकी, एआई और ऊर्जा के बीच संबंधों के विषय पर भी बात की। एआई के युग में महत्वपूर्ण खनिजों को सुरक्षित और लचीली आपूर्ति श्रृंखला का होना महत्वपूर्ण है। भारत में प्रचुर मात्रा में मौजूद गुणवत्तापूर्ण और विविध डेटा जिम्मेदार एआई के लिए अहम है। प्रौद्योगिकी वाली दुनिया में टिकाऊ भविष्य के लिए देशों के बीच नजदीक सहयोग की आवश्यकता है। इसकी प्राप्ति के लिए लोगों और ग्रह को प्रगति के केंद्र में रखा जाना चाहिए।*

संबंधों में स्थिरता बहाल करने के लिए दोनों देश संतुलित, रचनात्मक कदम उठाने पर हुए राजी

भारत और कनाडा की राजधानियों में जल्द होगी उच्चायुक्तों की नियुक्ति

# जी-7 से इतर हुई भारत और कनाडा के प्रधानमंत्रियों के बीच द्विपक्षीय बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से भारत और कनाडा के संबंधों में जमी हुई बर्फ भविष्य में पिघलती हुई नजर आएगी। इसका सबसे बड़ा कारण जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर बुधवार को कनानसकीस में भारत और कनाडा के राष्ट्राध्यक्षों के बीच हुई एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक है। जिसमें दोनों नेताओं ने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के सम्मान और संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता के आधार पर दोनों देशों के संबंधों के महत्व पर बल दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मार्क कार्नी संबंधों में स्थिरता बहाल करने के लिए संतुलित और रचनात्मक कदम उठाने पर सहमत हुए। जिसकी शुरुआत एक-दूसरे के देशों की राजधानियों में उच्चायुक्तों की शीघ्र वापसी से होगी।

**दोनों देशों के संबंधों के महत्व पर बल दिया**

यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में दी। कनाडा में इस साल की शुरुआत में हुए आम चुनावों में मिली जीत के बाद मार्क कार्नी के बतौर प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के बाद यह पहला ऐसा मौका था। जब भारत और कनाडा के प्रधानमंत्रियों के बीच बातचीत हुई। बैठक ने दोनों पक्षों को भारत-कनाडा संबंधों की वर्तमान स्थिति, भविष्य के बारे में खुले और स्पष्ट विचारों के साथ चर्चा करने का अवसर प्रदान किया।



### चिंताओं के लिए आपसी सम्मान जरूरी

मंत्रालय ने बताया कि दोनों शीर्ष नेताओं ने बैठक में चिंताओं और संवेदनशीलताओं के लिए आपसी सम्मान, लोगों के बीच मजबूत संबंधों और बढ़ती आर्थिक पूरकताओं पर आधारित रचनात्मक और संतुलित साझेदारी को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। विश्वास बहाली और संबंधों में गति लाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में वरिष्ठ मंत्रिस्तरीय, कार्यस्तरीय संबंधों को पुनः शुरू करने के महत्व पर भी बल दिया गया।

### संपर्क में रहेंगे और जल्द मिलेंगे मोदी-कार्नी

प्रधानमंत्री मोदी और मार्क कार्नी ने भारत और कनाडा के लोगों के बीच मजबूत संबंधों का उल्लेख करते हुए परस्पर लाभ के लिए इस जीवंत सेतु का फायदा उठाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों ने एक-दूसरे के संपर्क में रहने पर भी सहमति प्रदान की और जल्द से जल्द फिर से मिलने की उम्मीद जताई। दोनों नेताओं ने यह भी स्वीकार किया कि जी-7 शिखर सम्मेलन में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। भारत, कनाडा जलवायु कार्रवाई, समावेशी-सतत विकास जैसी वैश्विक प्राथमिकताओं पर रचनात्मक रूप से मिलकर काम करने के इच्छुक हैं।

### इन विषयों पर भी हुई चर्चा

दोनों के बीच स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, एलएनजी, खाद्य सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, उच्च शिक्षा, गतिशीलता और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला जैसे तमाम क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया गया। एक स्वतंत्र और खुले हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने में दोनों नेताओं ने अपनी साझा रुचि जाहिर की। व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से प्रारंभिक प्रगति व्यापार समझौते (ईपीटीए) पर रुकी हुई बातचीत को फिर से शुरू करने पर चर्चा की। इस संबंध में आगे बढ़ने के लिए अपने-अपने अधिकारियों को कार्य सौंपने पर पीएम मोदी और पीएम कार्नी ने अपनी सहमति व्यक्त की।

विशेष विमान से गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचेंगे 110 भारतीय छात्र

# ईरान से 'ऑपरेशन सिंधु' से होगी भारतीयों की सुरक्षित स्वदेश वापसी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इजरायल के साथ युद्ध के बीच ईरान में फंसे हुए भारतीय नागरिकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी के लिए बुधवार को विदेश मंत्रालय ने ऑपरेशन सिंधु की शुरुआत कर दी है। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि बीते कुछ दिनों में ईरान और इजरायल के बीच जारी युद्ध की वजह से तेजी से बिगड़ते हालात के बीच सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। जिसमें सबसे पहले तेहरान में भारतीय दूतावास ने उत्तरी ईरान से सड़क मार्ग से 110 भारतीय छात्रों को बीते मंगलवार को आर्मेनिया पहुंचाया था। जो कि ईरान और आर्मेनिया में हमारे मिशन की निगरानी में आर्मेनिया की राजधानी येरेवन पहुंचे। जिसके बाद बुधवार देर रात करीब 2 बजकर 55 मिनट पर एक विशेष विमान से यह भारतीय छात्र नई दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे।

इनके गुरुवार तड़के भारत पहुंचने की संभावना है। भारत सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षित वतन वापसी में मदद पहुंचाने के लिए ईरान और आर्मेनिया की आभारी है। मंत्रालय ने कहा कि भारत विदेश में अपने नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। चुनौतीपूर्ण हालात के बीच ईरान में विभिन्न जगहों पर मौजूद भारतीय नागरिकों के साथ हमारा दूतावास लगातार संपर्क में बना हुआ है। उन्हें हर जरूरी मदद प्रदान की जा रही है। सभी से तेहरान से बाहर सुरक्षित स्थानों पर जाने का अनुरोध भी किया गया है।

विदेश मंत्रालय ने राजधानी में हालात पर कड़ी निगरानी रखने के लिए एक 24 घंटे निगरानी रखने वाला एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया है। ईरान और इजरायल में भारतीय दूतावासों से यह कंट्रोल रूम सीधे जुड़ा हुआ है। साथ ही दोनों देशों में भारतीयों को मदद पहुंचाने के लिए 24 घंटे वाले हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं।

कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और ज्ञान साझा करने पर चर्चा की गई

# भारत-यूक्रेन के बीच कृषि पर संयुक्त कार्य समूह की पहली बैठक का आयोजन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूक्रेन के बीच कृषि पर संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की पहली बैठक वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई। बैठक की सह-अध्यक्षता कृषि और किसान कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव (आईसी) अजीत कुमार साहू तथा यूक्रेन की कृषि नीति एवं खाद्य उप मंत्री ओक्साना ओस्माचको ने की। यह बैठक कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को विस्तार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

साहू ने भारत की उल्लेखनीय कृषि उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कृषि और उससे संबद्ध क्षेत्रों का अवलोकन प्रस्तुत किया। उन्होंने कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई कई नवीन गतिविधियों व कार्यक्रमों का उल्लेख किया, जिनमें डिजिटल समाधानों का इस्तेमाल, जलवायु-अनुकूल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, जोखिम शमन और सरकार की ऋण पहल शामिल हैं। साहू के द्वारा उल्लिखित अन्य प्रमुख कार्यक्रमों में राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (तिलहन), राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (दलहन) और ई-नाम शामिल हैं, जिनका उद्देश्य कृषि क्षेत्र व ग्रामीण विकास में वृद्धि को बढ़ावा देना है। ओक्साना ओस्माचको ने भारत के साथ अपनी मूल्यवान साझेदारी को विस्तार देने के लिए यूक्रेन की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण, कृषि मशीनीकरण, डिजिटल कृषि, जीनोम संपादन, पादप प्रजनन प्रौद्योगिकी, मृदा उर्वरता और मृदा मानचित्रण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने में यूक्रेन की गहरी रुचि व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दोनों देश अपने समृद्ध कृषि अनुभव के साथ उत्पादकता बढ़ाने, मशीनीकरण को बढ़ावा देने और किसानों के कल्याण में सुधार करने में एक-दूसरे के पूरक बन सकते हैं। दोनों देशों ने बागवानी में सहयोग, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, ज्ञान साझाकरण, क्षमता निर्माण, अनुसंधान सहयोग और बाजार पहुंच सहित अन्य प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, मत्स्य पालन विभाग, पशुपालन और डेयरी विभाग, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) तथा विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109